
You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-74 ❒ मंगलवार, 14 अप्रैल 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



बैसाखी, बोहाग बिहू, मेषादी पुथांडु (तमिल नव वर्ष), विषु (केरल नव वर्ष), पना संक्रांति (ओड़िया नव वर्ष) और चेराओबा के शुभ अवसरों पर हार्दिक शुभकामनाएं। ये जीवंत त्योहार 'एक भारत - श्रेष्ठ भारत' की भावना को दर्शाते हैं। **ओम बिरला**

अब भारत में हो सकेगी अमेरिकी इंजन की मरम्मत 11

पंजाब विधानसभा में पास हुआ बेअदबी पर देश का सबसे सख्त कानून 12

## संक्षेप

### युवा कांग्रेस ने डीडी न्यूज कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

**नयी दिल्ली।** भारतीय युवा कांग्रेस ने सोमवार को डीडी न्यूज के एंकर अशोक श्रीवास्तव के खिलाफ में विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा के नेतृत्व में कार्यकर्ता मंडी हाउस चौराहे से डीडी न्यूज के कार्यालय के बाहर पहुंचे और वहां प्रदर्शन किया। इस अवसर पर श्री लाकड़ा ने कहा कि अगर अशोक श्रीवास्तव को संघ और भाजपा की विचारधारा का नाम लेकर इस तरह की भाषा का ही इस्तेमाल करना है तो वो अपने आप को पत्रकार कहना बंद कर दे। उनके जैसे लोग जब जनता के टैक्स से चल रहे डीडी न्यूज पर बैठकर संवैधानिक पदों की गरिमा को गिराने वाली भाषा का इस्तेमाल करते हैं, तो यह साफ हो जाता है कि ये लोग सरकार के आगे बिल्कुल नतमस्तक हो चुके है। उन्होंने आरोप लगाया कि नेता विपक्ष राहुल गांधी के लिए ज़हर उगलना, सत्ता के आगे नतमस्तक होना और पत्रकारिता की मर्यादा को कुचलना दर्शाता है कि संविधान का चौथा स्तंभ किसके लिए काम कर रहा है।

### लालू प्रसाद को निचली अदालत के सामने पेश होने से छूट

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद को 'जमीन के बदले नौकरी' मामले की कार्यवाही के दौरान निचली अदालत में पेश होने से छूट दे दी है। न्यायालय श्री प्रसाद की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के मामले को चुनौती दी गई है। इसमें सक्षम प्राधिकारी से अनिवार्य पूर्व मंजूरी के बिना कथित तौर पर नई पूछताछ और जांच शुरू करने के कदम को भी चुनौती दी गई है। इससे पहले 24 मार्च को, दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस मामले में सीबीआई की प्राथमिकी को रद्द करने से इनकार कर दिया था। अदालत ने श्री यादव के उस तर्क को खारिज कर दिया था जिसमें कहा गया था कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत पूर्व मंजूरी के अभाव में यह कार्यवाही कानूनी रूप से उचित नहीं है।

### उप्र में कई जिलों में पारा 40 डिग्री के करीब

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शुष्क मौसम और तेज हवाओं के चलते गर्मी ने रफ्तार पकड़ ली है। रविवार को कई जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि प्रदेश में शुष्क मौसम के साथ 25 से 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सतही हवाएं चल सकती हैं, जिससे गर्मी का असर और तेज महसूस होगा। प्रयागराज प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां तापमान 39.8लए दर्ज किया गया, जबकि वाराणसी स्थित बीएचयू में पारा 39.3लए तक पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले चार दिनों में अधिकतम तापमान में औसतन 7 से 9 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे तापमान सामान्य के करीब पहुंच गया है।

# श्रमिकों के लिए उचित मानदेय सुनिश्चित करेंगे : सीएम योगी

## नोएडा में श्रमिकों की समस्या के समाधान के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित

❒ सरकार श्रमिकों के साथ, उद्यमियों को सुरक्षा भी देगी

❒ नोएडा में उपद्रव करने वालों पर सख्त कार्यवाही होगी: राजीव कृष्ण

❒ उपद्रवियों की पहचान का काम किया जा रहा है. राजीव कृष्ण

❒ औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार के नेतृत्व में नोएडा पहुंची समिति

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उनकी सरकार श्रमिकों के साथ है और उद्यमियों को पूरी सुरक्षा देगी। साथ ही सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि श्रमिकों को उचित मानदेय दिया जाए। मुख्यमंत्री ने ये बातें सोमवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कहीं।

वहीं उन्होंने नोएडा में श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए एक उच्चस्तरीय कमेटी गठित कर दी है। कमेटी जल्द से जल्द जांच कर रिपोर्ट देगी। वहीं डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा है कि उपद्रव करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आउटसोर्सिंग कारपोरेशन न्यूनतम मानदेय की गारंटी देगामुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उनकी सरकार श्रमिकों के साथ है। ● शेष पेज 11 पर

### मजदूरों का प्रदर्शन हिंसक: गाड़ियां जलाईं, तोड़फोड़ और पथराव किया



**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के औद्योगिक शहर नोएडा में पिछले कई दिनों से चल रहा फैक्ट्री कर्मचारियों का प्रदर्शन अब हिंसक रूप ले चुका है। वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे हजारों प्राइवेट कर्मचारी सोमवार को उग्र हो गए और कई जगहों पर तोड़फोड़, आगजनी और पथराव की घटनाएं सामने आई हैं। प्रदर्शन की शुरुआत गुरुग्राम से हुई थी, जो धीरे-धीरे नोएडा की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों तक फैल गई। आज हालात तब बिगड़ गए जब कुछ प्रदर्शनकारी समूहों ने फैक्ट्रियों के बाहर खड़ी गाड़ियों को ● शेष पेज 11 पर

# विधायिका में महिलाओं को आरक्षण 21वीं सदी का सबसे बड़ा निर्णय : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में एक तिहाई आरक्षण देने से संबंधित नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू करने के लिए लाये जाने वाले संशोधन विधेयक को 21 वीं सदी का सबसे बड़ा निर्णय करार देते हुए कहा कि यह पूरी तरह से नारी शक्ति को समर्पित है। प्रधानमंत्री ने इसे ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि देश की संसद एक नया इतिहास रचने के निकट है जो अतीत की परिकल्पना और भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा।

श्री मोदी ने गुरुवार को संसद में लाये जाने वाले इस संशोधन विधेयक से पहले सोमवार को यहां विज्ञान भवन में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा, ''भारत 21वीं सदी के सबसे बड़े निर्णयों में से एक लेने जा रहा है, एक ऐसा निर्णय जो नारी शक्ति को समर्पित है। उन्होंने इस क्षण को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि देश की संसद एक नया इतिहास




रचने के निकट है जो अतीत की परिकल्पना और भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा। सामाजिक न्याय के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि देश एक समतावादी भारत की कल्पना करता है जहां सामाजिक न्याय केवल एक नारा नहीं बल्कि कार्य संस्कृति का अभिन्न अंग है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''राज्य विधानसभाओं से लेकर देश की संसद तक, दशकों की प्रतीक्षा अब समाप्त होने वाली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2023 में नए संसद भवन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को सर्वसम्मति से पारित किया गया था और सभी दलों ने इस बात पर सहमति जताई थी कि इसे हर हाल में 2029 तक क्रियानवित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को समय पर लागू किया जाना चाहिए ताकि महिलाओं की भागीदारी से लोकतंत्र सुदृढ़ हो। इसके लिए संसद के बजट सत्र का विशेष सत्र 16 अप्रैल से आरंभ होगा। उन्होंने कहा, ''हमारा प्रयास और प्राथमिकता यह है कि यह कार्य संवाद, सहयोग और भागीदारी के माध्यम से पूरा किया जाए, जिससे संसद की गरिमा बढ़ेगी। इस मुद्दे पर महिलाओं के बीच व्याप्त राष्ट्रव्यापी उत्साह की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश भर की महिलाएं विधानसभाओं और लोकसभा तक पहुंचने की अपनी आकांक्षाओं को व्यक्त कर रही हैं। उनके सपनों को नई उड़ान मिली है और देश में सकारात्मक माहौल का निर्माण हुआ है। प्रधानमंत्री ने सभी महिलाओं ● शेष पेज 11 पर

# भारत सरकार ने हर स्तर पर सहयोग किया

❒ ईरानी राजदूत ने भारतीयों का जताया आभार

एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव ने पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। दूसरी ओर पाकिस्तान में हुई शांति वार्ता के असफल रहने के बाद हालात और गंभीर हो गए हैं। इसी बीच भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथाली ने एक साथ सभी पहलुओं पर अपनी प्रतिक्रिया दी। इसके साथ ही ईरान का रुख भी साफ किया। फथाली ने सबसे पहले पहले भारत और यहां की जनता का आभार जताया। साथ ही कहा कि संकट के समय भारतीय लोगों ने सच्चे और भरोसेमंद साथी होने का परिचय दिया। इस दौरान फथाली ने भारत सरकार का भी धन्यवाद कहा। उन्होंने कहा कि इस संकट के समय में भारत सरकार ने जरूरी सभी व्यवस्थाएं करने में मदद की। उन्होंने कहा कि भारत ने हर स्तर पर ● शेष पेज 11 पर

# खुदरा महंगाई मार्च में बढ़कर 3.40 प्रतिशत पर

नयी दिल्ली। गहनों-जेवरात के साथ कुछ खाद्य पदार्थों, परिवहन और शिक्षा क्षेत्र में महंगाई बढ़ने से इस साल मार्च में उपभोक्ता मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर बढ़कर 3.40 प्रतिशत पर पहुंच गयी।

इस साल फरवरी में खुदरा महंगाई 3.21 प्रतिशत और जनवरी में 2.74 प्रतिशत दर्ज की गयी थी। ये आंकड़े साल 2024 को आधार वर्ष मानकर पिछले महीने जारी नयी सीरीज पर आधारित हैं। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों में कहा गया है कि मार्च में खाद्य महंगाई दर भी फरवरी के 3.47 प्रतिशत से बढ़कर 3.87 प्रतिशत हो गयी। खास बात यह रही कि लगातार दूसरे महीने शहरों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई दर अधिक रही है। मार्च में ग्रामीण क्षेत्रों में मुद्रास्फीति 3.63 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 3.11 प्रतिशत दर्ज की गयी। फरवरी में ये आंकड़े क्रमशः 3.37 फीसदी और 3.02 फीसदी रहे थे। मार्च में जिन पांच वस्तुओं के दाम सालाना आधार पर सबसे अधिक बढ़े उनमें चांदी के गहने (149 प्रतिशत), सोने. चांदी और प्लेटिनम के गहने (46 प्रतिशत), नारियल ● शेष पेज 11 पर




## नए चेहरों की एंट्री और संगठन में बदलाव की तैयारी

# यूपी कैबिनेट विस्तार की सुगबुगाहट तेज

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2027 से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने संगठन और सरकार-दोनों स्तर पर बड़ा रणनीतिक बदलाव करने की तैयारी शुरू कर दी है। जल्द होने वाले संभावित कैबिनेट विस्तार को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, इस विस्तार में नए चेहरों को मौका देने के साथ कुछ मौजूदा मंत्रियों को संगठन में भेजा जा सकता है।

सूत्रों के मुताबिक़ संभावित विस्तार में जिन नेताओं के नाम प्रमुखता से सामने आ रहे हैं, उनमें भूपेंद्र सिंह चौधरी, मनोज पांडेय, पूजा पाल, अजीतपाल त्यागी और आकाश सक्सेना शामिल हैं। इसके अलावा अशोक कटारिया और अश्वनी त्यागी का नाम भी दावेदारों की सूची में मजबूत माना जा रहा है। पार्टी इन नामों के जरिए जातीय और क्षेत्रीय संतुलन साधने के साथ-साथ नए सामाजिक समीकरण बनाने की कोशिश में है। कैबिनेट विस्तार के साथ ही कुछ मौजूदा मंत्रियों को संगठन में जिम्मेदारी देने की भी चर्चा है। इनमें नरेंद्र कश्यप, दिनेश खटिक और सोमेंद्र तोमर के नाम प्रमुख हैं। पार्टी का मानना है कि इन नेताओं का संगठन में अनुभव चुनावी तैयारी को और मजबूत कर सकता है। सूत्रों के अनुसार भाजपा इस बार उत्तराखंड में अपनाए गए फॉर्मूले को उत्तर प्रदेश में भी लागू कर सकती है। इसके तहत बिना किसी मंत्री को हटाए भी नए चेहरों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। इससे असंतोष को कम रखते हुए संतुलन साधने की रणनीति अपनाई जा सकती है। भाजपा सूत्रों की मानें तो आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी ने पांच प्रमुख बिंदुओं पर फोकस तय किया है जिसमे जातीय और क्षेत्रीय समीकरण साधना, सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय, डॉ. भीमराव आंबेडकर के जरिए दलित वोट बैंक पर फोकस, ● शेष पेज 11 पर

# जमीन विवाद बना खूनी रण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ पिस्टल-रॉड से लैस होकर भिड़े दो पक्ष–गांव में दहशत

❒ इटौंजा के जमखनवा में दिनदहाड़े हिंसा, कई गंभीर घायल,पुलिस पर देर से सक्रिय होने के आरोप



बख्शी का तालाब,लखनऊ। इटौंजा थाना क्षेत्र स्थित जमखनवा गांव में जमीन को लेकर चल रहा पुराना विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। दबंगई और हथियारों के खुले प्रदर्शन के बीच दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जानलेवा हमला बोल दिया। लाठी-डंडों के साथ लोहे की रॉड, धारदार हथियार और पिस्टल तक का इस्तेमाल होने से पूरा गांव दहशत में आ गया।

ग्रामीणों के अनुसार गांव निवासी बालक और योगेश मिश्रा के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर तनातनी चल रही थी। जानकारी के मुताबिक,विवाद उस वक्त भड़क उठा जब बालक पक्ष ने कथित तौर पर योगेश मिश्रा के खेत में लगे पिलर और तारबंदी उखाड़ दी। विरोध करने पर मामला अचानक हिंसक हो गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए।आरोप है,कि इसके बाद योगेश मिश्रा पक्ष के करीब 15-20 लोग हथियारों से लैस होकर विरोधी पक्ष के घर पर चढ़ दौड़े। जवाब में दूसरे पक्ष ने भी जमकर पलटवार किया। देखते ही देखते गांव का माहौल गैंगवार जैसा बन गया और दोनों ओर से अंधाधुंध मारपीट शुरू हो गई।इस दौरान कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बालक नामक युवक की आंख पर गंभीर चोट आई है, जबकि अन्य लोगों के हाथ-पैर तक तोड़ दिए गए। हैरत की बात यह रही कि इस बर्बर हिंसा में महिलाओं को भी नहीं बख्शा गया और उनके साथ भी मारपीट की गई।

घटना का सबसे सनसनीखेज पहलू यह रहा कि आरोपियों ने बालक की कनपटी पर पिस्टल सटाकर खुलेआम जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के बाद पूरे गांव में भय और तनाव का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

घटना के बाद दोनों पक्षों ने इटौंजा थाने में एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। हालांकि, स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस की सक्रियता देर से दिखी, जिससे विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## छात्राओं को सड़क सुरक्षा का पाठ, जागरूकता सत्र में 178 विद्यार्थियों ने लिया भाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ।शहर में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ममता सारस्वती बालिका विद्या मन्दिर, लखनऊ में सोमवार को एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस उपायुक्त (यातायात) महोदया के निर्देशन में आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में ट्रैफिक वार्डन अंशु दीक्षित तथा हीरो मोटोकॉर्प ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क से जुड़े सुमित मिश्रा ने छात्राओं को संबोधित किया। वक्ताओं ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि लापरवाही के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को सतर्कता और नियमों के पालन से काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने पूर्व में हुई सड़क दुर्घटनाओं के उदाहरण साझा कर छात्राओं को जागरूक किया और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया।

सत्र के दौरान छात्राओं को कई महत्वपूर्ण यातायात नियमों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। इसमें शराब पीकर वाहन न चलाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही घने कोहरे के दौरान वाहन चलाने से बचने और सावधानी बरतने की सलाह भी दी गई।

## विधायक डॉ नीरज बोरा ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर विधानसभा के भारतीय जनता पार्टी के विधायक डॉ नीरज बोरा द्वारा भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती की पूर्व संध्या के अवसर पर खदरी गांव फैजुल्लागंज प्रथम में स्वच्छता एवं सफाई अभियान चलाया गया तथा बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर सदस्य महानगर कार्य समिति श्रीमान सतीश वर्मा, मंडल अध्यक्ष श्रीमान शैलेंद्र मौर्य, मंडल महामंत्री श्रीमान विनोद अवस्थी, नम्रता सिंह श्रीनाथ पार्षद प्रतिनिधि सत्यदेव सिंह, जयकरण गौतम, प्रेम गौतम, विजय लोधी, प्यारेलाल, सुरेश कुमार, राकेश मिश्रा, आदित्य गौड, प्रांजल सिंह प्रखर, वरिष्ठ पत्रकार नैमिष पाण्डेय सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय लखनऊ इंटरनेशनल फिल्म फ़ेस्टिवल का आयोजन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ में इंटरनेशनल फिल्म फ़ेस्टिवल का आयोजन होने जा रहा है। यह दो दिवसीय महोत्सव 15 और 16 अप्रैल को सहारागंज मॉल स्थित आईनॉक्स पीवीआर सिनेमा में आयोजित किया जाएगा। फ़ेस्टिवल के संस्थापक और आयोजक, प्रसिद्ध लेखक, निर्माता एवं निर्देशक अयूब खान ने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य उत्तर प्रदेश की प्रतिभाओं और सिनेमाई विरासत को एक वैश्विक मंच प्रदान करना है। बताया कि पहले दिन 15 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे से रात 10:00 बजे तक ज्यूरी द्वारा चयनित देश–विदेश की बेहतरीन फिल्मों की स्क्रीनिंग की जाएगी। जबकि 16 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक फिल्म स्क्रीनिंग जारी रहेगी। इसके पश्चात, शाम 7:00 बजे से रात 10:00 बजे तक एक भव्य अवार्ड शो का आयोजन होगा, जिसमें सिनेमा जगत की चुनिंदा हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

## ग्राम प्रधान पर युवती ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप, मुकदमा दर्ज

**बख्शी का तालाब, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महिगवां थाना क्षेत्र में ग्राम प्रधान पर एक युवती से छेड़छाड़ और अभद्रता का गंभीर आरोप लगा है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम प्रधान समेत छह नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने शिकायत में बताया कि 3 अप्रैल 2026 की दोपहर वह गांव के पास चौराहे से अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान गांव का ग्राम प्रधान बाइक से वहां पहुंचा और उसे घर छोड़ने के बहाने जबरन अपने साथ बैठा लिया। रास्ते में आरोपी प्रधान ने उससे मोबाइल नंबर मांगते हुए छेड़छाड़ की और अभद्र हरकतें की पीड़िता के विरोध और शोर मचाने पर आरोपी उसे रास्ते में ही उतारकर फरार हो गया। घर पहुंचकर जब पीड़िता ने परिजनों को घटना की जानकारी दी, तो परिजन आरोपी से शिकायत करने उसके घर पहुंचे। आरोप है कि वहां मौजूद अन्य आरोपियों ने गाली–गलौज करते हुए पीड़िता के परिजनों के साथ मारपीट कर दी।इस मामले में पुलिस ने ग्राम प्रधान समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## नाबालिग बेटी घर से लापता युवक पर बहला–फुसलाकर भगा ले जाने का लगा आरोप

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना मोहनलालगंज क्षेत्र के एक गांव से एक 15 वर्षीय किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। किशोरी की माँ ने गांव में आने–जाने वाले एक रिश्तेदार पर अपनी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकार भाग ले जाने का का आरोप लगाया है। पीड़िता की मां ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उनकी नाबालिग पुत्री 4 अप्रैल की शाम से घर से अचानक लापता हो गई है । और यह भी आरोप लगाया कि बंथरा निवासी दिनेश उसे बहला–फुसलाकर कहीं ले गया है।ज़ब मैने आरोपी दिनेश को फोन कर अपनी बेटी के बारे में पूछा, तो आरोपी ने मदद करने के बजाय उसे भद्दी गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी।पुलिस ने माँ की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस किशोरी की बरामदगी के लिए टीम गठित कर खोज बीन शुरू कर दी है।

## अंबेडकर जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण संपन्न



**ठाकुरगंज, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर ठाकुरगंज कोतवाली क्षेत्र में एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा भूहर फरीदीपुर से प्रारंभ होकर बगरिया दुबग्गा, सीतापुर बाईपास और कानपुर बाईपास मार्ग से होते हुए पुनः प्रारंभिक स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोग इसमें शामिल हुए और बाबा साहेब के विचारों को याद करते हुए नारे लगाए गए। मार्ग में कई स्थानों पर स्वागत की भी व्यवस्था की गई। कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। थाना ठाकुरगंज प्रभारी ओमवीर सिंह चौहान की निगरानी में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। वहीं भूहर चौकी प्रभारी मुदित राय के नेतृत्व में पुलिस बल लगातार गश्त करता रहा, जिससे पूरे आयोजन के दौरान शांति व्यवस्था बनी रही। शोभायात्रा में समाजवादी पार्टी के पश्चिमी विधायक अरमान खान, सुभाष चंद्र गौतम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में महेंद्र गौतम, महामंत्री धर्मेंद्र, पंकज, राजेश गौतम और राकेश रावत की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित आयोजन ने क्षेत्र में सामाजिक एकता और अनुशासन की मिसाल पेश की।

## बीच–बचाव बना जानलेवा: पति–पत्नी के झगड़े में कूदी महिला पर ईंट–पत्थरों से हमला, सिर फूटा

**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहां थाना क्षेत्र के कांटा करौंदी गांव में इंसानियत दिखाना एक महिला को भारी पड़ गया। पति–पत्नी के विवाद में बीच–बचाव करने पहुंची पड़ोसी महिला पर आरोपियों ने ईंट–पत्थरों से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी यमुनादेई पत्नी स्वर्गीय मोतीलाल ने बताया कि सोमवार को उनके पड़ोसी दिनेश अपनी पत्नी सलोनी के साथ मारपीट कर रहा था। महिला की चीख–पुकार सुनकर जब यमुनादेई उसे बचाने पहुंचीं, तो आरोपी दिनेश ने अपने भाई बबलू के साथ मिलकर उन पर हमला बोल दिया। आरोप है कि दोनों भाइयों ने यमुनादेई पर ईंट–पत्थरों से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे उनका सिर फट गया और वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ीं। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए, घायल अवस्था में परिजन उन्हें लेकर निगोहां थाने पहुंचे, जहां से पुलिस ने तत्काल उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है और जल्द ही उन्हें पकड़कर कड़ी विधिक कार्रवाई की जाएगी। मामले की गंभीरता से जांच जारी है।

## आग लगने से किसानों की फसल जलकर स्वाहा

**बख्शी का तालाब,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महिंगवा थाना के अंतर्गत सोमवार की दोपहर में नरोसा गांव में किसानों की गेहूं की खड़ी फसल में बिजली के तार से निकली चिंगारी से आग लग गई। देखते ही देखते कई किसानों की फसल जलकर स्वाहा हो गई ।दमकल व ग्रामीणों के मदद से आग बुझाई गई।नरोसा गांव के किसान श्यामलाल, सियाराम व अन्य किसानों ने बताया करीब 15 बीघा फसल जल गई ।दोपहर में आपस में तार टकराने से चिंगारी निकली जिससे विकराल आग लग गई ।देखते ही देखते आग खेतों में फैल गई।अभी कुछ दिन पहले सरसंवा गांव में भी 12 बीघा किसानों की गेहूं की फसल जल गई थी। इस क्षेत्र के किसानों ने बताया फायर स्टेशन बीकेटी काफी दूरी पर है जब तक दमकल की गाड़ियां पहुंचती हैं तब तक काफी नुकसान हो जाता है।

## भीम यात्रा आज

लखनऊ। अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल को सुबह सुल्तानपुर रोड पर स्थित एचसीएल से विशाल भीम यात्रा निकाली जाएगी। इस आयोजन में बड़ी संख्या लोगों के शामिल होने के बात कही जा रही है। भीम यात्रा के मामले में कोर कमेटी के सदस्यों से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले को लेकर पहले ही क्षेत्रीय गांवो में बैठके की गई और यात्रा की भूमिका तय की गई । भीम यात्रा कोर कमेटी द्वारा बड़े स्तर पर यह यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा की अध्यक्षता कर रहे राम सिंह प्रधान ने बताया कि प्रतिवर्ष अम्बेडकर जयंती पर यह यात्रा निकाली जाती है। इस बार भी एचसीएल से शुरू होकर खुरदही बाजार गोसाईगंज अमेठी गंगागंज होते हुए वापस कोड़रा में समापन किया जाएगा। जहां बड़े भंडारे की व्यवस्था की गई है।

# दिनदहाड़े चलता रहा अवैध खनन राजस्व के छापे में खुली पोल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ तीन डंपर पकड़े, कई जेसीबी व कई डंपर फरार, 5 लाख जुर्माना, पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल



बख्शी का तालाब,लखनऊ। महिगवां थाना क्षेत्र के मल्हीपुर गांव में अवैध मिट्टी खनन का खेल दिनदहाड़े बेखौफ चलता रहा और जिम्मेदार अनजान बने रहे। सोमवार को राजस्व टीम के छापे ने इस पूरे गोरखधंधे की परतें खोल दीं, जिससे स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। छापेमारी के दौरान टीम ने मौके से तीन डंपर पकड़ लिए, लेकिन पुलिस बल की कमी का फायदा उठाकर खनन माफिया चार डंपर और एक जेसीबी लेकर फरार हो गए। यह स्थिति खुद बताती है कि कार्रवाई कितनी प्रभावी रही।लेखपाल सर्वेश कुमार के अनुसार, संसारपुर निवासी सुनील कुमार द्वारा मल्हीपुर में किसान राजू और शांति देवी के खेत में करीब 840 घन मीटर मिट्टी का अवैध खनन किया गया। चौंकाने वाली बात यह है कि खनन की अनुमति बाराबंकी जिले की दिखाई गई, जबकि कार्य बीकेटी तहसील क्षेत्र में खुलेआम किया जा रहा था। मामले में राजू और सुनील कुमार के खिलाफ महिगवां थाने में तहरीर दी गई है। नायब तहसीलदार आकाश पांडे ने बताया कि करीब 5 लाख की रॉयल्टी का जुर्माना लगाया जाएगा और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से दिनदहाड़े खनन हो रहा था, लेकिन पुलिस ने कभी सख्ती नहीं दिखाई। हाल ही में वन विभाग की जमीन पर भी खनन हुआ, फिर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।अवैध खनन से जहां पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, वहीं गहरे गड्ढे लोगों के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। राजस्व विभाग की इस कार्रवाई ने साफ कर दिया है कि अगर समय रहते सख्ती नहीं हुई, तो यह अवैध कारोबार और बढ़ सकता है।

# विधान सभा में उठेगा नियमितीकरण का मुद्दा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश एड्स कंट्रोल सोसाइटी कर्मचारी संघ द्वारा आज एक प्रदेश स्तरीय होली मिलन समारोह एवं कर्मचारियों के नियमितीकरण को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय मौजूद रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में विधायक डॉ. रागिनी सोनकर (मछलीशहर, जौनपुर) एवं विधायक माखनानन्द कुमार यादव (केराकत) शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस, उत्तर प्रदेश के महासचिव चन्द्रशेखर शर्मा ने की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि पिछले 25 वर्षों से प्रदेश में एड्स नियंत्रण कार्यक्रम केंद्र सरकार द्वारा शत-प्रतिशत वित्त पोषित उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। इस दौरान प्रदेश की लगभग 25 करोड़ आबादी को एचआईवी/एड्स से बचाव हेतु 1620 कर्मचारियों द्वारा सेवाएं दी जा रही हैं।

बताया गया कि वर्तमान में प्रदेश में करीब 1,33,000 एचआईवी/एड्स संक्रमित मरीजों का उपचार चल रहा है, जबकि लगभग 1 लाख लोग उपचार के बाद सुरक्षित हो चुके हैं। इसके बावजूद हर वर्ष लगभग 20,000 नए मरीज सामने आ रहे हैं, जो चिंता का विषय है।

संघ ने यह भी मुद्दा उठाया कि एड्स नियंत्रण कार्यक्रम में कार्यरत कर्मचारियों को हर वर्ष संविदा विस्तार की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है, जिससे असुरक्षा और शोषण की स्थिति बनी रहती है। कई बार अधिकारियों की नाराजगी के चलते कर्मचारियों को नौकरी से हाथ धोना पड़ता है या फिर कम वेतन में कार्य करना पड़ता है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उत्तर प्रदेश एड्स कंट्रोल सोसाइटी कर्मचारी संघ के अंतर्गत पंजीकृत सभी कर्मचारियों को भारत सरकार द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र के आधार पर नियमित किया जाए। इस महत्वपूर्ण मुद्दे को विधान सभा में उठाने की मांग भी की गई। प्रदेश स्तरीय इस समागम में संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंकज कुमार श्रीवास्तव, प्रदेश महामंत्री नरेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष त्रिदेव पाण्डेय, उपाध्यक्ष अरविंद मिश्रा, मुख्य सलाहकार डॉ. राजेश मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी एवं लगभग 1000 कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सर्वर फ़ेल, रजिस्ट्री ठप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ बार एसोसिएशन अध्यक्ष का फूटा गुस्सा

❒ दिनभर भटकते रहे क्रेता -विक्रेता, देर रात तक नहीं बहाल हुआ नेटवर्क, जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी से बढ़ा आक्रोश

मोहनलालगंज।लखनऊ,मोहनलालगंज तहसील में सोमवार को सर्वर फ़ेल होने से सब रजिस्ट्रार कार्यालय का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया। रजिस्ट्री न होने से दूर-दराज से आए खरीदार और विक्रेता दिनभर परेशान रहे। सुबह से लेकर देर रात तक लोग कार्यालय परिसर में जमे रहे, लेकिन सर्वर बहाल न होने से उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ा।रायबरेली से आए रामकुमार ने बताया कि उन्होंने संपत्ति खरीदने के लिए विक्रेता के खाते में पूरी रकम ट्रांसफर कर दी थी, लेकिन सर्वर ठप होने से रजिस्ट्री नहीं हो सकी। उन्होंने सवाल उठाया कि इतनी बड़ी रकम के लेनदेन के बाद अगर कोई अप्रिय घटना हो जाए, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।वहीं सुल्तानपुर से पहुंचे राजेश्वर ने बताया कि विक्रेता ने भुगतान के बाद ही हस्ताक्षर की शर्त रखी थी। पैसा देने के बाद जब दोनों पक्ष कार्यालय पहुंचे, तो सर्वर बंद मिला, जिससे पूरा मामला अधर में लटक गया।अधिवक्ताओं में भारी रोष, बताया 'नियमित समस्या' तहसील के अधिवक्ता अंकित सिंह, सुरेश कुमार, अभिषेक सिंह और उद्भव मिश्रा ने कहा कि सर्वर की समस्या अब यहां की स्थायी परेशानी बन चुकी है। उन्होंने बताया कि कई बार लोगों को रात 12 बजे तक कार्यालय में बैठने को मजबूर होना पड़ता है, लेकिन इसके बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला जा रहा है।मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ला ने इस पूरे मामले पर कड़ा रुख अपनाते हुए प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सर्वर फ़ेल होना अब आम बात हो गई है, जिससे न केवल अधिवक्ताओं का काम प्रभावित हो रहा है बल्कि आम जनता को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सर्वर और नेटवर्क व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो बार एसोसिएशन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं और जनता का धैर्य अब जवाब दे रहा है और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।तहसील परिसर में काम न होने के कारण लोग बाहर दुकानों और होटलों पर इंतजार करते नजर आए। भीषण गर्मी के बीच घंटों इंतजार करना लोगों के लिए बेहद कष्टदायक रहा। पेयजल और बैठने की समुचित व्यवस्था न होने से स्थिति और भी खराब हो गई।

पूरे मामले में जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी ने लोगों के गुस्से को और बढ़ा दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब बार-बार यही समस्या सामने आ रही है, तो इसके स्थायी समाधान के लिए ठोस कदम क्यों नहीं उठाए जा रहे।अधिवक्ताओं और आमजन ने प्रशासन से मांग की है कि सर्वर और नेटवर्क व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त किया जाए, ताकि लोगों का समय और पैसा बर्बाद न हो। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# अंबेडकर जयंती पूर्व संध्या पर निकाली बाइक रैली, हर जगह हुआ भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में पूर्व संध्या पर क्षेत्र में एक भव्य बाइक रैली निकाली गई, जिसने पूरे इलाके में उत्साह और जोश का माहौल पैदा कर दिया। पूर्व सांसद कौशल किशोर व क्षेत्रीय विधायक अमरेश रावत के नेतृत्व में मोहनलालगंज से शुरू हुई इस रैली में सैकड़ों युवाओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर समानता और सामाजिक न्याय का संदेश दिया।

रैली मोहनलालगंज से प्रारंभ होकर निगोहा, नगराम मोड़ होते हुए समेसी पहुंची, जहां डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद नगराम के हरदोइया बाजार स्थित पंचशील शांति शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज के समीप स्थापित प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि दी गई। इस दौरान जिला संयोजक प्रबुद्ध प्रकोष्ठ एस.सी. मिश्र, सुधांशु मिश्रा सहित छात्र-छात्राओं ने फूल-मालाओं से रैली का जोरदार स्वागत किया। रैली के विभिन्न पड़ावों पर जनसमर्थन उमड़ता नजर आया। हरदोइया पुल पर आदमपुर मितौली के प्रधान विनोद वर्मा, ममई मऊ के प्रधान दीपक सिंह और भौरा के प्रधान दिग्विजय ने रैली का भव्य अभिनंदन किया। वहीं बहरौली क्षेत्र में स्थित पवन पेट्रोलियम पर जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने सैकड़ों समर्थकों के साथ रैली का स्वागत कर इसमें शामिल होकर माहौल को और उत्साहित कर दिया। गंगागंज व गोसाईगंज होते हुए यह विशाल रैली खुर्दही बाजार पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान वक्ताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के संघर्षमय जीवन पर प्रकाश डालते हुए समाज में व्याप्त कुरीतियों, भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। साथ ही शिक्षा के महत्व को सर्वोपरि बताते हुए उनके प्रसिद्ध कथन– शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो पियेगा वह दहाड़ेगा –का उल्लेख कर युवाओं को जागरूक किया गया।

# मारपीट के आरोपों पर पुलिस खामोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ न्याय के लिए दर-दर भटकती रही बुजुर्ग, नाबालिग बच्चियों तक को नहीं बख्शा, शिकायत के बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं

बख्शी का तालाब। महिला अपराधों पर सख्ती के दावों के बीच बख्शी का तालाब क्षेत्र से एक चिंताजनक मामला सामने आया है। चंद्रिका देवी चौकी अंतर्गत कठवारा गांव में दबंगों द्वारा घर में घुसकर महिलाओं और नाबालिग बच्चियों से मारपीट किए जाने का आरोप है, लेकिन घटना के कई दिन बाद भी पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे न केवल कानून व्यवस्था, बल्कि महिला सुरक्षा के दावों की भी पोल खुलती नजर आ रही है। कठवारा निवासी बुजुर्ग कुसुमा के अनुसार, 3 अप्रैल को उनकी अनुपस्थिति में पड़ोसी संतू, राजू, चंदर व उनके परिजन घर में घुस आए और उनकी बहू मुस्कान, उषा तथा नाबालिग पुत्रियां प्रियांशी व शिवांशी के साथ मारपीट की। घटना की वजह जमीन से जबरन रास्ता निकालने का विवाद बताया जा रहा है।पीड़िता का कहना है कि उन्होंने घटना के तुरंत बाद थाने में लिखित शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेने के बजाय 'रास्ते का विवाद' बताकर टाल दिया। जबकि घर में घुसकर महिलाओं और नाबालिगों से मारपीट जैसी घटना में तत्काल मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई अपेक्षित थी। 8 अप्रैल को थाना समाधान दिवस में भी पीड़िता ने प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई, लेकिन वहां भी कोई सुनवाई नहीं हुई। लगातार अनदेखी से आहत बुजुर्ग महिला 13 अप्रैल को एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह के पास पहुंचीं और पूरे मामले की शिकायत की। एसीपी ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। घटना ने पुलिस की संवेदनशीलता और जवाबदेही दोनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। महिला उत्पीड़न के मामलों में जहां त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा की जाती है, वहीं इस प्रकरण में देरी ने पुलिस की कार्यशैली को कटघरे में ला खड़ा किया है। पीड़ित परिवार अब भी न्याय की आस लगाए बैठा है। देखना होगा कि उच्चाधिकारियों के संज्ञान के बाद इस मामले में कितनी तेजी से कार्रवाई होती है और क्या वास्तव में जिम्मेदारों पर कार्रवाई तय हो पाती है।

# अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर निकाला कैंडल मार्च


कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ। लोक जनशक्ति पार्टी(रामविलास) के बैनर तले अम्बेडकर जयंती के पूर्व संध्या पर काकोरी में एक भव्य कैंडल मार्च निकाली गई। कैंडिल मार्च के दौरान मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र के काकोरी नगर पंचायत में भ्रमण किया गया। कैंडिल मार्च यात्रा का की शुरुआत दुर्गागंज काकोरी चौराहे से शुरू होकर नगर पंचायत काकोरी के मोहल्लों में लगभग तीन किलोमीटर दूर तक नारे लगाते हुए पदयात्रा किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत से पूर्व उपस्थिति कार्यकर्ताओं को अपने संबोधन में महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासचिव नीलम सरोज ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर को ख्याति प्राप्त होनी चाहिए वो ख्याति वर्तमान समय में मिल रही हैं क्योंकि जब हमारे नेता श्रेध्य रामविलास पासवान ने देश की सबसे बड़ी सदन में बाबा साहब की फ़ोटो लगाने के लिए व सदन के बाहर प्रतिमा स्थापित करने के लिए आवाज उठाई थी तब से लेकर वर्तमान समय में हर दल हर नेता बाबा साहब की प्रतिमा अपने घर ऑफिस व राजनीतिक दल लगा रहा है जो सपना हमारे नेता स्व0 रामविलास पासवान ने देखा वो साकार रूप धारण कर लिया है। नीलम सरोज ने पार्टी का झंडा दिखाकर कैंडिल मार्च को रवाना किया। बाबा साहब की 135वीं जयंती की पूर्व संध्या पर पदयात्रा व कैंडिल मार्च आयोजित किया गया जिससे गांव गल्ली में लोगों में जागरूकता पैदा होने का संदेश गया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष कमाल अहमद ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज हम डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के एक दिन पूर्व इस कार्यक्रम से मलिहाबाद विधानसभा के लोग एकत्र हुए हैं। निश्चित ही ये करवा आगामी चुनाव में विशालकाय रूप धारण करेगा।वहीँ मीडिया प्रभारी राजेश रावत ने पैदल यात्रा में जोर शोर से नारे लगाते हुए तीन किलोमीटर दूर तक कैंडिल मार्च किया। इस कार्यक्रम को राष्ट्रीय महासचिव नीलम सरोज महिला प्रकोष्ठ के नेतृत्व में करते हुए ,ब्लाक अध्यक्ष संतोष रावत,जिलाउपाध्यक्ष कमाल अहमद,जिला सचिव सरोज रावत,पप्पू नेता ,महेश कन्नौजिया,रमेश कन्नौजिया,सूरज गौतम, दिनेश रावत,सुरेश कन्नौजिया, जगदीश रावत ,राजू कन्नौजिया, रतन रावत सहित सैकड़ों लोग यात्रा में भाग लिया।

# भारतीय किसान यूनियन हिंदुस्तान के जिला अध्यक्ष रिंकू पाल द्वारा की गई किसान पंचायत



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । रिंकू पाल के अध्यक्षता में ग्राम भिठहरा पोस्ट फतेहनगर मछरेहटा सीतापुर में किसान पंचायत की गई इस पंचायत के मुख्य अतिथि के रूप भारतीय किसान यूनियन हिंदुस्तान के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद सलमान खान वा विशिष्ट अतिथि संगठन के राष्ट्रीय महासचिव श्री अजय यादव वा राष्ट्रीय सचिव दिग्विजय सिंह यादव भारतीय किसान यूनियन हिंदुस्तान। राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद सलमान खान ने कहा कि यदि किसान की आवाज को कोई दबाने की आवाज की उसकी खैर नहीं वही संगठन के राष्ट्रीय सचिव दिग्विजय सिंह यादव ने बताया कि हमारा संगठन एक ऐसा संगठन जो हमेशा किसानों, मजदूरों की आवाज को सशक्त वा मजबूत करने का सशक्त करेंगे वही सीतापुर के जिला अध्यक्ष रिंकू पाल ने जनपद सीतापुर के किसानो की हर समस्याओं को लेकर आवाज उठाने का प्रयास करेंगे

इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन हिंदुस्तान जिला प्रमुख सचिव श्री बृजेश कुमार पाल, जिला उपाध्यक्ष स्वामी दयाल, सरोज, संदीप, नैमिष, संतलाल, धीरू सिंह, समस्त किसान भाई शामिल हुई

# मखाना की खेती से बढेगी किसानो की आय- उद्यमिता विकास की असीम सम्भावनाए

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर । राष्ट्रीय मखाना बोर्ड भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद लखनऊ के माध्यम से कृषि विज्ञान केंद्र-2, सीतापुर को एक नई जिम्मेदारी प्रदान की है जिसमें उत्तर प्रदेश के पांच जिलों सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, बहराइच और बाराबंकी में मखाना की खेती को बढावा देने और उद्यमिता विकास के माध्यम से कृषक परिवारों की आजीविका बढाते हुए कृषि विविधीकरण तत्र को मजबूत करना है इसी क्रम में जनपद सीतापुर के विकास खंड मिश्रिख के ग्राम दशरथपुर मे किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र कटिया के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ दया एस श्रीवास्तव ने किसानो को जनपद सीतापुर में मखाना की खेती और उद्यमिता विकास करने हेतु कृषको को इस क्षेत्र में अग्रणी बनने हेतु प्रेरित किया। वैज्ञानिक डॉ आनंद सिंह ने बताया की मखाना की खेती फरवरी से अक्टूबर माह मे की जाती है इसके लिए केवल 1 से 1.5 फिट पानी की आवश्यकता होती है जहा इहसे अधिक पानी जमा होता है वहा भी मखाना की खेती कर सकते है इसमें लागत काफी कम है और मुनाफा काफी अधिक है विशिष्ट अतिथि बी आर डी डिग्री कॉलेज लखीमपुर के प्राचार्य डॉ के के पांडेय नें राष्ट्रीय मखाना बोर्ड एवं कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया के प्रयासो की सराहना करते हुए किसानो को अधिक से अधिक लाभान्वित होने के लिए मखाना की खेती अपनाने पर बल दिया। प्रगतिशील कृषक कमलेश सिंह ने कहा कि मखाना की खेती किसानों के लिए एक वरदान साबित होगी यह जनपद की जलवायु एवं भौगोलिक स्थित वं क्षेत्रीय भूमि के लिए अनुकूल है कार्यक्रम मे एडीओ कृषि जय प्रकाश, प्रधान प्रतिनिधि राजेन्द्र पाल ग्राम सभा तेलियानी चन्द्र कुमार ग्राम सभा मिश्रिख देहात समेत 50 कृषक उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाय



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**


मिश्रिख - मिशरिख लॉयर्स एसोसिएशन द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महोदय को संबोधित मांगपत्र उपजिलाधिकारी अभिनव कुमार यादव को सौंपा गया अधिवक्ताओं ने मीरजापुर के अधिवक्ता राजीव कुमार सिंह की हत्या पर रोष प्रकट किया प्रदेश में प्रायः अधिवक्ताओं पर हमले की घटनाएं हो रही है चार सूत्रीय सौंपे गए मांगपत्र में प्रदेश में तत्काल अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने,मृतक अधिवक्ता के परिजनों को एक करोड़ की सहायता राशि दिए जाने,हमलावरों की शीघ्र गिरफ्तारी और मामले का फास्ट ट्रैक कोर्ट में विचारण किए जाने और अधिवक्ताओं पर हमले की उच्च स्तरीय जांच किए जाने की मांग की गई - अधिवक्ता गण बृजलाल चौधरी अध्यक्ष,सुधीर शुक्ल राना महासचिव,अकरम खान , नरेंद्र प्रताप सिंह,सौरभ सक्सेना,सुनील कुमार त्रिपाठी,गौरव वाजपई,भास्कर पांडेय,ठाकुर प्रसाद अर्कवंशी,रजनीश कुमार,प्रेम प्रकाश राजवंशी,मनोज मौर्य,पंकज श्रीवास्तव,पुष्पेंद्र गुप्ता,जलालुद्दीन,अमीर अहमद,राजेंद्र अवस्थी,गोविंद प्रसाद राजवंशी,प्रदीप राजवंशी,सत्यप्रकाश अर्कवंशी,विनोद भारती,सुशील भारती ,वीरेंद्र मधुकर,अजय पांडेय,विमलेंद्र त्रिपाठी,सुरेंद्र मोहन,आनंद यादव,प्रशांत त्रिपाठी,मनोज चौधरी ,कलीम खान,शिवम त्रिपाठी आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे

## मीरजापुर के गड़बड़ा धाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, दस हजार भक्तों ने किए दर्शन

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के जनपद मीरजापुर हलिया थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध गड़बड़ा धाम में सोमवार को मां शीतला के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भोर से ही मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मां शीतला का पूजन-अर्चन कर परिवार की सुख-समृद्धि और रोग निवारण की कामना की। दूरदराज क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। मंदिर परिसर में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की खासा भीड़ रही। भीड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और मंदिर समिति व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय रहे। वहीं मंदिर के आसपास प्रसाद और पूजन सामग्री की दुकानों पर दिनभर चहल-पहल बनी रही। मंदिर पुजारी मंगलधारी ने बताया कि सुबह से लगभग 10 हजार श्रद्धालु मां के चरणों में मत्था टेक चुके हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि मां शीतला के दर्शन से रोगों से मुक्ति मिलती है और घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।

# दबंगों ने रातों-रात जोत डाली किसान की गन्ने की फसल, पुलिस पर मिलीभगत का आरोप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**



सीतापुर। मछरेहटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढहरऊ में दबंगों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने एक किसान की तैयार हो रही गन्ने की फसल को जबरन ट्रैक्टर से जोतकर नष्ट कर दिया।पीड़ित किसान ने स्थानीय पुलिस पर लापरवाही और विपक्षी दल से मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाते हुए लखनऊ परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक,डीजीपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है।ग्राम ढहरऊ निवासी पीड़ित मोनू सिंह ने आईजी डीजीपी से मिलकर बताया है कि उनकी जमीन गाटा संख्या 637 की भूमि पर गन्ने की फसल तैयार हो रही थी। आरोप है कि क्षेत्र के दबंग प्रभाती लाल और राम अवध ने बिना किसी राजस्व पैमाइश या कानूनी प्रक्रिया के किसान की भूमि पर अवैध कब्जा करने की नीयत से इस घटना को अंजाम दिया है।किसान का कहना है कि दबंगों ने स्थानीय पुलिस चौकी पर पुलिस के सामने ही फसल जोतने की धमकी दी थी जिसकी लिखित सूचना पीड़ित ने 24 मार्च 2026 को ही पुलिस को दे दी थी। इसके बावजूद पुलिस ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया

।परिणामस्वरूप 27 मार्च 2026 की आधी रात को दबंगों ने खेत में घुसकर पूरी फसल जोत कर नष्ट कर दी।पीड़ित का आरोप है कि पुलिस ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के बजाय निरोधात्मक कार्रवाई कर मामले को रफा दफा करने की कोशिश की है।स्थानीय पुलिस की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए मोनू सिंह ने पुलिस महानिरीक्षक, लखनऊ परिक्षेत्र एवं पुलिस महानिदेशक को प्रार्थना पत्र सौंपा है और किसी उच्च अधिकारी या गोपनीय इकाई से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।आरोपी दबंगों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई हो।कर्तव्य पालन में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाए।पीड़ित ने अपनी जान-माल का खतरा बताते हुए न्यायालय की भी शरण ली है।अब देखना यह है कि उच्चाधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद इस मामले में क्या कार्रवाई होती है।

# नारी शक्ति वंदन सम्मेलन एव मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण)




**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**

सीतापुर । वंदन नारी शक्ति का, समृद्ध भारत की'' लघु फिल्म दिखाकर जागरुक किया गया । उक्त कार्यक्रम थाना परिसर में संपन्न कराया गया जिसमें थानाध्यक्ष नवनीत मिश्रा मिशन शक्ति प्रभारी उपनिरीक्षक प्रशांत सिंह मय मिशन शक्ति पुलिस टीम व अन्य पुलिसकर्मी तथा क्षेत्रीय महिलाएं व छात्राएं संख्या करीब 60 उपस्थित रहें ।

# अनियंत्रित ऑटो पलटने से महिला उपप्रबंधक की मौत, एक महिला गंभीर घायल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। नैमिषारण्य थाना क्षेत्र के व्यास गद्दी मोड़ के पास सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। कादीनगर से नैमिष की ओर जा रहा एक अनियंत्रित ऑटो अचानक पलट गया। ऑटो में सवार तीन महिलाओं में से दो गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि एक को मामूली चोटें आईं।

**हादसे के बाद मची अफरा-तफरी**

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस की सहायता से सभी घायलों को नैमिष स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने सुनैना नंदवंशी (40) पत्नी देवेंद्र नंदवंशी, निवासी मिश्रिख को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी घायल महिला दीपिका (38 वर्ष) पत्नी जगदीप, निवासी मिश्रिख की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रिख रेफर कर दिया गया। तीसरी महिला को हल्की चोटें आई हैं।



**विद्यालय से घर लौटते समय हुआ हादसा**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतका सुनैना नंदवंशी सियाराम बाबूराम नंद इंटर कॉलेज, कादीनगर (मिश्रिख) में उपप्रबंधक के पद पर कार्यरत थीं। वह सोमवार को विद्यालय से वापस अपने घर मिश्रिख लौट रही थीं, तभी व्यास गद्दी मोड़ के पास यह हादसा हो गया। पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है और मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## विकास ठप, संपत्ति तेजः पूरनपुर में जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर उठते तीखे सवाल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर में विकास की रफ्तार और जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली को लेकर अब सवाल खुलकर सामने आने लगे हैं एक ओर क्षेत्र जिला बनने की क्षमता और संभावनाओं के साथ आगे बढ़ने का दावा करता है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर बुनियादी सुविधाओं की कमी लोगों की नाराजगी को बढ़ा रही है स्थानीय नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार जैसे मुद्दे अधूरे पड़े हैं कई योजनाएं आज भी कागजों तक सीमित हैं, जिससे आमजन को उनका लाभ नहीं मिल पा रहा। इसके बीच जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और प्राथमिकताओं पर भी सवाल उठने लगे हैं सबसे ज्यादा चर्चा इस बात को लेकर है कि जहां एक ओर विधायक और सांसद के वेतन-भत्ते तय दायरे में होते हैं, वहीं कुछ जनप्रतिनिधियों की संपत्ति और व्यवसाय में अपेक्षाकृत तेजी से वृद्धि देखने को मिलती है ऐसे में आम लोगों के बीच यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या विकास कार्यों के साथ-साथ पारदर्शिता भी उतनी ही प्राथमिकता में है हालांकि, यह भी सच है कि जनप्रतिनिधियों को वैध रूप से व्यवसाय और निवेश करने का अधिकार होता है, लेकिन जनता की अपेक्षा रहती है कि उनका पहला फोकस क्षेत्र का विकास और जनसेवा हो जब विकास कार्य अपेक्षित स्तर पर नहीं दिखते, तो इस तरह के सवाल और भी प्रबल हो जाते हैं पूरनपुर की जनता अब केवल वादों से संतुष्ट नहीं है।वह विकास के साथ-साथ पारदर्शिता और जवाबदेही भी चाहती है यदि जनप्रतिनिधि इन अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरते, तो आने वाले समय में यह असंतोष राजनीतिक परिणामों में भी दिखाई दे सकता है।

## स्मार्ट मीटर के खिलाफ सपाइयों का प्रदर्शन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर की अव्यवस्थाओं, महंगे बिजली बिल और बिना सूचना कटौती के विरोध में बिजलीघर पर धरना-प्रदर्शन किया नगर अध्यक्ष हाजी लाडले एवं सपा नेता तौफीक अहमद कादरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रीपेड स्मार्ट मीटर हटाकर पोस्टपेड मीटर लागू करने की मांग उठाई प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि कम खपत के बावजूद उपभोक्ताओं को ज्यादा बिल दिए जा रहे हैं और रिचार्ज खत्म होते ही बिजली काट दी जाती है, जिससे जनता परेशान है। उन्होंने इसे आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बताया मौके पर पहुंचे अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान की मांग की गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा पुलिस भी एहतियातन मौके पर मौजूद रही।

## वकील हत्याकांड पर भड़का आक्रोश,50 लाख मुआवजा और सुरक्षा कानून की मांग तेज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद मिर्ज़ापुर में अधिवक्ता राजीव कुमार सिंह की हत्या के बाद अधिवक्ता समाज में गहरा रोष देखने को मिल रहा है प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की है जानकारी के अनुसार, 11 अप्रैल 2026 को मिर्ज़ापुर के देवरी गांव निवासी अधिवक्ता राजीव कुमार सिंह की बदमाशों द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई थी इस घटना ने प्रदेश भर के अधिवक्ताओं को झकझोर दिया है एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सक्सेना 'अजीत' और महामंत्री सुशील कुमार सक्सेना ने कहा कि प्रदेश में लगातार अधिवक्ताओं पर हमले और हत्याएं हो रही हैं, जिससे भय का माहौल बना हुआ है उन्होंने कहा कि अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू न होने के कारण वकीलों को पर्याप्त सुरक्षा नहीं मिल पा रही है उन्होंने सरकार से मांग की कि घटना में शामिल आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए ठोस कानून लागू किया जाए यह ज्ञापन 13 अप्रैल को उपजिलाधिकारी पूरनपुर के माध्यम से मुख्यमंत्री तक पहुंचाया

## सोनभद्र में सड़क हादसा : बाइक सवार पिता- पुत्र की मौत, पत्नी घायल

सोनभद्र,। उत्तर प्रदेश के जनपद सोनभद्र के चोपन थाना क्षेत्र में सोमवार को वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर एक अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार पिता और पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गयी। डाला निवासी 27वर्षीय शिवकुमार यादव पत्नी 24 वर्षीय सुमन यादव और पुत्र 05 वर्षीय आज सुबह इलाज हेतु राबर्ट्सगंज गये हुए थे। यह लोग शाम को बाइक से डाला वापस लौट रहे थे। यह लोग सलखन मुख्य राज मार्ग स्थित रेलवे ओवरब्रीज के पास पहुंचे तभी किसी अज्ञात वाहन से टकरा गये। इस हादसे में पिता शिवकुमार यादव व पुत्र डमडम की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पत्नी घायल हो गयी। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल राबर्ट्सगंज भिजवाया है।

# गरजे गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष, बोले गोवंश सुरक्षा में कोई ढिलाई नहीं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**




सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ला सोमवार को सुल्तानपुर पहुंचे, जहां उन्होंने कलेक्ट्रेट में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान साफ शब्दों में कहा कि प्रदेश सरकार गोवंश की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह गंभीर और प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गो-तस्करी और गो-हत्या पर सख्ती से रोक लगाने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

शुक्ला ने कहा कि गो-रक्षा को लेकर चल रहे धार्मिक और सामाजिक अभियानों को आयोग का पूरा नैतिक समर्थन है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिस तरह प्रदेश में हत्या और लूट जैसे अपराधों पर अंकुश लगाया गया है, उसी तरह गोवंश की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तय है, इसमें किसी तरह की नरमी नहीं बरती जाएगी। भीषण गर्मी को देखते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोशालाओं में गोवंश के लिए विशेष इंतजाम किए जाएं। उन्होंने कहा कि छाया के लिए छप्परों के नीचे पुआल या थर्माकोल की व्यवस्था की जाए, साथ ही स्वच्छ पेयजल और हरे चारे की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित हो। कूरेभार, मोतिगरपुर और अखंडनगर जैसे क्षेत्रों में बढ़ती गो-तस्करी की घटनाओं पर पूछे गए सवाल के जवाब में शुक्ला ने 'गो-वध अधिनियम 1955' (संशोधित 2020) का हवाला दिया। उन्होंने बताया कि इस कानून के तहत दोषियों को 10 साल तक की सजा और 5 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

उन्होंने प्रशासनिक मिलीभगत के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हैं। अपराधियों के खिलाफ लगातार मुठभेड़ और सख्त कार्रवाई इस बात का प्रमाण हैं। अंत में उन्होंने आम जनता से अपील की कि यदि कहीं भी गो-तस्करी या गोवंश के प्रति क्रूरता की जानकारी मिले तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें, ताकि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके।

# अधिकारियों के वादे को छलावा मान रहे हैं श्रमिक, कम वेतन और उत्पीड़न बना उग्र प्रदर्शन का कारण

नोएडा। वेतन बढ़ोतरी और अन्य मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों का गुस्सा काफी उग्र है। इसको लेकर हमारे संवाददाता ने कुछ लोगों से बातचीत की। नोएडा में विरोध प्रदर्शन करने वालों में शामिल लक्ष्मी कहती हैं, ''मैं मदरसन में काम करती हूं। वे हमें कम सैलरी दे रहे हैं। हम ज़्यादा सैलरी चाहते हैं। जब हमने धरने पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया, तो उन्होंने बिना हमारी किसी गलती के हमें पीटा। सिलिंडर, सब्जियां और हर सामान महंगा हो गया है। आज जब हमने विरोध किया, तो हमें पीटा गया। मेरे पैरों पर चोट लगी। मेरी मांग है कि हमें सैलरी के तौर पर 20,000 रुपये दिए जाएं। तभी हम अपना गुजारा कर पाएंगे, वरना यह विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। नोएडा के सेक्टर दो स्थित एक कंपनी में काम करने वाले कृष्ण कुमार गौतम ने बताया कि श्रमिकों के धरना प्रदर्शन के बाद जिला प्रशासन और श्रम विभाग उनकी हर मांगों को मारने को तैयार है। श्रमिकों का मान- मनोबल किया जा रहा है, लेकिन ये अधिकारी वर्षों से हो रहे श्रमिकों के उत्पीड़न पर आंख बंद करके बैठ रहे। बार-बार आवाज उठाने के बावजूद भी ये लोग श्रमिकों के हित में कोई कदम नहीं उठाए। उनके अनुसार कंपनी मालिकों के साथ आए दिन इनकी बैठकर होती हैं। उनकी समस्याओं का निदान यह करने का दावा करते हैं। लेकिन श्रम विभाग और जिला प्रशासन के लोग कंपनी मालिकों से मोटा उपहार लेकर श्रमिकों का उत्पीड़न करने में उनका सहयोग करते रहते हैं। उनके अनुसार यही कारण है कि जिला प्रशासन या श्रम विभाग के किसी भी अधिकारी की अपील पर श्रमिक विश्वास नहीं कर रहे हैं। उन्हें यह सिर्फ छलावा लग रहा है। नोएडा के सेक्टर 63 स्थित कंपनी में काम करने वाले रामसेवक ने बताया कि वह 20 वर्ष पूर्व बिहार से नोएडा में नौकरी करने के लिए आए। वह चोटपुर कॉलोनी में रहते हैं। उनके अनुसार गैस की कालाबाजारी बढ़ने के चलते उनके घर में खाना नहीं बन रहा है। महंगाई दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ रही है, लेकिन कंपनी के मालिक उनका वेतन नहीं बढ़ा रहे हैं। सेक्टर 63 के ही एक कंपनी में काम करने वाली एक महिला ने नाम में छपने के शर्त पर बताया कि उनका मानसिक शारीरिक उत्पीड़न कंपनी के मैनेजमेंट के द्वारा किया जाता है।

# केंद्रीय राज्य मंत्री ने नई दिल्ली के लिए विशेष गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर मंडल पर माननीय राज्यसभा सांसद उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण व सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के केन्द्रीय राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री बी. एल. वर्मा ने सोमवार को बरेली जंक्शन-नई दिल्ली-बरेली जंक्शन इंटरसिटी एक्सप्रेस गाड़ी 14315/14316 का संचलन विस्तार बदायूं एवं कासगंज तक होने के उपलक्ष्य में उद्घाटन विशेष गाड़ी 05303 का शुभारंभ बदायूं रेलवे स्टेशन पर हरी झण्डी दिखाकर किया।बदायूं रेलवे स्टेशन पर आयोजित भव्य समारोह में माननीय राज्यसभा सांसद उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण व सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के केन्द्रीय राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री बी. एल. वर्मा ने कहा कि कासगंज, उझानी एवं बदायूं क्षेत्रवासियों को दिल्ली जाने के लिए इंटरसिटी एक्सप्रेस गाड़ी की सौगात मिली है। यहाँ की बहुप्रतिक्षित मांग को रेलवे प्रशासन द्वारा आज पूरा कर दिया गया। जो यहां के क्षेत्रीय लोगों के विकास के लिए एक नई सौगात मिली है। इस इंटरसिटी गाड़ी के संचलन विस्तार बदायूं एवं कासगंज तक होने से यहां के स्थानीय जनता, स्कूली बच्चों एवं व्यापारियों को बरेली, मुरादाबाद, गजियाबाद एवं दिल्ली आवागमन करने हेतु सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक रेल यात्रा की सुविधा उपलब्ध हो गई है। आगे उन्होंने कहा कि अब स्कूली बच्चे दूसरे जनपदों एवं राजधानी में जाकर शिक्षा ग्रहण करेंगे। यहां की सम्मानित जनता अपना अन्य महत्वपूर्ण दैनिक कामों को भी दिल्ली से सीधी ट्रेन सेवा उपलब्ध हो जाने से समय बचत के साथ कम खर्चों में राजधानी में जाकर अपने कार्यों का निपटारा कर लेंगे। रेलवे प्रशासन द्वारा ''अमृत भारत स्टेशन योजना'' के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों के सौन्दर्यीकरण एवं रेल यात्रियों के मूलभूत मौलिक सुख-सुविधाओं को अत्याधुनिक विकसित करने के साथ-साथ स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जो सराहनीय कार्य है। इस अवसर पर विधायक/बदायूं श्री महेश चन्द्र गुप्ता, विधान परिषद सदस्य श्री वागीश पाठक एवं अन्य जनप्रतिनिधिगणों ने इस इंटरसिटी गाड़ी का विस्तार बदायूं एवं कासगंज तक करने पर रेलवे प्रशासन को धन्यवाद देने के साथ ही स्थानीय जनता को संबोधित करते हुए कहा कि इस गाड़ी के संचलन से यहां की जनता बहुत ही लाभान्वित होगी। यहां के क्षेत्रवासियों के विकास के लिए यह गाड़ी ''मील का पत्थर'' साबित होगी। आयोजित समारोह में अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं स्थानीय जनता भारी संख्या में उपस्थित थे। अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि इस रेलखण्ड पर इस गाड़ी के मार्ग विस्तार होने से कासगंज, बदायूं एवं उझानी के यात्रियों को लंबी दूरी की महत्वपूर्ण शहरों हेतु सीधे रेल की सुविधा मिल सकेगी। कासगंज व बदायूं की कनैक्टिविटी सीधे बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, गाजियाबाद होते हुए देश की राजधानी नई दिल्ली से कनेक्ट हो जाएगा। इस गाड़ी के विस्तार हो जाने से यहां के क्षेत्रीय जनता को व्यापार, इलाज एवं नौकरी पेशा आदि करने के लिए तथा बच्चों को भी अपनी उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद एवं दिल्ली आदि शहरों से सीधी कनेक्टिविटी मिल जायेगी। पूर्वोत्तर रेलवे का इज्जतनगर मंडल अपने सम्मानित यात्रियों को उन्नत एवं आरामदायक यात्री सुख-सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सदैव कृतसंकल्पित है। रेल प्रशासन भविष्य में भी इसी प्रकार यात्री सुख-सुविधाओं का विस्तार आवश्यकतानुसार करने के लिए तत्पर रहेगा।

# बैठक का आयोजन



सम्भल (बहजोई)। आज कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में दिनांक 14 अप्रैल 2026 को बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर जन्म दिवस समारोह भव्यता पूर्ण मनाये जाने के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जहाँ जहाँ भी बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर जन्म दिवस कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं वह साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा नालियों तथा गलियों की भी विशेष साफ सफाई सुनिश्चित की जाए अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त कार्यालय अध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अपने कार्यालयों में 14 अप्रैल को प्रातः 10 बजे बाबा साहब के जन्म दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। कलक्ट्रेट सभागार में भी प्रातः 10 बजे कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, जिला विकास अधिकारी राम आशीष एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खाद्य सुरक्षा ने विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान अन्तर्गत किया सघन निरीक्षण

बदायूँ। जिलाधिकारी बदायूँ के निर्देश के क्रम में सहायक आयुक्त (खाद्य) सी0एल0 यादव के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा सोमवार को खाद्य एवं पेय पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा अधोमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री को विशेषकर खुले हुए खाद्य पदार्थ, बेकार सड़े हुए फल-सब्जी इत्यादि एंव असुरक्षित तरीके से तैयार किये जा रहे ताजा फलों, गन्ने के जूस इत्यादि पर नियत्रंण हेतु स्थान बहेड़ी तिराहा, बड़े सरकार एवं लालपुल चौराहा बदायूँ स्थित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर उपस्थित खाद्य कारोबारकर्ता पप्पू, राजबाबू, अनिल कुशवाहा, राम नमन गुप्ता एवं सिराज के खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य पदार्थो को ढ़ककर रखने, दुकानों में साफ-सफाई रखने, शुद्व एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थो को बेंचने, बिना लाइसेंस के खाद्य कारोबार नही संचालित करने के कड़े निर्देश दिए गए। मौके पर उपस्थित आम जनमानस को अपमिश्रण से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया। टीम में सहायक आयुक्त (खाद्य) सी0एल0 यादव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर0पी0 सिंह एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण श्री करन सिंह एवं प्रिया त्रिपाठी मौजूद रहे।

# गंगा नहाने गए पांच बच्चों में तीन डूबे, एक का शव मिला, दो की तलाश जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। ग्राम खजुरा नगला पुख्ता के पास बह रही गंगा नदी में रविवार शाम नहाने गए पांच बालकों में से तीन डूब गए। हादसे में एक बालक का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि दो अन्य की तलाश देर रात तक जारी रही। दो बच्चे बच गए। लापता दोनों बच्चे सगे भाई हैं। उनकी तलाश में बरेली से एसडीआरएफ व फ्लड पीएसी की टीम बुलाकर लगाई गई है। मौके पर पुलिस व गोताखोरों की टीम बच्चों की तलाश में जुटी है। डीएम व एसएसपी ने भी मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिलकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।पुलिस के अनुसार, गांव खजुरा नगला पुख्ता के पास रविवार शाम गंगा नदी में नहाते समय पांच बच्चे- पिंटू (9 वर्ष), केशव (11 साल) और सिंकू (13 साल) पुत्र जमादार के अलावा अखिलेश पुत्र संतोष (8 साल) व विकास पुत्र वीरेश (11 साल) गहरे पानी में जाकर डूबने लगे। इस दौरान मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों ने दो बच्चों सिंकू व विकास को सकुशल बाहर निकाल लिया। वहीं अखिलेश की डूबने से मौत हो गई। उसका शव बरामद कर लिया गया है। वहीं जमादार के दोनों बेटे पिंटू व केशव लापता हैं।बच्चों के डूबने की खबर फैलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। लोगों ने शोर मचाते हुए तत्काल पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हर कोई बच्चों को बचाने की कोशिश में जुट गया। गोताखोरों की टीम स्टीमर के साथ नदी में लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है। इस हादसे ने दो परिवारों को झकझोर कर रख दिया है। जमादार के परिवार में तीन बेटे और तीन बेटियां हैं, जिनमें से दो बेटे हादसे का शिकार हो गए हैं। वहीं अखिलेश के परिवार में तीन बेटे और दो बेटियां हैं। मासूम की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में हर घर में मातम पसरा है और महिलाओं के विलाप से माहौल गमगीन बना हुआ है। इस हादसे के बाद गंगा किनारे सुरक्षा इंतजामों को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नदी किनारे न तो चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं और न ही कोई सुरक्षा व्यवस्था मौजूद है। इससे इस तरह की घटनाएं बार-बार सामने आती रहती हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से नदी किनारे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने की मांग की है। गर्मी से बचने के लिए नदी में नहाने पहुंचे थे पांचों बच्चे बढ़ती गर्मी के कारण पांचों बच्चों ने गंगा में नहाने की योजना बनाई और पानी में उत्तर गए। बहाव तेज होने के कारण पांचों डूबने लगे। आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने बच्चों को डूबते देखा तो बचाने के लिए दौड़े। मौके पर अफरातफरी मच गई। गांव के कुछ तैराक गंगा में उतरे और अखिलेश को बाहर निकाल लाए, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। विकास और सिंकू को भी लोगों ने डूबने से बचा लिया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उन्हें अस्पताल भेजा गया है। केशव और पिंटू लापता हैं। गोताखोरों के साथ फ्लर्ड पीएसी व एसडीआरएफ टीम समेत गांव वालों की मदद से लापता सगे भाइयों केशव और सिंकू की तलाश की जा रही है। मौके पर डीएम अवनीश राय, एसएसपी अंकिता शर्मा, सीओ उझानी सुनील कुमार सिंह, एसपी सिटी अभिषेक सिंह समेत अन्य अफसरों ने पहुंचकर जायजा लिया व पीड़ित परिवार को भी ढांढस बंधाया है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी के मौसम में बच्चे अक्सर नदी में नहाने के लिए जाते हैं, ऐसे में प्रशासन को विशेष सतर्कता बरतते हुए नदी किनारे निगरानी और जागरूकता अभियान चलाना चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं को रोका जा सके। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताई हादसे की पूरी कहानी, खेल, खेल में नदी गए बच्चे प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा रविवार शाम 3:30 बजे हुआ। वे खेतों में गेहूं निकाल रहे थे। इस दौरान बच्चे खेतों के पास ही खेल रहे थे। अचानक सभी एक-एक करके गंगा में उतर गए। किनारे खड़े होकर पानी में खेलने लगे। हमें लगा, नहाकर लौट आएंगे, लेकिन तेज बहाव के कारण पिंटू लड़खड़ा गया। वह बहने लगा तो भाई केशव समेत सिंकू उसे पकड़ने के लिए आगे बढ़े। तीनों डूबने लगे तो विकास और अखिलेश भी हड़बड़ा गए। वो भी तीनों को बचाने कूद पड़े। बच्चों के चीखने की आवाज सुनकर खेतों से दौड़कर लोग गंगा किनारे पहुंचे। बचाने के लिए गंगा में कूदे, लेकिन तब तक बच्चे बहकर दूर जा चुके थे। सिंकू और विकास को 15 मिनट की मशक्कत के बाद निकाल लिया गया, लेकिन बाकी तीनों बच्चे बह गए अखिलेश को जब तक निकाला गया, उसकी मौत हो चुकी थी। केशव और पिंटू का कोई पता नहीं लगा। मौके पर बच्चों के घर वाले पहुंचे। महिलाएं बिलखने लगीं। वह चीख रही थीं। गांव और घर वालों ने उन्हें शांत कराया। अखिलेश के पिता संतोष का कहना, वे शव का पोस्टमॉर्टम नहीं कराना चाहते हैं। उसहैत थाना क्षेत्र में गंगा नदी में नहाने के दौरान पांच बच्चे डूब गए। इनमें से दो बचा लिए गए, जबकि एक का शव बरामद किया गया है। दो बच्चे लापता हैं। फ्लड पीएसी कंपनी, एसडीआरएफ व स्थानीय गोताखोरों की टीम उनकी तलाश कर रही है। उक्त घटना गंगा की मुख्य धारा में बच्चों के चले जाने के कारण हुई है। मृतक के परिजनों को नियमानुसार आर्थिक मुआवजा भी दिलाया जाएगा। - अवनीश राय, डीएम

# सन 2027 में अखिलेश यादव को हर हाल में मुख्यमंत्री बनाना है : पूर्व मंत्री आबिद रज़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा0 अखिलेश यादव जी के निर्देश पर सपा के स्टार प्रचारक व राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री आबिद रज़ा पूरे जिले बदायूं में गांव - गांव जाकर पीडीए का लगातार प्रचार कर रहे हैं तथा मा0 अखिलेश यादव जी को सन् 2027 में उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के लिए जनता से आहवान कर रहें हैं।शेखूपुर विधानसभा की जनता के आग्रह पर पूर्व मंत्री आबिद रज़ा शेखूपुर विधानसभा में पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक गांवों में पहुंचे जहां दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक लोगों ने आबिद रज़ा का फूलों के हारों के साथ साथ फूलों की बारिश करके भव्य स्वागत किया, तथा पूर्व मंत्री आबिद रज़ा से शेखूपुर विधानसभा से चुनाव लड़ने का अनुरोध किया तथा स्थानीय विधायक से काम ना करने के कारण नाराजगी जताई। पूर्वमंत्री आबिद रज़ा ने कहा सन् 2027 का चुनाव बहुत अहम है। उत्तर प्रदेश का चुनाव दो पार्टियों में होगा, एक तरफ वह पार्टी है, जो लोगों में नफरत पैदा करती है, कोई विकास नहीं करती किसान, बेरोजगार, गरीब, छात्र, नौजवान वर्तमान सरकार से सब नाराज है, इसलिए सरकार को हटाना चाहती है। दूसरी तरफ प्रदेश में सपा पार्टी है जो लोगों में भाईचारा रखना चाहती है, मोहब्बत व इंसानियत का पैगाम देना चाहती है, विकास करती है। किसान, मजदूर, गरीब, बेरोजगार, छात्रों के हितों का ख्याल रखना चाहती है। जिस तरह से प्रदेश की जनता ने सन् 2024 में 37 सांसद जिताकर सपा को पहले नंबर की पार्टी चुना, उसी तरह 2027 में पूरे प्रदेश की जनता सपा की सरकार बनाना चाहती हैं तथा मा0 अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना चाहती है। आबिद रज़ा की इस बात का जनता ने नारे लगाकर व हाथ उठाकर समर्थन किया।

विशेषतौर पर यादव व मुस्लिम समाज तथा सेकुलर समाज के लोगों ने एक स्वर में कहा हम समाजवादी को वोट देकर जिसे विधायक बनाते हैं उन्होंने शेखूपुर में कोई विकास नहीं किया बल्कि पार्टी के वोटर को सम्मान भी नहीं दिया। सन् 2022 के बाद लगभग 4 साल में शेखूपुर विधानसभा में स्थानीय विधायक ने विकास के नाम पर जहां आवश्यकता भी नहीं थी यात्रीशेड, स्वागतद्वार तथा हाईमास्ट लगवाई जिस कार्यो में शेखूपुर की जनता का हित नहीं था, बल्कि विधायक का अपना स्वयं का हित है। लगभग 35 सालों से दो खानदानों का शेखूपुर विधानसभा में दबदबा रहा। एक बार एक जीत जाता है, दूसरे चुनाव में दूसरा जीत जाता है। लेकिन शेखूपुर विधानसभा में काम दोनों में से एक भी नहीं करता। इसलिए शेखूपुर विधानसभा की जनता जो सपा की विचारधारा में विश्वास करती है, सभी ने एक स्वर में आबिद रज़ा से कहा कि आप शेखूपुर विधानसभा से चुनाव लड़िये। तो सपा की शेखूपुर विधानसभा की 2027 में सीट बच जाएगी। गांवों की जनता ने अपने-अपने गांव में बैनर, पोस्टर लगा दिए ''मा0 अखिलेश जी को मुख्यमंत्री बनाना है आबिद रज़ा को शेखूपुर विधानसभा से विधायक बनाना है'' का नारा भी लगाया। पूर्वमंत्री आबिद रज़ा ने गांव ननाखेड़ा, मुस्करा, चेतुनगला, बड़ी कादरवाड़ी, छोटी कादरवाड़ी, खिरिया बाकरपुर, चतुरी नगला, भद्रा, भसराला, शेखूपुर का दौरा किया। पीडीए के प्रचार में पूर्व मंत्री आबिद रज़ा के साथ नेक्सु जाटव, रमेश जाटव, राम सिंह कश्यप, विजय कश्यप, सुरेंद्र पाली, हरि कृष्ण पाली, हर्षित यादव, सुनील यादव, रामवीर यादव, रोहताश यादव, अरुण यादव, अमन यादव, वीरपाल यादव, फ़िरासत, दिलशाद सैफी, नन्हे अल्वी, निसार, इस्माइल खां व रईस अहमद आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## सिद्ध नगर में 4.88 करोड़ की लागत से नए पुल निर्माण का शुभारंभ

पूरनपुर। विधानसभा के ट्रांस शारदा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिद्ध नगर में सोमवार को एक महत्वपूर्ण विकास कार्य का शुभारंभ किया गया वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत गघ्क्क किमी 77 पर स्थित क्षतिग्रस्त रपटा पुल/पुलिया के स्थान पर अब 318 मीटर स्पान के नए लघु सेतु (पुल) एवं उसके पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य शुरू कराया गया है, जिसकी कुल लागत 4 करोड़ 88 लाख रुपये है कार्य का शुभारंभ विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं नारियल तोड़कर शिलान्यास के साथ किया गया इस दौरान बताया गया कि नया पुल बनने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और लंबे समय से चली आ रही क्षतिग्रस्त रपटे की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी इस अवसर पर रामनगर मंडल अध्यक्ष विजय सिंह, कबीरगंज प्रधान इकबाल सिंह उर्फ पाला, सिद्ध नगर प्रधान महेंद्र सिंह, रामनगर प्रधान सत्यप्रकाश सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा, राजकुमार सिंह, मंडल महामंत्री युवा मोर्चा सतीश चौहान, आदर्श परिहार, अनिल गुप्ता, देवेंद्र सिंह नेगी सहित कई गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# कुपवाड़ा में शहीद जवान के घर पहुंचे अखिलेश यादव, परिजनों को दिया हर संभव मदद का भरोसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। जिले में उस समय भावुक माहौल हो गया जब जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सर्च ऑपरेशन के दौरान शहीद हुए सेना के जवान अखिलेश शुक्ला के घर सोमवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पहुंचे। उन्होंने शहीद के परिजनों से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बंधुआकला थाना क्षेत्र के अलीगंज मझना निवासी राधे कृष्ण शुक्ला के पुत्र अखिलेश शुक्ला, जिन्हें शुभम के नाम से भी जाना जाता था, भारतीय सेना की 33 वर्कशॉप एमी कोर में नायक पद पर तैनात थे। वर्ष 2023 में सेना में भर्ती हुए जवान की वर्तमान तैनाती कुपवाड़ा में थी। बताया गया कि 28 मार्च को सर्च ऑपरेशन के दौरान उन्हें गोली लग गई थी। गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। शहादत की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। इससे पहले स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शहीद के घर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर चुके थे। इसौली विधायक मोहम्मद ताहिर खान की सूचना पर अखिलेश यादव ने अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच समय निकालकर शहीद के घर पहुंचकर परिवार का दुख साझा किया। मुलाकात के दौरान शहीद के पिता ने परिवार के भरण-पोषण के लिए पेट्रोल पंप आवंटित कराने की मांग रखी। इस पर अखिलेश यादव ने भरोसा दिलाया कि इस दिशा में शासन स्तर पर प्रयास किया जाएगा।

गौरतलब है कि शहीद अखिलेश शुक्ला अपने परिवार के इकलौते पुत्र थे। उनके असमय निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है।

अखिलेश यादव का भाजपा सरकार पर हमला-

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मुसाफिरखाना में बड़ा बयान देते हुए भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। नोएडा में मजदूरों के मुद्दे को उठाते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में मजदूरों के साथ अन्याय हो रहा है और बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जब देश के अन्य राज्यों में मजदूरों की मजदूरी बढ़ रही है, तो उत्तर प्रदेश में ऐसा क्यों नहीं हो रहा। इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर मजदूर ही नहीं आएंगे तो निवेश कैसे चलेगा। पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि वहां दीदी की जीत होगी और यूपी व दिल्ली से जाने वाले लोग पहले अपने यहां का हिसाब दें। उन्होंने आरोप लगाया कि नोटबंदी के बाद तहसील और थानों में भ्रष्टाचार बढ़ा है और लोग डर के कारण ज्यादा पैसा जमा कर रहे हैं। गौरीगंज सीट को लेकर उन्होंने कहा कि यह बहुत हॉट सीट है और प्रत्याशी का चयन जनता से सलाह लेकर किया जाएगा। महिला आरक्षण पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की नीयत साफ नहीं है। बिना क्षेत्र तय किए आरक्षण की बात करना सिर्फ ध्यान भटकाने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि आबादी की सही गिनती किए बिना आरक्षण लागू करना संभव नहीं है।

संविधान को लेकर भी उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार संविधान में छेड़छाड़ करना चाहती है और लोकतंत्र पर भरोसा नहीं करती। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के बनाए संविधान के अनुसार समाज को उसका हक और अधिकार मिलना चाहिए। यह बयान अखिलेश यादव ने सुल्तानपुर जाते समय अमेठी के मुसाफिरखाना में एक निजी कार्यक्रम के दौरान दिया।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से जनपद के लाखों किसानों को मिला आर्थिक संबल

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । जनपद बदायूँ में किसानों की आय वृद्धि एवं आर्थिक सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना प्रभावी रूप से लागू की जा रही है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2017 से दिसंबर 2025 तक जनपद में कुल 4,31,816 किसानों को इस योजना का लाभ प्रदान किया गया है, जिनके खातों में सीधे 181.36 करोड़ रुपए की धनराशि हस्तांतरित की गई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र कृषकों को प्रतिवर्ष 6000 रुपए की सहायता तीन समान किस्तों में सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जाती है। इस योजना ने जनपद के छोटे एवं सीमांत किसानों को खेती-किसानी के लिए आवश्यक संसाधनों की पूर्ति में महत्वपूर्ण सहयोग दिया है। जिला प्रशासन द्वारा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निरंतर निगरानी की जा रही है। साथ ही पात्र किसानों का पंजीकरण, आधार सत्यापन एवं बैंक खातों का सीडिंग कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र किसान योजना के लाभ से वंचित न रहे। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से प्राप्त आर्थिक सहायता के परिणामस्वरूप किसानों की क्रय क्षमता में वृद्धि हुई है तथा कृषि निवेश में सुधार देखने को मिला है। यह योजना जनपद के कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभा रही है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से जनपद में हजारों परिवारों को मिला पक्का आवास

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । जनपद बदायूँ में गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) प्रभावी ढंग से क्रियानवित की जा रही है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार मार्च 2012 से मार्च 2017 तक जनपद में 6,495 लाभार्थियों को योजना का लाभ देते हुए लगभग 7794 लाख रुपए की धनराशि व्यय की गई। वहीं अप्रैल 2017 से दिसंबर 2025 तक इस योजना के अंतर्गत 38,284 परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराए गए, जिन पर लगभग 45,940.80 लाख रुपए की धनराशि व्यय की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का मुख्य उद्देश्य ऐसे परिवारों को आवास उपलब्ध कराना है जो कच्चे या जर्जर मकानों में जीवन यापन कर रहे हैं। योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों का चयन पारदर्शी प्रक्रिया के तहत किया जाता है तथा उन्हें निर्धारित मानकों के अनुसार किस्तों में धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जाती है। जिला प्रशासन द्वारा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नियमित रूप से समीक्षा एवं निगरानी की जा रही है। साथ ही निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु स्थलीय निरीक्षण भी कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के माध्यम से जनपद में न केवल लोगों को सुरक्षित एवं सम्मानजनक आवास मिला है, बल्कि उनके जीवन स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। यह योजना समाज के कमजोर वर्गों के लिए आशा की किरण बनकर उभरी है।

## 15 अप्रैल को होगा किसान दिवस का आयोजन

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । उप कृषि निदेशक ने जानकारी देते हुए बताया कि विकास भवन सभागार में माह के तृतीय बुधवार 15 अप्रैल 2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस आयोजित किया जायेगा, जिसमें जनपद के समस्त सम्बन्धित अधिकारीगण किसानों की समस्याओं के निराकरण हेतु उपस्थित रहेगें। कृषक अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए किसान दिवस में उपस्थित होकर लाभ उठाएं।

## जमीनी विवाद में घायल वृद्ध की मौत

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के काछा भिटौरा गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुए हमले में घायल 95 वर्षीय वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के चार दिन बाद हुई इस मौत से आक्रोशित परिजनों ने सोमवार को शव रखकर प्रदर्शन किया और पुलिस कार्रवाई पर नाराजगी जताई। बताया जा रहा है कि चार दिन पहले गांव में कुछ लोगों ने एक ही परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया था, जिसमें 95 वर्षीय वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका इलाज चल रहा था, लेकिन रविवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजन आक्रोशित हो उठे और शव को रखकर प्रदर्शन करने लगे। सूचना पर एसडीएम जयसिंहपुर प्रभात कुमार सिंह और सीओ जयसिंहपुर आरके चतुर्वेदी समेत प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने समझा-बुझाकर परिजनों को शांत कराया और अंतिम संस्कार के लिए राजी किया। मृतक के पुत्र पिंटू निषाद ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि घटना के बाद जब वह थाने में शिकायत लेकर पहुंचे तो उन्हें ही करीब पांच घंटे तक बैठाए रखा गया। उनका आरोप है कि पुलिस ने मामले को हल्का दिखाते हुए मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज किया, जबकि हमला बेहद गंभीर था। परिजनों का कहना है कि अब तक केवल दो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है, जबकि अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले में हत्या और हत्या के प्रयास जैसी गंभीर धाराएं लगाई जाएं और सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं, सीओ जयसिंहपुर आरके चतुर्वेदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और विवेचना के दौरान धाराओं में बढ़ोतरी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


## आरएसआरडी विद्या मंदिर में अंबेडकर जयंती पर गूंजा शिक्षा और संघर्ष का संदेश

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । आर.एस.आर. डी. सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्यों द्वारा उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, पुष्प अर्पण एवं माल्यार्पण के साथ हुआ विद्यालय के नव-नियुक्त प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर केवल संविधान-निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता के प्रतीक थे उनके आदर्शों को अपनाकर ही एक सशक्त समाज का निर्माण संभव है उप-प्रधानाचार्य मोहित कुमार अवस्थी ने डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने शिक्षा के बल पर समाज में ऊंचा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने छात्रों से उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया वरिष्ठ आचार्य आशीष जौहरी ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही वह साधन है, जिससे जीवन की हर समस्या का समाधान संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम के अंत में सभी ने डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर के आदर्शों पर चलने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प लिया।

# आखिर चुनिंदा दुकानों से ही स्कूल की पुस्तक खरीदने को क्यों मजबूर हैं अभिभावक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में कुछ पेज की किताबें कीमत सैकड़ो से लेकर हजारों में छात्रों के अभिभावकों को पता है की स्कूल वाले खुलेआम लूट रहे हैं लेकिन जाएं तो कर जाएं कहां पूरी तरीके से भ्रष्ट हो चुका शि क्षा विभाग सब जानकर भी धृतराष्ट बना हुआ है आखिर उत्तर प्रदेश के किसी भी जिला अधिकारी द्वारा कोई सख्त निर्देश इन प्राइवेट स्कूलों के खि लाफ नहीं दिए गए लूटमार केंद्र में बदल चुके स्कू लों मे यूकेजी एलकेजी नर्सरी के बच्चों को भी शि क्षा के मंदिर कहे जाने वाले प्राइवेट स्कूलों में बेहत र शिक्षा के नाम पर क्यों लुटा जा रहा है आखिर इ न प्राइवेट स्कूलों की लूट पर शासन प्रशासन की चुप्पी क्यों है एडमिशन के नाम पर पांच हजार से लेकर पचीस हजार वहीं कुछ स्कूलों में लाखों रू पये तक वसूली की जा रही आखिर प्रदेश के मु ख्यमंत्री का ध्यान कब जाएगा इस तरफ उत्तर प्र देश का लगभग हर परिवार इन प्राइवेट स्कूलों के उत्पीड़न का शिकार है हर स्कूल ने अपने स्कूल




में चलने वाले कोर्स के लिए एक स्पेशल दुकान यू समझो की लूट का अड्डा बना रखा है जिसमें किता ब की मूल कीमत से लगभग दो से तीन गुना ज्या दा प्रिंट रेट डालकर बेचा जा रहा है या 60 से 70

प्रतिशत तक कमीशन लिया जा रहा है सीधे सीधे समझो तो इस समय प्राइवेट स्कूलों की सहलग च ल रही है बड़ा मुद्दा है यह लेकिन विपक्ष भी इस प र क्यों नहीं बोल रहा यह बड़ा सवाल है आखिर क्यों चुप हैं शासन प्रशासन और जन प्रतिनिधि, क्यों नहीं होती करवाई प्राइवेट स्कूलों की तथा कथित लूट के खिलाफ आखिर जिम्मेदार लोग जन प्रतिनिधि क्यों खामोश है इसको समझाना बहुत जरूरी है क्योंकि ज्यादातर प्राइवेट स्कूल नेताओं के हैं अथवा नेताओं के संरक्षण में चल रहे हैं जिसमें सत्ता पक्ष विपक्ष सब शामिल है यही का रण है कि कोई भी नेता आवाज नहीं उठाता ना ही कठोर कार्रवाई की मांग करता है यू समझ लो की नेताओं का प्रमुख कारोबार शिक्षा बन चुका है आं कड़ा देखा जाए तो 60 से 70 स्कूलों के तार सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं से कहीं ना कहीं जुड़े हैं स्कूल या तो नेताओं के हैं या फिर नेताओं द्वारा संरक्षित है हालांकि प्रशासनिक संरक्षण भी पूरी तरीके से प्राप्त होता है क्योंकि बिना प्रशासन के संरक्षण के प्राइवेट स्कूल लंबे समय तक इतने बड़े स्तर पर अभिभावकों का उत्पीड़न नहीं कर सकते अगर कोई अभिभावक शिकायत भी करता है तो सीधे शिक्षा विभाग के अधिकारी बोल देते हैं कि आपको नहीं पढ़ना मत पढ़ाओ क्योंकि वह जानते हैं कि यह शिक्षा का मंदिर नहीं उनकी निजी दुका न है।

### कैसे हो नियम, कैसे सुधरेंगे ये प्राइवेट स्कूल

योगी सरकार को चाहिए की इन प्राइवेट स्कूलों की लूट पर लगाम लगाने के लिए हिंदी मीडियम इंग्लिश मीडियम सीबीएससी बोर्ड सहित अन्य माध्यमों के लिए जिलेवार कोर्स निर्धारित कर दें और उनकी कीमत सरकार निर्धारित करे कोई भी अभिभावक विशेष दुकान पर कोर्स लेने को मज बूर ना हो सुविधाओं के हिसाब से फीस भी निर्धा रित की जाए हर स्कूल की अथवा कोर्स उतना ही रखा जाए जितना आवश्यक है।व्यर्थ की पुस्तकों को सिलेबस से हटाया जाए नियम के विपरीत च लने वाले पर कठोर कार्रवाई का प्रावधान हो हर तीन महीने में प्राइवेट स्कूलों की समीक्षा की जाए शिकायत पर प्रमुखता से संज्ञान लेकर दोषपूर्ण होने पर मान्यता रद्द की जाए अगर सरकार इस तरीके से कदम उठाती है तो शिक्षा व्यवसाय नहीं सिर्फ सेवा रह जाएगी।

# खौफनाक मंजर : अस्पताल में मामा की चाकू से गला रेतकर हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले जिले में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ता जा रहा है,धानेपुर थाना के अलावल देवरिया से एक ऐसी घटना सामने आई ,जिसने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया है।जहां लोग इलाज कराने जाते हैं जहां जिंदगी बचाई जाती,वहीं एक व्यक्ति की जिंदगी बेरहमी से खत्म कर दी गई।धानेपुर था ना के अलावल देवरिया में स्थित मेडलाइफ हास्पि टल एंड ट्रामा सेंटर में रविवार की रात में दो कर्मि यों के बीच विवाद हो गया,दोनों ने अपने-अपने स्व जन व रिश्तेदार को बुला लिया।स्वजन के पहुंचने के बाद विवाद मारपीट में बदल गया।मोतीगंज था ना के रमवापुर गांव निवासी व हास्पिटल में काम करने वाले सत्यम शुक्ल के मामा आनंद पांडेय (मामा )अपने भांजे का विवाद सुलझाने अस्पताल पहुंचता है,लेकिन कुछ ही मिनटों में वह खुद मौत का शिकार बन जाता है उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुजेहना भेजा जाता है,जहां चिकित्सक ने रे फर कर दिया।मेडिकल कालेज से संबद्ध चिकि त्सालय ले जाते समय रास्ते में बडकी बेल्हरी निवा सी घायल आनंद पांडेय की मौत हो गई।वही यह सिर्फ एक हत्या नहीं,बल्कि समाज के लिए एक बड़ा सवाल है।यह दर्दनाक घटना गोंडा जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र के बेलहारी गांव की है बेलहारी गांव निवासी आनंद



पांडेय,उम्र करीब 40 वर्ष, पेशे से खाद विक्रेता थे।रविवार की रात वह अपने भां जे सत्य प्रकाश शुक्ला का विवाद सुलझाने के लि ए बग्गी रोड स्थित न्यू मेडी लाइफ अस्पताल एवं ट्रॉमा सेंटर पहुंचे थे।बताया जा रहा है कि सत्य प्र काश शुक्ला उसी अस्पताल में वार्ड बॉय के रूप में काम करते हैं।उसी अस्पताल में अनुपम शुक्ला नाम का एक अन्य युवक भी वार्ड बॉय है।दोनों के बीच काम को लेकर पहले कहासुनी हुई,फिर यह विवाद धीरे-धीरे बढ़ता गया और मारपीट में बदल गया था।हमला इतना गंभीर था कि वह जमीन पर गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई अस्प ताल के अंदर अचानक मची चीख-पुकार से पूरा इलाका दहल उठा।घटना की सूचना मिलते ही धानेपुर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।बताया जा रहा है कि पुलिस ने कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी शुरू कर दी है सबसे दुखद बात यह है कि आनंद पांडेय अपने परिवार के जिम्मेदार सदस्य थे।उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं।अब उनके जाने के बाद पूरा परिवार सदमे में है और घर में मातम पसरा हुआ है।परि जनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वही सोचने वाली बात यह है कि जिस व्यक्ति का उद्देश्य सिर्फ झग ड़ा खत्म करना था,उसी को अपनी जान गंवानी पड़ी।अगर अस्पताल जैसी जगह पर भी हिंसा हो सकती है,तो आम आदमी खुद को सुरक्षित कहां समझेगा....?...यह घटना पूरे गोंडा जिले के लिए एक चेतावनी है।छोटे-छोटे विवाद अगर समय पर नहीं सुलझाए गए,तो वे कभी भी बड़े हादसे में बद ल सकते हैं।आज आनंद पांडेय का परिवार इंसाफ की उम्मीद लगाए बैठा है। इलाके के लोग भी यही चाहते हैं कि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्ता र किया जाए और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिले।क्या अस्पताल जैसी जगहों पर सुरक्षा के कड़े इंत जाम नहीं होने चाहिए..?क्या ऐसे मामलों में तुरंत सख्त कार्रवाई जरूरी नहीं है..? धानेपुर के प्रभारी निरीक्षक अरविंद यादव ने बताया कि प्रकरण की जांच की जा रही है।अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# पत्रकार की मौत पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन में भारी आक्रोश, मंडलायुक्त को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । हाईटेंशन तार टूटने से पत्रकार रंजीत तिवारी की हुई मौत के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन,जनपद इकाई गोंडा ने इस घटना को विद्युत विभाग की घोर लापरवाही बताते हुए मंडलायुक्त को मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ स ख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवार को आर्थिक स हायता देने की मांग की है। ग्रामीण पत्रकार एसो सिएशन के पदाधिकारिओ ने मंडला आयुक्त को

एक ज्ञापन दिया,ज्ञापन में कहा गया है कि हादसा अत्यंत दुखद और चिंताजनक है,जिससे पूरे पत्र कार समाज में आक्रोश है।संगठन ने मृतक पत्रका र के परिजनों को एक करोड़ रुपये मुआवजा देने और उनकी पत्नी को सरकारी नौकरी प्रदान करने की मांग की है।ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि जनपद में जर्जर और लटकती विद्युत लाइनों को तत्काल हटाकर उन्हें भूमिगत किया जाए, ताकि भविष्य में



इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।साथ ही हादसे के लिए जिम्मेदार अधिकारि यों व कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की बात कही गई है संगठन ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने, जांच टीम से संदिग्ध अधिका रियों को हटाने और पूरे जिले में विद्युत व्यवस्था की व्यापक समीक्षा कर सुधारात्मक कदम उठाने की भी मांग की है।

इसके अलावा पत्रकारों के लिए बीमा,श्रम कार्ड, स्थायी समिति की नियमित बैठकें तथा जनपद मुख्यालय पर पत्रकारों के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात भी उठाई गई है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि पंद्रह दिनों के भीतर मांगें पूरी नहीं की गईं तो संगठन व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगा उ सकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

वही मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि पत्रकार एसोसिएशन द्वारा प्राप्त ज्ञापन के संबंध में जिलाधिकारी को पत्र लि ख कर तत्काल सख्त कार्यवाही का निर्देश दिया है वही मौके पर संगठन सैकड़ो पदाधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

# नौव्वा गाँव में वीडियो के ढुलमुलरवैया से मानक के विपरीत बनकर तैयार इंटरलॉकिंग सड़क.

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। विकास खंड मुजेहना की ग्रामपंचायत नौव्वा गाँव में प्रधान और सचिव की मिलीभगत से नौव्वा गाँव में इंटरलॉकिंग सड़क धड़ल्ले से बन रही मान क विहीन बनने का आरोप लग रहा है।बता दे कि गोंडा जनपद के केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के संस दीय क्षेत्र में विकासखंड मुजेहना की ग्राम पंचायत नौव्वा गाँव में मनरेगा की मद से बन रही इंटरलॉ किंग सड़क मानक विहीन बेहद घटिया बनाया जा ने का आरोप लगाया जा रहा है।प्रधान और सचिव की मिलीभगत से इंटरलॉकिंग सड़क में पीली व र द्दी ईट का प्रयोग किया जा रहा और बालू की जग ह पर मिट्टी खुलेआम इंटरलॉकिंग सड़क में डाली जा रही गिट्टी का प्रयोग नाम मात्र किया जा रहा है इंटरलॉकिंग में मिट्टी भरपूर तरीके से डाला जा रहा बगल की ईट वाली पट्टी को बालू से जोड़ा जा रहा है इस मानक विहीन इंटरलॉकिंग सड़क कितने दि न चलेगी सूत्रों की माने तो लोगों का कहना है ग्राम प्रधान दबंग होने की वजह से कोई अपनी आवाज नहीं उठा रहा मनमानी रवैया



से इंटरलॉकिंग सड़ क बनकर तैयार हो गई है.वही लोगो की माने तो इतनी घटिया इंटरलॉकिंग सड़क पहले कभी भी न हीं बनी है वही सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि दबंग ग्राम प्रधान के द्वारा लोगों से कह रहे है कि हम मिट्टी डालकर ही बनवा आएंगे कोई हमारा कु छ नहीं बिगाड़ सकता जिसको जो करना है करें जो लिखना पढ़ना हो पढ़े जब तक वीडियो साहब हमारे साथ हैं जब तक हमारा कोई कुछ नहीं बि गाड़ सकता है,लेकिन वही सवाल उठना लाजिमी है

### नौव्वा गाँव में वीडियो के ढुलमुलरवैया से मानक के विपरीत बनकर तैयार इंटरलॉकिंग सड़क.

### ग्राम प्रधान सचिव ने इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण में जमकर की भ्रष्टाचार

### इंटरलॉकिंग सड़क में मोरंग,सीमेंट की भराई की जगह बालू और मिट्टी से भराई की जा रही

कि इतने घटिया निर्माण से जिम्मेदार अधिकारि यो पर सवाल उठते हैं और जिम्मेदार मौन होने की वजह से इस तरह के निर्माण से सरकारी धन की लूट मची और जिस तरह से बंदरबांट हो रहा है जिम्मेदारों को कटघरे में सवाल खड़े करते हैं देख ने की बात अब यह होगी इन सरकारी खजाने की बंदरबांट करने वालों पर कब कार्यवाही होती है।

# अम्बेडकर जयन्ती के उपलक्ष्य में स्पार्क कालेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार समाज कल्याण विभाग असीम अरूण के निर्देश पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 136वीं जन्म-जयन्ती के अवसर पर स्पार्क कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंस एंड नर्सिंग में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कालेज के शिक्षण स्टाफ के साथ-साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डॉ. अभिलाषा वर्मा ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। डॉ. वर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ. अम्बेडकर के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब द्वारा सामाजिक समानता, शिक्षा




और न्याय के क्षेत्र में किये गये कार्य आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राओं द्वारा बाबा साहब द्वारा निर्मित भारतीय संविधान की विशेषताओं, उसकी एकता और अखंडता बनाए रखने में उसकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। सहायक प्रबंधक देव व्रत शर्मा ने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक के अधिकारों और कर्तव्यों का मार्गदर्शक है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम :महिलाओं ने देखा पीएम मोदी का लाइव संबोधन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा- जिला पंचायत सभागार में नारी शक्ति वंदन'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव संबोधन का प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित महिलाओं ने ध्यानपूर्वक देखा और सराहा।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को जागरूक करना तथा उन्हें केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं से जोड़ना रहा।इस अवसर पर डीपीओ कार्यक्रम ने कहा कि महिला सशक्तिक रण समाज और राष्ट्र के समग्र विकास की आधार शिला है।महिलाओं को शिक्षा,स्वास्थ्य और आर्थि क स्वावलंबन के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।जिला विकास अधिकारी सुशील कुमा र श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचा रियों की उपस्थिति में महिलाओं को विभिन्न योज नाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनने, डिजिटल



साक्षरता बढ़ाने और साइबर अपराधों से सतर्क रहने के प्रति भी जाग रूक किया गया।कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यक त्रियों,महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों त था ग्रामीण क्षेत्रों से आई महिलाओं की सक्रिय भा गीदारी देखने को मिली।उपस्थित महिलाओं ने इस प्रकार के कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि इससे उन्हें नई जानकारियां प्राप्त होती हैं और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।कार्यक्रम शांति पू र्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम के दौ रान जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवा स्तव,जिला प्रोवेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार उपाध्याय सहित विभाग से संबंधित अन्य सभी अधिकारीग ण उपस्थित रहे।

## जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 15 अप्रैल को

बहराइच । सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 15 अप्रैल 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने बताया कि पूर्व यह बैठक 14 अप्रैल 2026 को प्रस्तावित थी परन्तु उक्त दिवस को रालकीय अवकाश होने के कारण अब यह बैठक 15 अप्रैल 2026 को आयोजित होगी।

जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक में नहरों की समुचित सफाई, नहरों की कटिंग तथा टेल तक पानी की उपलब्धता, रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन, नहरों के कुलाबों की व्यवस्था, राजकीय नलकूपों का संचालन व बन्दी की समीक्षा, सिंचाई शुल्क निर्धारण, कृषकों से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ सिंचाई मंत्री द्वारा निर्देशित अन्य कार्यो पर चर्चा की जायेगी। सदस्य सचिव ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

# चोरी की सोलह बैट्रियों के साथ अर्टिगा सवार चार अंतर्जनपदीय शातिर अपराधी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी,थाना जगदीशपुर, भाले सुल्तान शहीद स्मारक व स्वाट सर्विलांस टीम ने बैट्री चोरियों के पांच अभियोगों का अनावरण कर चार अन्तर्जनपदीय शातिर बैट्री चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनके कब्जे से चोरी की कुल सोलह बैट्रियां व एक तमंचा, एक जिन्दा कारतूस एवं चोरी की घटना में प्रयुक्त अर्टिगा कार बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव मय हमराह, थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक के थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल मय हमराह व स्वाट टीम प्रभारी अनूप कुमार सिंह मय हमराह देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अर्टिगा कार संख्या यूपी 33 बीएक्स 6797 सवार फहीम पुत्र वसीम निवासी औरंगाबाद खालसा थाना आशियाना जनपद लखनऊ,गोलू उर्फ शनी कश्यप पुत्र मंगल कश्यप निवासी बझेरा थाना शोहरामऊ जनपद उन्नाव हालपता पकरी पुल थाना



आशियाना जनपद लखनऊ,अंकित कुमार पुत्र सुनील कुमार गौतम निवासी द्वारिका प्रोजेक्ट पोस्ट कोडा जहानाबाद थाना जहानाबाद जनपद फतेहपुर,नितिन शाहू पुत्र महेश शाहू निवासी आशियाना सेक्टर एम-वन मकान संख्या 1080 थाना आशियाना लखनऊ को गिरफ्तार किया गया जिसमें फहीम की तलाशी से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस व अर्टिगा कार की तलाशी से छह बैट्रीयां विभिन्न कम्पनियों की बरामद हुई है।

बरामद बैट्रीयों के बारे मे पूंछने पर गिरफ्तार युवकों ने बताया कि यह बैट्री चोरी की है जिसे वह सभी लोग मिलकर काफी समय से आस पास के क्षेत्र से बैट्री चोरी करके रखे हैं।बरामद बैट्री के अलावा दस बैट्रीयां अन्य चोरी की खंडहर में रखे हैं। पुलिस ने पकड़े गये युवकों की निशानदेही पर जामो मोड के पास खंडहर से दस बैट्रीयां बरामद हुई। छह बैट्रीयां थाना क्षेत्र गौरीगंज व अन्य दस बैट्रीयां की रात्रि ग्राम लिढियावा, रानीगंज के पास, जामो रोड रानीगंज के पास से चोरी किये थे। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने बताया कि थाना क्षेत्र गौरीगंज, जगदीशपुर व भाले सुल्तान शहीद स्मारक में हुई चोरियों के संबंध में संबंधित थानों पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रचलित है। उक्त चोरियों का अनावरण करते हुये चोरियों से संबंधित बैट्रियों की बरामदगी की गयी है व युवकों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार फहीम एक शातिर अपराधी है जिसके खिलाफ प्रतापगढ़,लखनऊ, अयोध्या जनपद के विभिन्न थानों में दस अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।उक्त सराहनीय कार्य हेतु थाना जगदीशपुर,थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक व स्वाट सर्विलांस टीम को पच्चीस हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया है।

# उत्थान आडिटोरियम में आयोजित हुआ नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हराइच । कपूरथला परिसर स्थित उत्थान मल्टीपर्पज आडिटोरियम में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सांसद बहराइच डॉ. आनन्द गोंड, सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल, पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल, निर्वाचित सभासदगण की मौजूदगी में नगर पालिका परिषद, बहराइच अन्तर्गत शासन द्वारा नामित सभासदों फीगंज निवासी नितिन रूपानी, चिक्कीपुरा नि. सुनील श्रीवास्तव, घसियारीपुरा नि. रीति निगम, गुदड़ी नि. बैजनाथ रस्तोगी व विपिन यज्ञसैनी को नगर पालिका परिषद बहराइच की अध्यक्ष श्रीमती सुधा देवी द्वारा विधिवत शपथ



ग्रहण कराया गया। शपथ ग्रहण समारोह में नामित सदस्यगणों द्वारा नगर के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी-अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी। इस अवसर पर गणमान्य व संभ्रान्तजन, नगर पालिका परिषद बहराइच की अधिशासी अधिकारी प्रमिता सिंह व अन्य अधिकारी तथा कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# समता की आस्था

यह विडंबना ही है कि 21वीं सदी, जिसे ज्ञान की सदी भी कहा जाता है, में किसी व्यक्ति के धार्मिक स्थल विशेष जाने पर वर्ग या लिंगभेद के आधार पर रोक लगे। इस बाबत सुप्रीम कोर्ट की उस टिप्पणी से सहमत हुआ जा सकता है जिसमें कहा गया कि मंदिरों व मठों में प्रवेश में भेदभाव धर्म के लिये अच्छा नहीं है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने धार्मिक स्थलों में महिलाओं से भेदभाव के मामले में सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की थी। देश की शीर्ष अदालत का मानना था कि मंदिरों और मठों में जाने का अधिकार हर व्यक्ति को मिलना चाहिए। अदालत ने चिंता जतायी कि यदि ऐसा नहीं होता है तो समाज में विभाजन को बढ़ावा मिलेगा। जिसका धर्म विशेष की सर्वस्वीकार्यता पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। दरअसल, मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय संविधान पीठ धार्मिक स्थलों में महिलाओं से भेदभाव के मामले में सात कानूनी सवालों पर विचार कर रही है। जिसमें केरल के बहुचर्चित सबरीमाला मंदिर में दस से पचास साल की महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध का मुद्दा भी शामिल है। दरअसल, केरल के कई संगठनों की ओर से शीर्ष अदालत में उपस्थित अधिवक्ता ने दलील दी थी कि संप्रदाय विशेष का मंदिर, इस मामले में प्रवेश की अनुमति और पूजापाठ की इजाजत एक संप्रदाय विशेष तक सीमित रख सकता है। इस प्रसंग में पीठ की न्यायाधीश बीवी नागरत्ना ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को मंदिर और मठ में प्रवेश का अधिकार मिलना चाहिए। किसी को रोका जाना हिंदू धर्म के लिए अच्छी परंपरा नहीं है। दूसरे शब्दों में इसका धर्म पर बुरा असर नहीं पड़ना चाहिए। निश्चित रूप से देशकाल व परिस्थितियों के अनुसार देश के कानून व संविधान में भी परिवर्तन किए गए हैं। ऐसा में आस्था स्थलों से जुड़ी मान्यताओं व परंपराओं पर भी तर्कशील ढंग से विचार किया जाना जरूरी है। यह किसी भी समाज में समतामूलक सोच के विस्तार के लिये अपरिहार्य शर्त होनी चाहिए। इस दिशा में उदार सोच समय की जरूरत है। इसमें दो राय नहीं कि हमारे धार्मिक स्थल हमारी आध्यात्मिक दृष्टि को समृद्ध करने में अहम भूमिका निभाते हैं। धार्मिक होने का मतलब है ममता-समता और लोककल्याण से जुड़ी व्यापक दृष्टि का होना। श्रद्धालु किसी भी धार्मिक स्थल में मन की शांति और सुकून के लिये जाते हैं। इस बात से सहमत नहीं हुआ जा सकता है कि पूजा पद्धति व धार्मिक स्थल में प्रवेश रोकने पर हमारे आराध्य प्रसन्न होंगे। पौराणिक प्रसंगों में ऐसे उदाहरण नहीं मिलते हैं जब धरती पर अवतार लेने वाले देवताओं ने किसी वंचित समाज के व्यक्ति और महिलाओं को लेकर किसी तरह के भेदभाव को प्रश्रय दिया हो। छोटा-बड़ा, अमीर-गरीब व महिला व पुरुष का भेद कभी उनके कालखंड में सामने नहीं आया। इसके बावजूद देशकाल परिस्थितियों में तथा तार्किकता के अभाव में यदि किसी तरह भेदभाव कतिपय कारणों से सामने आया भी हो, तो वक्त का तकाजा यही है कि उन्हें समय के अनुकूल ढाला जाए। आस्था के नजरिये से बात करें तो भी ईश्वर ने अपनी किसी भी रचना को लेकर कभी किसी तरह का भेदभाव नहीं किया। तो फिर उसके रचे इंसानों को किसी तरह के भेदभाव की अनुमति कैसे दी जा सकती थी। बहुत संभव है कि किसी समय में शुचिता को लेकर परंपरागत सोच रही हो। लेकिन आज विज्ञान ने कई प्राचीन धारणाओं व रूढ़ियों को बदलकर नई दृष्टि दी है। चंद्रमा हजारों साल से मानवीय आस्था का प्रतीक रहा है। हिंदू, मुस्लिम व अन्य धर्म किसी न किसी रूप में चंद्रमा को गहन आस्था के केंद्र के रूप में देखते रहे हैं। 19वीं सदी में कौन सोच सकता है कि तमाम धर्मों में पूज्य चांद पर कभी इंसान भी कदम रख सकता है। लेकिन आज यह हकीकत है कि भारत समेत कई विकसित देशों के मिशन चंद्रमा की सतह पर उतरे हैं। बहरहाल, ऐसे में उस धर्म विशेष की सर्वस्वीकार्यता को लेकर सवाल खड़े हो सकते हैं, जो व्यक्ति, वर्ग, संप्रदाय व लिंग के आधार पर किसी भी तरह का भेद करता हो। जैसा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि ऐसे निर्णयों का धर्म पर नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए।

# डॉ. आम्बेडकर के विचारों को समझने की जरूरत

**डॉ. आम्बेडकर का जन्म 14 अप्रेल, 1891 को मध्यप्रदेश के महू में हुआ था। उनका मुख्य विचार' शिक्षत बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो।बना था'। ये शब्द सामाजिक सशक्तीकरण और सामूहिक प्रगति के प्रति उनके दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। वे महात्मा ज्योतिबा फुले को अपना गुरू मानते थे, क्योंकि उनके विचारों और सामाजिक आन्दोलनों से बहुत प्रेरित हुए। संत कबीर और महात्मा बुद्ध को भी अपना दार्शनिक गुरू मानते थे। उन्होने बुद्ध के समानता और भाईचारे के सिद्धांत को जीवनभर अपनाया। कबीर के आडम्बर मुक्त और सामंतवादी विचारों का भी प्रभाव रहा। डॉ. आम्बेडकर अपने अधिकतर भाषणों में महिलाओं, मजदूरों और समाज के वंचित वर्गों को शिक्षा लेने के लिए प्रोत्साहित करते थे। उन्होंने श्रमिकों के लिए काम के घंटे, न्यूनतम वेतन और अन्य अधिकार सुनिश्चित कराने में भूमिका निभाई। उनकी परिकल्पना से ही भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना हुई । वे भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पी, समाज सुधारक, अर्थशास्त्री, महिला उदारक , मजदूरों के हितैषी और दलितों के मसीहा थे। उन्होंने समानता, बंधुत्व और सामाजिक न्याय के लिए जीवन भर संघर्ष किया, जाति आधारित भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई और भारतीय संविधान के माध्यम से शोषितों, महिलाओं व श्रमिकों को मौलिक अधिकार दिलाकर राष्ट्र निर्माण में अद्वितीय योगदान दिया। वे संविधान सभा की ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष थे।**

देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने डॉ. भीमराव आम्बेडकर को आधुनिक भारत का निर्माता और सामाजिक सुधारों का अग्रदूत कहा था। डॉ. आम्बेडकर ने कानून मंत्री के पद से महिलाओं को समान अधिकार दिलाने के लिए संसद में हिन्दू कोड बिल पेश किया । इसमें संपत्ति और तलाक के अधिकार भी शामिल थे। वे कहा करते थे- महिलाओं की सामाजिक स्थिति देखकर उस समाज की प्रगति का अनुमान लगाया जाना चाहिए। शिक्षा ही सामाजिक परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम है। डॉ. आम्बेडकर का जन्म 14 अप्रेल, 1891 को मध्यप्रदेश के महू में हुआ था। उनका मुख्य विचार' शिक्षत बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो।बना था'। ये शब्द सामाजिक सशक्तीकरण और सामूहिक प्रगति के प्रति उनके दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। वे महात्मा ज्योतिबा फुले को अपना गुरू मानते थे, क्योंकि उनके विचारों और सामाजिक आन्दोलनों से बहुत प्रेरित हुए। संत कबीर और महात्मा बुद्ध को भी अपना दार्शनिक गुरू मानते थे। उन्होने बुद्ध के समानता और भाईचारे के सिद्धांत को जीवनभर अपनाया। कबीर के आडम्बर मुक्त और सामंतवादी विचारों का भी प्रभाव रहा। डॉ. आम्बेडकर अपने अधिकतर भाषणों में महिलाओं, मजदूरों और समाज के वंचित वर्गों को शिक्षा लेने के लिए प्रोत्साहित करते थे। उन्होंने श्रमिकों के लिए काम के घंटे, न्यूनतम वेतन और अन्य अधिकार सुनिश्चित कराने में भूमिका निभाई। उनकी परिकल्पना से ही भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना हुई । वे भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पी, समाज सुधारक, अर्थशास्त्री, महिला उदारक , मजदूरों के हितैषी और दलितों के मसीहा थे। उन्होंने समानता, बंधुत्व और सामाजिक न्याय के लिए जीवन भर संघर्ष किया, जाति आधारित भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई और भारतीय संविधान के माध्यम से शोषितों, महिलाओं व श्रमिकों को मौलिक अधिकार दिलाकर राष्ट्र निर्माण में अद्वितीय योगदान दिया। वे संविधान सभा की ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष थे। उन्होंने सभी नागरिकों के लिए न्याय, स्वतंत्रता और समानता सुनिश्चित करने वाला संविधान तैयार किया। उन्होंने अस्पृश्यता के खिलाफ लम्बी जंग लड़ी, दलितों के सम्मान और अधिकारों के लिए मूकनायक, बहिष्कृत भारत जैसी पत्रिकाएं प्रारंभ करके उनमें जनचेतना संचार किया। उन्होंने भारत में मजदूर वर्ग के अधिकारों, समानता और सुरक्षा के लिए ऐतिहासिक योगदान दिया, जिसमें काम के घंटे 14 से घटाकर 8 करना, महिलाओं के लिए प्रसूति अवकाश, न्यूनतम वेतन, और कर्मचारी राज्य बीमा की शुरुआत शामिल हैं। उन्होंने ट्रेड यूनियनों को मान्यता दिलाई और भारतीय संविधान के माध्यम से शोषण के खिलाफ कानूनी अधिकार सुनिश्चित करवाए। उन्होंने मजदूरों के संगठित होने और सामूहिक सौदेबाजी के अधिकार को कानूनी मान्यता दिलाने का काम किया। संविधान में अनुच्छेद 23, 24, 39 और 43 के तहत बंधुआ मजदूरी, बाल श्रम, और समान काम के लिए समान वेतन जैसे प्रावधानों को शामिल किया। उन्होंने 1942 में 7वें भारतीय श्रम सम्मेलन में कारखानों में काम के घंटे 14 से घटाकर 8 घंटे करने का नियम लागू किया। उसी दौरान न्यूनतम मजदूरी अधिनियम का मसौदा तैयार किया, हालांकि इसे 1948 में कानून के रूप में लागू किया गया। वे 1944 में वेतन भुगतान (संशोधन) विधेयक पेश किया। इसमें महंगाई भत्ता (डीए), छुट्टी लाभ, वेतनमान में संशोधन,



ओवरटाइम के लिए अतिरिक्त भुगतान, रियायती भोजन आदि प्रावधान शामिल थे। डॉ .आम्बेडकर भारतीय महिलाओं को समानता, शिक्षा और संपत्ति के अधिकार दिलाने के लिए हिंदू कोड बिल के माध्यम से ऐतिहासिक संघर्ष किया। संविधान निर्माता के रूप में उन्होंने महिलाओं के लिए समान अधिकार, तलाक, गोद लेने और विरासत के अधिकार सुनिश्चित किए। भारतीय संविधान के माध्यम से उन्होंने महिलाओं को मतदान का अधिकार, समान काम के लिए समान वेतन, और शिक्षा व रोजगार में समानता सुनिश्चित की। उन्होंने महिलाओं को तलाक लेने, पिता की संपत्ति में हिस्सा पाने, और गोद लेने का अधिकार देने के लिए हिन्दू कोड बिल पेश किया। यद्यपि यह तुरंत पास नहीं हुआ, लेकिन बाद में इसके प्रावधानों को ही हिन्दू कानून के रूप में अपनाया गया। उन्होंने महिलाओं को शिक्षित होने और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उनका प्रसिद्ध कथन था कि पुरुषों की शिक्षा से अधिक महिलाओं की शिक्षा महत्वपूर्ण है। वे बाल विवाह, पर्दा प्रथा, और देवदासी जैसी कुरीतियों का कड़ा विरोध करते हुए महिलाओं को सम्मानजनक जीवन जीने के लिए प्रेरित करते थे। उन्होंने कार्यस्थल पर महिलाओं को मातृत्व अधिकार का लाभ दिलाने की वकालत की थी। डॉ. आम्बेडकर ने कहा था कि सरकार को कश्मीर में रह रहे हिन्दू और बौद्ध की सुरक्षा की चिंता सबसे पहले करनी चाहिए। वह भविष्यवाणी सही साबित हुई। 90 के दशक में कश्मीर से हिन्दुओं और बौद्धों को निकाला गया। काश सरकारें उनके कथन को गंभीरता से लेतीं तो आज परिणाम कुछ और होते। भारत-पाकिस्तान के बंटवारे के समय पाकिस्तान में रह गए हिन्दुओं के लिए कहा था कि वे शीघ्र ही पाकिस्तान छोड़कर आ जाएं, क्योंकि उनका पाकिस्तान में भविष्य सुरक्षित नहीं है। यह भविष्यवाणी वर्तमान में सही सिद्ध हो रही है। वहां पर हिन्दुओं को जबरन इस्लाम स्वीकार करवाया जा रहा है। बहरहाल, हम यह कह सकते हैं कि इस महामानव के साथ उस दौर में न्याय नहीं किया गया। लेकिन आज उनके विचार विश्वविद्यालय की गोष्ठियों से निकलकर आम सभाओं में सुने जा रहे हैं। उनके कार्यों के बारे में जानकारी देने के लिए आम्बेडकर कथा की जा रही है। उनके किए गए कार्यों को देखकर उनके अनुयायियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। **–डॉक्टर लोकेश चंदेल**

# आशा ताई का निधन-पार्श्व गायन के एक स्वर्णिम युग का अंत

**मृत्युंजय दीक्षित**

देश की महान पार्श्व गायिका आशा भोंसले जी का निधन भारतीय सिनेमा के लिए एक अपूरणीय क्षति है। 8 सितंबर 1933 को महाराष्ट्र के सांगली में जन्मी, स्वर साधिका आशा भोंसले जी अपनी आवाज़ के जादू से संगीत प्रेमियों के दिलों पर राज करती थीं। पिता दीनानाथ मंगेशकर ने ही अपनी पुत्री आशा को संगीत की आरंभिक शिक्षा दी किन्तु जब आशा की आयु मात्र 9 वर्ष की थी तभी दीनानाथ जी का निधन हो गया और पूरा परिवार मुंबई आ गया। परिवार की आर्थिक सहायता के लिए आशा और इनकी बड़ी बहन लता मंगेशकर जी ने फिल्मों में गीत गाना और अभिनय करना आरम्भ किया। आशा जी ने प्रथम गीत 1943 में मराठी फिल्म माझा बाल में गाया था। 1948 में हिंदी फिल्म चुनरिया का गीत ल्लसावन आयाल्ल हंसराज बहल के लिए गाया। आशा भोंसले ने 20 भाषाओं में 12 हजार से अधिक गीत गाए हैं। आशा जी ने मराठी, असमिया, हिंदी, तेलुगू, मराठी, बंगाली, गुजराती, पंजाबी, भोजपुरी, तमिल, और मलयालम भाषा में गीत तो गाये ही वहीं विदेशी अंग्रेजी, रशियन, नेपाली, मलय आदि भाषाओं में भी गीत गाकर इतिहास रचा। एक समय ऐसा था जब आशा जी को नायिकाओं पर फिल्माए जाने वाले प्रमुख गीत नहीं मिलते थे। 1950 के दशक में आशा जी ने दूसरी-तीसरी श्रेणी की फिल्मों या फिर खलनायिकाओं वाले गीत गाए।आशा जी की लोकप्रियता फिल्म बूट पॉलिश के गीत ल्लनन्हें मुन्ने बच्चोंल्ल के साथ हुई। आशा जी को सबसे बड़ा अवसर 1956 में ओ.पी. नैयर की फिल्म सीआईडी में मिला, इस फिल्म के गीत बेहद लोकप्रिय हुए। 1957 मे बी. आर. चोपड़ा की फिल्म नया दौर के गीतों से कमाल हो गया और इन फिल्म के गीत जनमानस में छा गये थे।1966 में संगीतकार आर.डी. बर्मन की सबसे सफल फिल्म तीसरी मंजिल से आशा जी की आवाज़ का जादू श्रोताओं के सर चढ़कर बोलने लगा। 1970 तक आशा जी एक प्रमुख आवाज़ बन गयीं। उस समय के गीत आज भी अत्यंत लोकप्रिय हैं। 1981से 1987 तक आशा जी ने अपने गीतों का लोहा मनवा लिया। आशा जी ने कई संगीत निर्देशकों के साथ काम किया, जिनमें संगीतकार ओ. पी, नैयर, खैय्याम, रवि, सचिन देव बर्मन के साथ उनकी साझीदारी बहुत प्रभावशाली रही। संगीत निर्देशक जयदेव ने आशा जी के साथ कई फिल्मों के लिए गीत रिकॉर्ड किए। 1987 में जयदेव जी के निधन के बाद उनके कम प्रसिद्ध गीतों का संकलन जो जयदेव के द्वारा संगीतबद्ध था सुरांजलि नाम से निकाला गया इसमें आशा जी की प्रमुख भूमिका थी। संगीतकार शंकर जयकिशन के साथ आशा जी ने जो गीत गाए वे काफी लोकप्रिय हुए। आशा जी ने ही 1970 में मेरा नाम जोकर प्रसिद्ध फिल्म के गीत गाए और लोकप्रियता बटोरी।आशा जी ने इलैया राजा से लेकर इस पीढ़ी के ए आर रहमान तक के साथ किया । फिल्मी दुनिया में शायद ही ऐसा कोई संगीताकर हो जिसके लिए आशा जी ने गीत न गाया हो।आशा जी ने कई निजी एलबम भी निकाले इनमें ल्लकभी तो नजर मिलाओल्ल और ल्लबरसे बादलल्ल काफी लोकप्रिय हुए। गायन की विविधता से आशा जी ने अपनी गायकी में अभूतपूर्व ऊंचाई प्राप्त की। आशा भोंसले जी को सात बार फिल्म फ़ेयर पुरस्कार, 1995 में फिल्म रंगीला के लिए विशेष पुरस्कार, 2001 में फिल्मफ़ेयर लाइफ टाइम अचीवमेंट, 1981 में उमराव जान और 1986 में इजाजत के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिले। 1997 में आशा जी को उस्ताद अली अकबर खान के साथ विशेष एलबम के लिए ग्रैमी अवार्ड हेतु नामांकित किया गया।वर्ष 2000 में उन्हें दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वर्ष 2008 में उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। आशा जी का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में भी अंकित है।

## सेहत मंत्र

# मोटापा और डायबिटीज से छुटकारा दिलाती है भिंडी

ओकरा यानी भिंडी मधुमेह के खतरे और वजन घटाने वाले लोगों के लिए ''सुपरफूड'' के तौर पर लोकप्रिय हो रही है। यह आमतौर पर लेडीफिंगर्स के रूप में जानी जाती है। भिंडी कई स्वास्थ्य लाभों के बीच रक्त शर्करा नियंत्रण पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। कई रिसर्च में यह साबित हुआ है कि भिंडी डायबिटीज में काफी फायदेमंद होती है। इसके सेवन से ब्लड शुगर काफी हद तक नियंत्रित रहता है। इसके अलावा भिंडी काफी लो कैलोरी वाली सब्जी है और इसमें फाइबर की मात्रा काफी ज्यादा है जिसके कारण यह वजन कम कर मोटापा दूर करती है। आज हम आपको इस लेख के माध्यम से बताएंगे कि किस प्रकार से भिंडी मोटापा और डायबिटीज में फायदेमंद है। भिंडी में तनाव को कम करने वाले गुण पाए जाते हैं जो डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद है। क्योंकि डायबिटीज के दौरान होने वाला तनाव शुगर लेवल को बढ़ाता है। भिंडी खाने से तनाव कम होता है। इसके अलावा भिंडी में मौजूद यूगेनॉल डायबिटीज से बचाने में मदद करता है। यह फाइबर रक्त में शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने का काम करता है। यह अंडकोशों में शर्करा के अवशोषण की प्रक्रिया को धीमा कर डायबिटीज को दूर रखने अथवा नियंत्रित करने का काम करता है। जो लोग वजन कम करना चाहते हैं, उनके लिए भिंडी में मौजूद फाइबर से अच्छा और कोई उपाय नहीं है। भिंडी में कैलोरी की मात्रा बिलकुल भी नहीं होती , इसलिए यह वजन कम करने का अच्छा उपाय माना जाता है। भिंडी कब्ज को भी दूर करती है। यह डायटरी फाइबर का सबसे अच्छा स्रोत मानी जाती है, जो हमारी पाचन क्रिया के लिए काफी लाभकारी होती है। यह घुलनशील फाइबर शरीर में मौजूद पानी में घुल जाते हैं, जिससे हमारी पाचन क्रिया दुरुस्त हो जाती है। भिंडी में मौजूद आयरन तत्व हमारे शरीर के लिए काफी लाभकारी होते हैं। यह रक्त में हीमोग्लोबिन का निर्माण करते हैं, जिससे आप अनीमिया से बचे रहते हैं। इसके साथ ही भिंडी में मौजूद विटामिन के रक्त स्राव को रोकने में मदद करता है, जिससे किसी विकट परिस्थिति में शरीर से रक्तस्राव बहुत कम होता है।

## धर्म मंत्र

# आक के पुष्पों से पूजा करने से सूर्य होते हैं प्रसन्न

रविवार सूर्य देवता की पूजा का वार है। जीवन में सुख-समृद्धि, धन-संपत्ति और शत्रुओं से सुरक्षा के लिए रविवार का व्रत सर्वश्रेष्ठ है। विद्वानों का मानना है कि रविवार का व्रत करने व कथा सुनने से मनुष्य की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। मान-सम्मान, धन-यश तथा उत्तम स्वास्थ्य मिलता है। कुष्ठ रोग से मुक्ति के लिए भी यह व्रत किया जाता है। सूर्य पूजा में उनके पसंदीदा पुष्पों का प्रयोग करें तो भगवान भास्कर अत्यंत प्रसन्न होते हैं। विष्य पुराण के अनुसार सूर्य भगवान को यदि एक आक का फूल अर्पण कर दिया जाए तो सोने की दस अशर्फियां चढ़ाने का फल मिलता है। भगवान आदित्य को चढ़ाने योग्य कुछ फूलों का उल्लेख वीर मित्रोदय, पूजा प्रकाश में भी है। सूर्य को रात्रि में कदम्ब के फूल और मुकुर को अर्पण करना चाहिए तथा दिन में शेष अन्?य सभी फूल चढ़ाए जा सकते हैं। बेला का फूल दिन और रात दोनों समय चढ़ाया जा सकता है। कुछ फूल सूर्य आराधना में निषिद्ध हैं। ये हैं गुंजा, धतूरा, अपराजिता, भटकटैया और तगर इत्यादि। इनका प्रयोग भूल कर भी नहीं करना चाहिए। रविवार को प्रातःकाल स्नान आदि से निवृत्त हो, स्वच्छ वस्त्र धारण कर सूर्य देव का स्मरण करें। घर के ही किसी पवित्र स्थान पर भगवान सूर्य की मूर्ति या चित्र स्थापित करें। इसके बाद विधि-विधान से गंध-पुष्पादि से भगवान सूर्य का पूजन करें। इसके बाद विधि-विधान से गंध-पुष्पादि से भगवान सूर्य का पूजन करें। एक समय भोजन करें। भोजन इत्यादि सूर्य प्रकाश रहते ही करें। अंत में कथा सुनें। इस दिन नमकीन और तेल युक्त भोजन ना करें। यदि किसी कारणवश सूर्य अस्त हो जाए और भोजन न कर पायें तो अगले दिन सूर्योदय तक वह निराहार रहे तथा फिर स्नानादि से निवृत्त होकर, सूर्य भगवान को जल देकर, उनका स्मरण करने के बाद ही भोजन ग्रहण करे।

## पर्यटन



# स्मार्ट सिटी चंडीगढ़ की इन जगहों पर घूमना न करें मिस

स्मार्ट सिटी की चर्चा के बीच बात करें, तो आजादी के बाद देश का पहला नियोजित शहर है चंडीगढ़। यह शहर ऊर्जा क्षेत्र में भी देश को नई राह दिखा रहा है। यह देश का ऐसा पहला शहर होगा जिसके इस साल के आखिर तक अक्षय ऊर्ज़ा पर निर्भर हो जाने की उम्मीद है। आज वंदना वालिया बाली के साथ चलते हैं चंडीगढ़ के सफर पर..आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का सपना था कि देश में एक ऐसा आधुनिक शहर बसाया जाए जो नए गणतंत्र की रचनात्मक क्षमता को दर्शाए। इस सपने की नींव चंडीगढ़ के रूप में 1948 में रखी गई। इसके लिए मंजूर जमीन में 24 गांव आए जिनमें एक का नाम चंडीगढ़ था। शक्ति की प्रतीक मां चंडी के दुर्ग यानी गढ़ के रूप में चंडीगढ़ शहर बसा। आज हर घुमक्कड़ की सूची में इसका नाम अनिवार्य रूप से शुमार होता है। इस शहर के साथ हरियाणा का पंचकूला तथा पंजाब का मोहाली भी जुड़ गया है, इसलिए इसे 'ट्राइसिटी' भी कहा जाने लगा है। यह एकमात्र ऐसा केंद्रशासित प्रदेश है, दो प्रदेशों पंजाब तथा हरियाणा की राजधानी भी है। ली कार्बूजिए की वास्तु संरचना इस शहर के निर्माण की जिम्मेदारी फ्रांस के मशहूर वास्तुकार ली कार्बूजिए को सौंपी गई। उन्होंने मानव शरीर की कार्यप्रणाली को ध्यान में रखते हुए इस शहर का ढांचा तैयार किया, जिससे कि एक स्वस्थ व संपूर्ण शहर का अक्स उभर कर आए। शहर के फ़ेफड़ों की संज्ञा दी गई लेजर वैली को, जो कई पार्कों की श्रृंखला है। सड़कों के जाल को उन्होंने संचार व्यवस्था कहा और इंडस्ट्रियल एरिया को विसरा। करीब 44 वर्ग मील में फैले इस शहर की खूबसूरती सभी को आकर्षित करती है। शहर के हर सेक्टर की बसावट कमोबेश एक जैसी है, इसके बावजूद उनकी अपनी अलग विशेषता और पहचान है। बर्फी की तरह आयताकार वर्ग में सेक्टर बंटे हैं जहां ग्रीन बेल्ट है। ली कार्बूजिए के निधन के बाद उनके कजिन पियेरे जेनरे तथा मैक्सवेल फ्राए ने उनके काम को आगे बढ़ाया।

# कम रैंकिंग पर सख्ती: डीएम ने रोका वेतन विभागों को सुधार के सख्त निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित सीएम डैशबोर्ड की मासिक समीक्षा बैठक में विभागों के प्रदर्शन पर कड़ी नाराजगी जताई गई। मार्च माह की रैंकिंग के आधार पर 37 प्राथमिकता बिंदुओं की समीक्षा करते हुए डीएम ने कम रैंकिंग वाले विभागों से जवाब तलब करने और सुधार न होने पर जवाबदेही तय करने की चेतावनी दी।

पंचायती राज विभाग की गिरती रैंकिंग पर सख्त कार्रवाई करते हुए डीपीआरओ का वेतन बाधित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अन्य कमजोर प्रदर्शन वाले विभागों के अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया। डीएम ने जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, किसान सम्मान निधि समेत सभी प्रमुख योजनाओं में तेजी लाने, नियमित मॉनिटरिंग और समयबद्ध व शुद्ध डाटा फीडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



# किसान यूनियन का प्रदर्शन: निजी स्कूलों की मनमानी व गैस किल्लत पर सौंपा ज्ञापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी। भारतीय किसान मजदूर यूनियन सिंघानिया के जिला अध्यक्ष सरदार वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह को छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में निजी विद्यालयों द्वारा महंगी किताबें, ड्रेस और अधिक फीस थोपने तथा एक ही दुकान से सामग्री खरीदने के दबाव का मुद्दा प्रमुख रहा। यूनियन ने स्कूल वाहनों की जांच, बिना मान्यता वाले विद्यालय बंद कराने और सेमेस्टर प्रणाली लागू करने की मांग उठाई। साथ ही घरेलू व व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की कमी, फर्जी बुकिंग व कालाबाजारी की जांच तथा अयोध्या-लखनऊ नेशनल हाईवे पर बैरिकेडिंग हटाने या ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने की भी मांग की गई।

# बदोसराय केंद्र पर गेहूं खरीद शुरू, पहले दिन 15.50 क्विंटल खरीद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। बदोसराय विपणन केंद्र पर सोमवार से गेहूं खरीद शुरू हो गई। पहले दिन 15 क्विंटल 50 किलोग्राम गेहूं की खरीद की गई। केंद्र प्रभारी प्रमोद द्विवेदी ने कंटे की पूजा कर खरीद प्रक्रिया की शुरुआत की और पहले किसान अश्वनी कुमार का स्वागत किया। बोरियों की कमी के कारण अब तक खरीद शुरू नहीं हो पाई थी, जो अब उपलब्ध होने पर चालू हो गई है। सरकार ने इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2586 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है। किसानों की सुविधा के लिए केंद्र पर जरूरी व्यवस्थाएं भी की गई हैं।

# अंबेडकर जयंती पूर्व संध्या पर समरसता भोज, हजारों की सहभागिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। भीमराव अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर भव्य प्रणामांजलि समारोह व समरसता भोज का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने बाबा साहब के विचारों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। उन्होंने बाबा साहब के विचारों और उनके सामाजिक योगदान का स्मरण कराया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने भी अपने विचार रखें। क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी आयोजन के प्रति समर्पित दिखे।

वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने सामाजिक समरसता और समानता के संदेश को आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

इस अवसर पर निंदूरा मंडल प्रभारी अरुण सिंह, जिला पंचायत सदस्य पूनम कन्नौजिया, श्रीश रावत, विशाल सिंह, प्रदीप रावत, ताराचंद गौतम, राहुल गौतम, राम कुमार गिरी, अंशुमान मिश्रा, योगेंद्र पटेल, प्रकाश श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, विमलेश गौतम, शत्रोहन यादव सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# लखीमपुर खीरी में 25 गिद्धों की मौत की जांच करने पहुंचे मुख्य वन संरक्षक, घटना स्थल भी देखा

लखीमपुर खीरी,। उत्तर प्रदेश के जनपद लखीमपुर खीरी के भीरा वनरेंज क्षेत्र के सेमरिया गांव में 25 गिद्धों की मौतों को वन विभाग ने गंभीरता से लिया है। सोमवार को मुख्य वन संरक्षक टाइगर प्रोजेक्ट संजय कुमार पाठक ने डीएफओ खीरी कीर्ति चौधरी के साथ घटनास्थल का दौरा किया। वहीं गिद्धों की मौत के कारण को लेकर उन्होंने बिसरा रिपोर्ट का इंतजार करने की बात कही है।

दोनों ही अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर स्थानीय वनकर्मियों से स्थिति की जानकारी ली। एमडी फॉरेस्ट संजय कुमार ने 25 गिद्धों की मौत को बेहद दुखद घटना बताया। उन्होंने कहा कि जब तक मेडिकल रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक मौत के सही कारणों की जानकारी देना संभव नहीं है। रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि गिद्धों की मौत जहरखुरानी, बीमारी या किसी अन्य वजह से हुई है।

मुख्य वन संरक्षक टाइगर प्रोजेक्ट संजय कुमार पाठक ने डीएफओ खीरी कीर्ति चौधरी को निर्देश दिए कि जिले की सभी फर्टिलाइजर व कीटनाशक दुकानों के लिए आदेश जारी किया जाए। आदेश के तहत कीटनाशक दवा खरीदने वाले हर व्यक्ति या किसान को एक फार्म भरना होगा, जिसमें उसे बताना होगा कि वह कीटनाशक किस कार्य के लिए ले रहा है। दुकानदार बिना फार्म भरे किसी को भी पेस्टीसाइड नहीं देंगे। अधिकारियों ने कहा कि आशंका है कि खेतों में कीटनाशक युक्त मरे हुए जानवर खाने से गिद्धों की मौत हुई हो। इसलिए कीटनाशकों की बिक्री पर निगरानी जरूरी है। वन विभाग ने आसपास के गांवों में जागरूकता अभियान चलाने और मरे हुए पशुओं को खुले में न फेंकने की अपील भी की है। फिलहाल वन विभाग विसरा रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह 25 गिद्धों की मौत हो गयी थी और घटना के बाद से ही वन विभाग इसकी वजह जानने में जुटा हुआ है।

# फर्रुखाबाद में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार पिता- पुत्र को मारी टक्कर, दूर तक वाहन में घिसटने से पिता की मौत

फर्रुखाबाद । उत्तर प्रदेश के जनपद फर्रुखाबाद में सोमवार को थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव हईपुर निवासी रिंकू की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई जबकि उनका 12 वर्षीय पुत्र शिवदीप घायल हो गया। घटना के बाद आक्रोशित भीड़ ने सड़क पर जाम लगाकर हंगामा किया। सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे रिंकू अपने पुत्र शिवदीप के साथ बाइक से खेत से घर लौट रहे थे। गांव वेग के पास पेट्रोल पंप के सामने पहुंचते ही फर्रुखाबाद की ओर से तेज रफ्तार से आ रही कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दोनों सड़क पर गिर पड़े और रिंकू कार में फंस दूर तक सड़क पर घिसटते चले गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अनियंत्रित कार पेट्रोल पंप की दीवार तोड़ते हुए सड़क किनारे खेत में जा घुसी। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जुट गई और ग्रामीणों ने कार चालक को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया



लेकिन आक्रोशित परिजनों ने शव को नीचे उतारकर नवाबगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर जाम लगा दिया। पुलिस के समझाने के बावजूद लोग उच्च अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान कुछ महिलाओं की पुलिस से नोकझोंक भी हुई। जिला पंचायत सदस्य यशवीर सिंह आर्य भी मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। करीब एक घंटे बाद उपजिलाधिकारी सदर रजनीकांत और सीओ मोहम्मदाबाद अजय वर्मा मौके पर पहुंचे और परिजनों से वार्ता की। मौके पर मऊदरवाजा थानाध्यक्ष अजब सिंह, मोहम्मदाबाद प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, जहानगंज प्रभारी निरीक्षक पूनम अवस्थी समेत कई थानों की पुलिस फोर्स तैनात रही। अधिकारियों के आश्वासन के बाद करीब डेढ़ घंटे बाद जाम खुल सका और यातायात बहाल हुआ। घटना के बाद मृतक के पिता हरिदास, पत्नी विनीता देवी, पुत्री वर्षा, पुत्र शिवदीप व कृष्णा सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

शाम करीब सवा पांच बजे मृतक के पिता हरिदास ने एटा जनपद के थाना अलीगंज क्षेत्र निवासी कार चालक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि कार चालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## मंदिर जाते समय युवती को सांप ने काटा, हालत स्थिर

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रेचनदमऊ गांव में 19 वर्षीय शिवानी को मंदिर जाते समय सांप ने काट लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन तुरंत उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने एंटी स्नेक वेनम देकर उपचार शुरू किया। फिलहाल युवती की हालत स्थिर है और डॉक्टरों की निगरानी में है।

## रफ्तार का कहर: सड़क हादसे में दो युवक घायल

फतेहपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तेज रफ्तार वाहनों के कारण हुए सड़क हादसे में दो युवक घायल हो गए। परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर घर भेज दिया गया। घटना की सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने मार्ग पर बढ़ती रफ्तार पर चिंता जताते हुए सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग की है।

## सरयू नदी! खनन विभाग की संलिप्तता, माफिया हावी,

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रामनगर तहसील क्षेत्र अंतर्गत घाघरा नदी के तटवर्ती गांवों में इन दिनों बालू खनन व कारोबार को लेकर चर्चाएं तेज हैं।जानकारी के अनुसार भोर के समय कुछ कारोबारी ग्रामीण मजदूरों से बालू की खुदाई करवा रहे हैं और ट्रालियों के माध्यम से बिक्री कर रहे हैं।सूत्रों के मुताबिक जिन खेतों में खनन किया जा रहा है उनके भूमि स्वामी भी प्रति ट्राली के हिसाब से भुगतान ले रहे हैं।वहीं कुछ लोगों ने खेत समतलीकरण के नाम पर प्रशासन से अनुमति भी प्राप्त कर रखी है।स्थानीय लोगों का कहना है कि जिले में वर्तमान समय में कोई अधिकृत खदान संचालित नहीं हो रही है जिसके चलते निर्माण कार्यों के लिए लोगों को मजबूरी में नदी से निकाली जा रही बालू ही खरीदनी पड़ रही है।ग्राम नामी पुर सिरौली गणेशपुर बड़नपुर व बिंदौरा परसपुर आदि तटवर्ती क्षेत्रों में नदी किनारे बने गड्ढे इस बात के प्रमाण हैं कि बाढ़ के साथ आई ऊपरी सतह की बालू का खनन किया गया है।

## रोडवेज बस स्टेशन बेमतलब, गार्ड के भरोसे चल रहा संचालन

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रामनगर चौराहे पर बना रोडवेज बस स्टेशन उपेक्षा का शिकार बना हुआ है और ज्यादातर समय गार्ड के भरोसे ही संचालित हो रहा है। यहां विभागीय कर्मचारी कभी-कभार ही नजर आते हैं, जबकि पूरे दिन स्टेशन पर सन्नाटा पसरा रहता है। स्थिति यह है कि अधिकतर बसें स्टेशन पर रुकने के बजाय मुख्य चौराहे पर ही सवारियां उतारकर आगे बढ़ जाती हैं। इससे यात्रियों को बस पकड़ने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। हालांकि यह स्थान लखनऊ, बाराबंकी, कानपुर, उन्नाव, झांसी समेत कई शहरों को जोड़ता है और रुपेहडीहा, बलरामपुर, गोंडा, बहराइच, उतरौला के लिए भी बसें यहीं से मिलती हैं, लेकिन बसों के न रुकने से प्राइवेट वाहनों का दबदबा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस स्थिति में रोडवेज बस स्टेशन की स्थापना बेमतलब साबित हो रही है।

## ई-रिक्शा से गिरा जेवरों से भरा बैग, 30 मिनट में पुलिस ने किया बरामद

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ई-रिक्शा से गिरा लाखों रुपये के जेवरात से भरा बैग पुलिस ने महज 30 मिनट में बरामद कर महिला को सौंप दिया। भानमऊ निवासी रहीसा बानो का बैग टांड़ पुरवा के पास गिर गया था, जिसकी सूचना उन्होंने तुरंत डायल 112 पर दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तलाश शुरू की और बैग बरामद कर लिया। जांच में बैग में रखे 4S5 लाख रुपये के जेवरात व अन्य सामान सुरक्षित पाए गए। सामान वापस मिलने पर महिला ने पुलिस का आभार जताया।

## भाजपा सरकार लोगों की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरी : अजय राय

फर्रुखाबाद । उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय सोमवार को फर्रुखाबाद पहुंचे और पूर्व विधान सभा प्रत्याशी शुभम तिवारी की मां के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बीते वर्षो में उन्हें पूर्व की सरकारों ने रासुका में सेन्ट्रल जेल फतेहगढ़ में बंद किया था, उस समय भी शुभम तिवारी ने बहुत मदद की थी । इस मौके पर मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने भाजपा की नीतियों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि सरकार हर मामले में फ़ेल है- इस दौरान पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद, प्रकाश प्रधान, जिलाध्यक्ष शकुंतला गौतम, डॉ. अरुण अग्निहोत्री, अर्चना आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राज्य सरकार की उच्चस्तरीय समिति ने श्रमिकों के प्रतिनिधिमंडल से की वार्ता, समस्याओं के निदान का दिया आश्वासन

नोएडा। नोएडा में विभिन्न कंपनियों के श्रमिकों के प्रदर्शनों के बाद उपजी स्थितियों से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की गठित उच्चस्तरीय समिति के सदस्यों ने श्रमिक प्रतिनिधियों व संबंधित पक्षों के साथ के महत्वपूर्ण बैठक की है। समिति ने श्रमिकों की समस्याओं को सुना और उसके समाधान का आश्वासन दिया।

राज्य सरकार ने श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए औद्योगिक विकास आयुक्त उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है।सोमवार को औद्योगिक विकास आयुक्त उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सभागार में श्रमिक प्रतिनिधियों व संबंधित पक्षों के साथ के महत्वपूर्ण बैठक हुई है। जिले गौतमबुद्ध नगर के सूचना निदेशक सुनील कुमार कनौजिया ने बताया कि बैठक में समिति के सदस्य अपर मुख्य सचिव, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग उत्तर प्रदेश, प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन विभाग,



सदस्य सचिव श्रम आयुक्त उत्तर प्रदेश कानपुर सहित मंडलायुक्त मेरठ मंडल मेरठ, जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर व प्रशासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित हैं । उन्होंने बताया कि बैठक में समिति ने जनपद की विभिन्न कंपनियों में कार्यरत श्रमिकों की समस्याओं को विस्तार से सुना गया। श्रमिकों ने वेतन वृद्धि, साप्ताहिक अवकाश, ओवरटाइम का दोगुना भुगतान, श्रमिक हितों की सुरक्षा तथा सम्मानजनक कार्य वातावरण जैसी प्रमुख मांगें समिति के समक्ष रखीं। उन्होंने बताया कि समिति ने सकारात्मक और संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए श्रमिकों को विश्वास दिलाया कि उनके हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर होगी और सभी कंपनियों में श्रम कानूनों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि समिति ने सभी श्रमिकों से अपील की है कि वे शांतिपूर्ण ढंग से अपने-अपने कार्यस्थलों पर लौटकर कार्य करें और किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना या अफवाहों पर ध्यान न दें। केवल आधिकारिक रूप से जारी सूचनाओं पर ही विश्वास करें, ताकि औद्योगिक वातावरण में सौहार्द, विश्वास और स्थिरता बनी रहे।

## मुरादाबाद में 9 व 10 मई को टीएफसी क्लासिक बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप, कई राज्यों से जुटेंगे प्रतिभागी

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में आगामी 9 व 10 मई को टीएफसी क्लासिक बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप आयोजित होगी। इसमें उत्तर प्रदेश के अलावा उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, झारखंड और मध्य प्रदेश के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिम संचालकों की सोमवार को हुई संयुक्त बैठक में यह जानकारी दी गई। टीएफसी क्लासिक बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता के मुख्य आयोजक व बॉडी बिल्डर मो. तस्लीम ने बताया कि प्रतियोगिता में इस बार महिला खिलाड़ियों की भागीदारी भी होगी। इस कंपटीशन में कुल 50 लाख रुपये के पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। इसके अलावा विजेताओं को पुरस्कार में मोटरसाइकिल भी दी जाएंगी। इस मौके पर मो. आसिफ, वसीम, दानिश खान, कमाल हसन, निखिल सैनी आदि मौजूद रहे।

# जीत के लिए बेताब केकेआर पर दबदबा बनाने की कोशिश करेगा सीएसके

एजेंसी

चेन्नई। पिछले मैच में जीत से उत्साहित चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अब तक एक भी मैच नहीं जीतने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम के खिलाफ दबदबा बनाने की कोशिश करेगी। सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके सत्र की अपनी पहली जीत दर्ज की। उसकी इस जीत के नायक संजू सैमसन रहे जिन्होंने 56 गेंद पर नाबाद 115 रन की पारी खेली। इसके बाद उसके गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। डेवाल्ड ब्रेविस के फिट होकर वापसी करने से सीएसके को अपने गेंदबाजी संयोजन में बदलाव करने की छूट मिली जिससे वह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 212 रन का बचाव करने में सफल रही। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने अपने



आईपीएल पदार्पण पर प्रभावित किया। उन्होंने अपनी अतिरिक्त उछाल से बल्लेबाजों को चौंकाया। जेमी ओवरटन ने भी शानदार प्रदर्शन किया और लगातार अच्छी गेंदबाजी करते हुए चार विकेट लिए। सत्र का अपना पहला मैच खेल रहे बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन ने पावरप्ले में सीएसके के गेंदबाजी आक्रमण को एक और आयाम प्रदान किया। बल्लेबाजी की बात करें तो सैमसन सीएसके के लिए अपने पदार्पण सत्र में आखिर रन बनाने में सफल रहे। उन्होंने पहले छह ओवर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करके अपना असली रंग दिखाया। सीएसके के लिए हालांकि कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है। वह संघर्ष कर रही केकेआर के खिलाफ एक बड़ी पारी खेलकर लय हासिल करने की कोशिश करेंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत में यह घोषणा की गई थी कि महेंद्र सिंह धोनी पिंडली में खिंचाव के कारण कुछ हफ्तों के लिए बाहर रहेंगे। पिछले मैच में गायकवाड़ ने संकेत दिया था कि यह स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज जल्द वापसी करेगा। दूसरी ओर केकेआर जीत के लिए बेताब है। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ वह लगभग जीत के करीब पहुंच गया था, लेकिन मुकुल चौधरी की शानदार पारी ने अजिंक्य रहाणे और उनकी टीम को पहली जीत से वंचित कर दिया। कैमरन ग्रीन ने पिछले मैच में केकेआर के लिए गेंदबाजी की। यह ऑलराउंडर चेपॉक में शानदार प्रदर्शन करके अपनी मोटी कीमत को सही साबित करने की कोशिश करेगा। इसी तरह रिंकू सिंह मध्य क्रम में रन बनाने के लिए बेताब हैं और मंगलवार का दिन उनके लिए खास हो सकता है।

# बुमराह के चार ओवरों से आगे के बारे में भी सोचे मुंबई इंडियंस: डुप्लेसी

एजेंसी

मुंबई। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि अगर मुंबई इंडियंस को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में निरंतरता हासिल करनी है तो उसे गेंदबाजी विभाग में जसप्रीत बुमराह पर अपनी अत्यधिक निर्भरता कम करनी होगी। मुंबई इंडियंस हमेशा धीमी शुरुआत करता है। इस बार उसने टूर्नामेंट का पहला मैच जीता लेकिन इसके बाद वह लगातार तीन मैच हार चुका है। रविवार को यहां खेले गए मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने उसके खिलाफ चार विकेट पर 240 रन बनाए। इसके जवाब में मुंबई इंडियंस की टीम पांच विकेट पर 222 रन ही बना पाई। तेज गेंदबाज बुमराह उसके लिए तुरुप का इक्का हैं, लेकिन चार मैचों में उन्हें अभी तक एक भी विकेट नहीं मिला है। डुप्लेसी का मानना ??है कि मुंबई इंडियंस को बुमराह के चार ओवरों से आगे के बारे में सोचना होगा और साथ ही अपने इस तेज गेंदबाज का विवेकपूर्ण



उपयोग करना होगा। डुप्लेसी ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, ''विशेषकर बड़े स्कोर वाले मैच में आपको यह आकलन करना होगा कि बुमराह के चार ओवरों को छोड़कर बाकी गेंदबाज कितना रन दे रहे हैं। बुमराह आमतौर पर बहुत किफायती होते हैं। मुंबई इंडियंस को इस समस्या का समाधान करना होगा। उन्होंने कहा, 'मुंबई इंडियंस को बुमराह का महत्वपूर्ण मौकों पर उपयोग करके उनकी क्षमता का पूरा फायदा उठाना होगा, लेकिन मजबूत बल्लेबाजी लाइनअप के दबदबे को देखते हुए यह आसान नहीं होगा। उन्हें अपनी रणनीति पर फिर से विचार करना होगा। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना ??है कि मुंबई इंडियंस को बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में पावरप्ले में सुधार करने की जरूरत है। गावस्कर ने कहा, ''जीत के लिए जरूरी रन रेट के साथ बने रहने के लिए उन्हें पावरप्ले में कम से कम 12 रन और बनाने थे, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाए। स्ट्राइक रोटेट करने के बावजूद जीत के लिए जरूरी रन रेट बढ़ता ही रहा। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर उन्हें ध्यान देने की जरूरत है।

# 2036 तक 5000 खिलाड़ियों को टॉप्स में लाने की योजना, पदक वाले खेलों पर फोकस : मांडविया

एजेंसी

नयी दिल्ली। खेल मंत्रालय ने टारगेट ओलंपिक पोडियम (टॉप्स) में पदक जीतने वाले खेलों पर फोकस रखते हुए दस साल की पदक रणनीति तैयार करके 2036 ओलंपिक तक पांच हजार खिलाड़ियों को इस योजना में शामिल करने का लक्ष्य रखा है।

खेलमंत्री मनसुख मांडविया सोमवार को यहां अनौपचारिक बातचीत में कहा ,'' टॉप्स पूल को मजबूत बनाने की जरूरत है और जिन खेलों में अधिक ओलंपिक पदक दाव पर हैं , उन पर फोकस किया जाना चाहिये। उन्होंने आगे कहा ,'' यह अध्ययन जरूरी है कि पदक जीतने के प्रयासों में कहां कमी रह जाती है और इसी के तहत पदक रणनीति तैयार की गई है। ऐसा नहीं होना चाहिये कि जिन खेलों में अधिक पदक नहीं है, उनके खिलाड़ी टॉप्स में ज्यादा संख्या में हैं और जहां पदक ज्यादा मिलने हैं, उनके खिलाड़ी नहीं हैं। मांडविया ने कहा ,'' मसलन ओलंपिक में एक्वाटिक्स में 165 पदक, साइकिलिंग में 66 और जिम्नास्टिक में 57 पदक दाव पर होते हैं जिनके खिलाड़ी टॉप्स में नहीं हैं। पहले डेवलपमेंट समूह में इन खिलाड़ियों की संख्या बढाई जायेगी और एक ढांचागत योजना के लिये अगले पांच साल में उन्हें कोर समूह में लाया जायेगा। उन्होंने कहा ,''अगले दस साल की पदक रणनीति के तहत 2032 तक तीन हजार और 2036 तक पांच हजार खिलाड़ियों को टॉप्स में लाने का लक्ष्य है। इसमें कोर और डेवलपमेंट समूह के बीच अनुपात 1 : 5 का रहेगा। इस समय टॉप्स में कुल संख्या 399 है जिसमें कोर 51, कोर पैरा 62, डेवलपमेंट समूह में 166 , टारगेट एशियन गेम्स में 57 और हॉकी में 63 हैं। पिछले साल यह संख्या 245 थी।

# मैं पहले से बाउंसर करने की योजना नहीं बनाता, लेकिन बल्लेबाजों से एक कदम आगे रहना चाहता हूं: क्रुणाल

एजेंसी

मुंबई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या ने कहा कि वह बाउंसर करने के लिए पहले से योजना नहीं बनाते हैं, बल्कि बल्लेबाजों से एक कदम आगे रहने और उन पर हावी होने के लिए अपनी सहज भावना से इस गेंद का इस्तेमाल करते हैं। क्रुणाल ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ रविवार को यहां चार ओवर में 26 रन देकर एक विकेट लिया। आरसीबी ने इंडियन प्रीमियर लीग के इस मैच में मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराया। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 240 रन बनाए जिससे जवाब में मुंबई की टीम पांच विकेट पर 222 रन ही बना पाई। क्रुणाल ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा ''मैंने कभी अलग-अलग और नई चीजें आजमाने से



परहेज नहीं किया है क्योंकि इम्पैक्ट प्लेयर नियम के लागू होने से पहले नंबर छह या सात पर ऑलराउंडर होते थे और बल्लेबाजी का तरीका काफी अलग था। लेकिन अब नंबर आठ पर भी विशुद्ध बल्लेबाज आ रहे हैं। उन्होंने कहा, ''अगर कौशल की बात करें तो मुकुल (चौधरी) और वैभव (सूर्यवंशी) जैसे युवा खिलाड़ी पहली ही गेंद से लगातार अच्छे शॉट लगा रहे हैं। एक गेंदबाज के तौर पर मैं कौशल और मानसिक रूप से भी उनसे एक कदम आगे रहना चाहता हूं। क्रुणाल ने कहा, ''मुझे खुशी है कि मैं अच्छी तरह से इसे अंजाम दे रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि इस प्रारूप में उंगलियों के स्पिनरों का महत्व बना रहेगा और वे इससे कुछ सीख लेकर अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे। क्योंकि सपाट पिचों और आठ बल्लेबाजों की मौजूदगी में उंगलियों स्पिनरों के लिए टीम में जगह बनाना बहुत मुश्किल हो गया है। क्रुणाल ने कहा कि वह अपनी शॉर्ट पिच गेंद को लेकर बहुत ज्यादा तैयारी नहीं करते हैं और इसके लिए खास योजना भी नहीं बनाते हैं। उन्होंने कहा, ''मैं अपने मन की बात सुनता हूं। मैं पहले से यह योजना नहीं बनाता कि मुझे चौथी, पांचवीं या छठी गेंद बाउंसर करनी है। कई बार ऐसा होता है कि मैं लगातार दो बाउंसर फेंकता हूं और अचानक पहली और छठी गेंद भी बाउंसर कर देता हूं। क्रुणाल ने कहा, ''लोग अक्सर मेरी बाउंसर और उन गेंदों के बारे में बहुत बातें करते हैं जो देखने में काफी अलग लगती हैं। लेकिन मैंने हमेशा अपनी गेंदबाजी की बुनियादी बातों पर काम किया है। विराट कोहली टखने में दर्द के कारण मुंबई इंडियंस के खिलाफ फील्डिंग करने के लिए नहीं उतरे लेकिन क्रुणाल ने कहा कि वह ठीक हो जाएंगे।

## एसजेएफआई के पूर्व अध्यक्ष सबानायकन एआईपीएस कार्यकारी समिति के सदस्य चुने गए

नयी दिल्ली। भारतीय खेल पत्रकार महासंघ (एसजेएफआई) के पूर्व अध्यक्ष एस सबानायकन को स्विट्जरलैंड के लुसाने में इंटरनेशनल स्पोर्ट्स प्रेस एसोसिएशन (एआईपीएस) के 88वें सम्मेलन के दौरान इसकी कार्यकारी समिति के लिए चुना गया। सबानायकन वर्तमान में ईस्टर्न क्रॉनिकल के खेल संपादक हैं, जो कोलकाता, गुवाहाटी और सिलचर से प्रकाशित होने वाला एक अंग्रेजी अखबार है। वे एआईपीएस कार्यकारी समिति में चुने जाने वाले पहले भारतीय हैं। एआईपीएस कार्यकारी समिति के सदस्यों का चुनाव रविवार को लुसाने स्थित ओलंपिक संग्रहालय में किया गया। इस समिति का कार्यकाल 2026 से 2030 तक रहेगा। इटली के जियानी मर्लो को अगले चार वर्षों के लिए एआईपीएस का अध्यक्ष चुना गया।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की फीकी पड़ी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने और चांदी के भाव में मामूली कमजोरी नजर आ रही है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,52,830 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,53,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,40,090 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,40,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह चांदी के भाव में आई मामूली कमजोरी के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,59,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,52,980 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,40,240 रुपये प्रति 10 ग्राम




दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,52,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,40,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,52,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,40,140 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,53,810 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,40,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,52,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,40,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,52,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,40,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,52,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,40,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,52,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,40,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,52,980 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,40,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# होर्मुज की नाकेबंदी से पहले कच्चा तेल 104 डॉलर प्रति बैरल पार

एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संकट व अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता बिना किसी समझौते के खत्म होने का असर कच्चे तेल की कीमतों पर दिखने लगा है। सोमवार को कच्चे तेल का दाम 104 डॉलर प्रति बैरल के पार चला गया, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ने होर्मुज तक जहाजों की पहुंच रोकने के लिए कदम उठाने की बात कही। अंतरराष्ट्रीय बाजार में शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड करीब 8 फीसदी की तेजी के साथ 104 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया, जबकि यूएस बेंचमार्क वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड में 8.61 फीसदी की तेजी आई है। फिलहाल ब्रेंट क्रूड का भाव 7.07 डॉलर यानी 7.43 फीसदी की तेजी के साथ 102.3 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर ट्रेड कर रहा है। इसी तरह डब्ल्यूटीआई क्रूड 8.32 डॉलर यानी 8.62 फीसदी की उछाल के साथ 104.2 डॉलर पर पहुंच



गया है। जानकारों का कहना है कि ऑयल मार्केट सीजफायर से पहले वाली स्थिति में पहुंच चुका है। बस इतना अंतर है कि अब अमेरिका, ईरान के तेल एक्सपोर्ट को बंद करने जा रहा है, होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही बंद होने के कारण खाड़ी के देश अपना तेल एक्सपोर्ट नहीं कर पा रहे हैं। इसे दुनिया का सबसे बड़ा तेल संकट माना जा रहा है। ईरान रोजाना दो मिलियन बैरल तेल एक्सपोर्ट कर रहा था। यदि होर्मुज बंद रहता है तो इससे दुनिया में कच्चे तेल की सप्लाई और टाइट हो जाएगी।

# स्टॉक मार्केट में एमियाक टेक्नोलॉजीज की प्रीमियम एंट्री मुनाफ़े में आईपीओ निवेशक

एजेंसी

नई दिल्ली। डिजिटल मार्केट सॉल्यूशन का काम करने वाली कंपनी एमियाक टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में प्रीमियम एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 98 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 10 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 107.80 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली का जोर बन जाने के कारण ये शेयर उछल कर 11 रुपये के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि बाद में मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण इसकी चाल में थोड़ी गिरावट भी आई। सुबह 10.23 बजे तक का कारोबार होने के बाद ये शेयर 109 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। इस तरह अभी तक के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशक 11.22 प्रतिशत के फायदे में थे। एमियाक टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का 31.75 करोड़ रुपये का आईपीओ 27 मार्च से 8 अप्रैल के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 3.22 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 1.02 गुना (एक्स एंकर) सब्सक्राइब हुआ था। वहीं नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 4.96 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 3.74 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले 32.40 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी कंप्यूटर और लैपटॉप की खरीदारी करने, ब्रांडिंग और मार्केटिंग करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 39 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 84 लाख रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 4.22 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी अप्रैल से 30 सितंबर 2025 तक कंपनी को 4.55 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका है। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी लगातार बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में इसे 2.95 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 5.38 करोड़ और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 20.06 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी अप्रैल से 30 सितंबर 2025 तक कंपनी को 14.49 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका है। इस अवधि में कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ भी बढ़ता गया। वित्त वर्ष 2022-23 और वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी पूरी तरह से कर्ज मुक्त थी। इसके बाद वित्त वर्ष 2024-25 के अंत में कंपनी पर सिर्फ एक लाख रुपये के कर्ज का बोझ था, जो मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी अप्रैल से 30 सितंबर 2025 तक बढ़ कर 1.30 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया था। इस अवधि में कंपनी के नेटवर्थ में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में ये 47 लाख रुपये के स्तर पर था, जो 2023-24 में बढ़ कर 1.31 करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह 2024-25 में कंपनी का नेट वर्थ 9.03 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। वहीं मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी अप्रैल से 30 सितंबर 2025 तक ये 13.57 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी के रिजर्व और सरप्लस में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में ये 46 लाख रुपये के स्तर पर था, जो 2023-24 में बढ़ कर 1.30 करोड़ रुपये हो गया।

# जेएएल के लिए वेदांता की याचिका पर एनसीएलएटी में सुनवाई टली

एजेंसी




नई दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने सोमवार को खनन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी वेदांता समूह की उन याचिकाओं पर सुनवाई टाल दी है, जिनमें कर्ज में डूबी जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) के लिए अडाणी समूह की कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज की बोली के चयन को चुनौती दी गई थी। दिवाला अपीलीय न्यायाधिकरण ने वेदांता लिमिटेड की दो अपीलों पर सुनवाई कर रही बेंच की बनावट में बदलाव की वजह से यह सुनवाई टाल दी है। यह बदलाव बेंच के किसी सदस्य के मौजूद न होने की वजह से किया गया है। एनसीएलएटी अगली सुनवाई की तारीख जल्द ही तय करेगा। दरअसल ये पूरा विवाद जेपी एसोसिएट्स की दिवाला प्रक्रिया से जुड़ा है। इलाहाबाद स्थित राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने 17 मार्च को एक आदेश पारित करते हुए जेएएल के अधिग्रहण के लिए अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की 14,535 करोड़ रुपये की समाधान योजना को मंजूरी दी गई थी। अनिल अग्रवाल के नेतृत्व वाले वेदांता समूह ने एनसीएलटी के इस फैसले का विरोध करते हुए एनसीएलएटी के समक्ष दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं।

# भारत में सात साल बाद ईरानी कच्चे तेल की वापसी, प्रमुख बंदरगाहों पर पहुंचे तेल टैंकर

एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट एवं ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी की घोषणा के बीच ईरानी कच्चा तेल लेकर आए दो बड़े टैंकर भारत के पूर्वी एवं पश्चिमी तट के बंदरगाहों पर पहुंच गए हैं, जो लगभग 7 वर्षों में ऐसी पहली आपूर्ति है। शिप ट्रैकिंग डेटा से यह जानकारी मिली है। शिप ट्रैकिंग की ओर से सोमवार को जारी डेटा के अनुसार ईरानी कच्चे तेल से भरा एक क्रूड ऑयल टैंकर ओडिशा के पारादीप बंदरगाह के पास पहुंचने के बाद एक और ईरानी तेल टैंकर गुजरात के सिक्का बंदरगाह के एंकरेज पर पहुंच गया है। इस जहाज में करीब 20 लाख बैरल कच्चा तेल लदा है, जिसे मार्च के मध्य में खार्ग द्वीप से लादा गया था। शिप ट्रैकिंग के मुताबिक यह तेल




टैंकर लगभग सात वर्षों में भारतीय बंदरगाहों पर पहुंचने वाले ईरानी क्रूड के पहले कार्गो हैं। नेशनल ईरानियन टैंकर कंपनी द्वारा संचालित 'फ़ेलिसिटी' नामक एक बड़ा कच्चा तेल वाहक जहाज ने रविवार देर रात गुजरात तट के सिक्का के पास लंगर डाला। इस जहाज में करीब 20 लाख बैरल कच्चा तेल है, जिसे मार्च के मध्य में खार्ग द्वीप से लादा गया था। इसी समय के आसपास एक दूसरा तेल टैंकर, 'जया', ओडिशा के तट पर पारादीप के पास आकर रुका है। यह जहात भी लगभग उतनी ही मात्रा में कच्चा तेल ले जा रहा है, जिसे फरवरी के अंत में खर्ग द्वीप से लिया गया था। ये खेप पिछले महीने अमेरिका द्वारा दी गई सीमित प्रतिबंध छूट के बाद आई हैं, जिसके तहत पहले से ही रास्ते में मौजूद ईरानी तेल की बिक्री की अनुमति दी गई थी। कच्चे तेल का ये खेप लगभग सात साल में भारतीय तटों पर पहुंचने वाली ईरानी कच्चे तेल की पहली खेप हैं। यह अमेरिका द्वारा पिछले महीने जारी की गई प्रतिबंधों में छूट (सैंक्शन्स वेवर) के बाद संभव हुआ है। इस एक महीने की छूट ने उस ईरानी तेल की बिक्री की अनुमति दी जो पहले से ही रास्ते में था। इसका उद्देश्य ग्लोबल सप्लाई चेन में आई बाधाओं को कम करना और कीमतों को नियंत्रित करना था।

# पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकर बनी, तो खत्म होगा गुंडाराज, घुसपैठियों पर होगी कार्रवाई : अमित शाह

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के प्रचार के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को बीरभूम जिले के बोलपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।

अमित शाह ने अपने संबोधन में राज्य में गुंडाराज का आरोप लगाते हुए कहा कि चार मई के बाद यदि भाजपा सत्ता में आती है तो गुंडों को खोज-खोज कर जेल में डाला जाएगा और उल्टा लटका कर सीधा करने का काम किया जाएगा। उन्होंने 2021 के चुनाव के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं पर कथित अत्याचार का मुद्दा उठाते हुए जनता से बदलाव की अपील की। अमित शाह ने मतदाताओं से 23 अप्रैल को मतदान के दिन डर के बजाय भरोसे के साथ वोट देने की अपील की और कहा कि बम का जवाब बैलेट से दें।



जनसभा के दौरान उन्होंने तृणमूल कार्यकर्ताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि 23 अप्रैल को घर में बैठें, नहीं तो पांच मई के बाद कार्रवाई होगी। अमित शाह ने डबल इंजन सरकार का जिक्र करते हुए दावा किया कि भाजपा की सरकार बनने पर राज्य में विकास का नया दौर शुरू होगा। महिला सुरक्षा के मुद्दे पर उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भाजपा सरकार बनने पर महिलाएं रात में भी सुरक्षित बाहर निकल सकेंगी। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी उन्होंने राज्य सरकार को घेरा। अमित शाह ने आरोप लगाया कि शिक्षक भर्ती, राशन, मनरेगा और आवास योजनाओं में व्यापक अनियमितताएं हुई हैं और केंद्र की योजनाओं का पैसा आम लोगों तक नहीं पहुंच पाया। घुसपैठ के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस सरकार इसे रोकने में विफल रही है और भाजपा सत्ता में आने पर घुसपैठियों को चिन्हित कर बाहर निकाला जाएगा। इसके अलावा उन्होंने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का वादा भी दोहराया और कहा कि एक से अधिक विवाह जैसी प्रथाओं पर रोक लगेगी। सभा की शुरुआत में अमित शाह ने मंच पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों को हटाने का निर्देश देते हुए लोगों को बिना रोक-टोक कार्यक्रम स्थल में प्रवेश देने की बात कही। अमित शाह का पहला कार्यक्रम आज बोलपुर में हुआ, जिसके बाद खैराशोल और पश्चिम बर्धमान में भी उनकी सभाएं और रोड शो प्रस्तावित हैं। उल्लेखनीय है कि बीरभूम का इलाका अनुब्रत मंडल का गढ़ माना जाता है, जो मवेशी तस्करी मामले में लंबे समय तक तिहाड़ जेल में रह चुके हैं और अपने विवादित बयानों के लिए चर्चित रहे हैं।

# महिला आरक्षण नहीं, परिसीमन असली मुद्दाः सोनिया गांधी

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि देश में मौजूदा राजनीतिक बहस का केंद्र महिला आरक्षण नहीं, बल्कि परिसीमन होना चाहिए। बिना पारदर्शी प्रक्रिया, स्पष्ट मानकों और व्यापक सहमति के किया गया परिसीमन न केवल राज्यों के बीच प्रतिनिधित्व के संतुलन को बिगाड़ सकता है, बल्कि यह संघीय ढांचे और संवैधानिक व्यवस्था पर भी असर डाल सकता है। उन्होंने इसे एक गंभीर और दूरगामी प्रभाव वाला मुद्दा बताया।

सोनिया ने एक अंग्रेजी अखबार में लिखे अपने लेख में कहा कि सरकार महिला आरक्षण के मुद्दे को प्रमुखता देकर असली चिंता से ध्यान हटा रही है। महिला आरक्षण का प्रावधान पहले ही पारित किया जा चुका है, लेकिन इसके क्रियान्वयन को जनगणना और परिसीमन प्रक्रिया से जोड़ दिया गया है, जिससे इसमें अनावश्यक देरी हो रही



है। उन्होंने लिखा कि साल 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण देने का प्रावधान है, लेकिन इसे लागू करने के लिए अगली जनगणना और उसके बाद परिसीमन अनिवार्य कर दिया गया है। जब राजनीतिक इच्छाशक्ति हो तो इसे पहले भी लागू किया जा सकता था। सोनिया गांधी ने कहा कि परिसीमन की प्रक्रिया को लेकर अब तक कोई आधिकारिक खाका सामने नहीं आया है। यह केवल जनसंख्या के आधार पर सीटों का बंटवारा करने का मामला नहीं है, बल्कि इसमें राजनीतिक और क्षेत्रीय संतुलन का भी ध्यान रखना जरूरी है, ताकि जनसंख्या नियंत्रण में सफल राज्यों के साथ अन्याय न हो। उन्होंने कहा कि जनगणना में लगातार हो रही देरी का असर कई सरकारी योजनाओं और अधिकारों पर पड़ रहा है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून जैसे प्रावधानों का लाभ भी पूरी तरह लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है। सोनिया गांधी ने कहा कि सरकार विशेष सत्र बुलाने में जल्दबाजी कर रही है, जबकि इतने महत्वपूर्ण विषय पर पहले सभी दलों के साथ चर्चा होनी चाहिए। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहमति और संवाद अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सरकार को सभी राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर इस मुद्दे पर स्पष्टता लानी चाहिए और फिर किसी भी संवैधानिक संशोधन की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

# एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह नियंत्रण में, घबराहट में न आएं दिल्ली वासीः रेखा

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि राजधानी में घरेलू और कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह स्थिर, पर्याप्त और नियंत्रण में है।

श्रीमती गुप्ता ने आज कहा कि दिल्ली में एलपीजी या किसी भी अन्य ईंधन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह या घबराहट में न आएं और संयम बनाए रखें। उन्होंने बताया कि 12 अप्रैल को 1,11,766 बुकिंग दर्ज की गईं, जबकि तीनों ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) ने मिलकर 1,30,094 सिलेंडरों की डिलीवरी की, जो बुकिंग से काफी अधिक है। इससे यह स्पष्ट होता है कि लंबित बुकिंग्स को तेजी से निपटाया जा रहा है और आपूर्ति श्रृंखला मजबूत बनी हुई है। वर्तमान में औसत डिलीवरी समय 3.87 दिन है, जो पहले के 4.24 दिनों से घटकर कम हुआ है, जिससे उपभोक्ताओं को समय पर डोरस्टेप डिलीवरी सुनिश्चित हो रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली को प्रतिदिन 6,480 कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों (19 किलोग्राम समकक्ष) का आवंटन किया गया है। इसके मुकाबले पिछले एक सप्ताह में औसत दैनिक खपत केवल 4,268 सिलेंडर रही है, जिसमें 5 किलोग्राम फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडरों की खपत भी शामिल है। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि वर्तमान में उपलब्धता मांग से अधिक है। मुख्यमंत्री ने सभी कमर्शियल एलपीजी उपभोक्ताओं, विशेषकर 5 किलोग्राम सिलेंडर उपयोगकर्ताओं से अपील की है कि वे शांति बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अनावश्यक चिंता या भंडारण से बचें। पूरे शहर में वितरण व्यवस्था पूरी तरह सुचारू रूप से कार्य कर रही है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए, अगर किसी कमर्शियल उपभोक्ता को एलपीजी सिलेंडर प्राप्त करने में कोई कठिनाई होती है तो वे दिल्ली सरकार के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के नियंत्रण कक्ष से 011-23379836 या 8383824659 पर संपर्क कर सकते हैं। यह सुविधा सप्ताह के सभी दिनों में सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक उपलब्ध है।

सरकार ने उपभोक्ताओं और संस्थानों को यह भी प्रोत्साहित किया है कि जहां भी पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की सुविधा उपलब्ध है, वहां इसका उपयोग करें क्योंकि यह एक विश्वसनीय और निरंतर ईंधन आपूर्ति प्रदान करता है। अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों जैसे बड़े उपभोक्ताओं को यथाशीघ्र पीएनजी अपनाने की सलाह दी गई है, जिससे दक्षता, सुरक्षा और आपूर्ति की विश्वसनीयता बढ़ेगी।

# अब भारत में हो सकेगी अमेरिकी इंजन की मरम्मत, वायु सेना के साथ समझौता

एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस भारतीय वायु सेना के साथ लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस फ्लीट को पावर देने वाले इंजन के लिए रिपेयर सेंटर बनाएगी। इस बावत अमेरिकन एयरक्राफ्ट इंजन आपूर्ति कंपनी ने सोमवार को वायु सेना के साथ समझौता किया है। देश में बनने वाली इस सुविधा का मालिकाना हक वायु सेना के पास होगा, जिससे विदेशी निर्भरता खत्म होने के साथ ही जरूरत पड़ने पर मरम्मत में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा।

एलसीए तेजस को जंग के लिए तैयार होने में तेजी लाने के मद्देनजर जीई एयरोस्पेस ने भारत में इंजन डिपो बनाने के लिए भारतीय वायु सेना के साथ समझौता किया है। अब एलसीए तेजस मार्क-1ए को पावर देने वाले एफ404-आईएन20 इंजन के लिए देश में ही रिपेयर और ओवरहॉल डिपो बनाया जायेगा। इससे वायु सेना को



तेजस लड़ाकू विमान की आपूर्ति में हो रही देरी में तेजी से सुधार होगा, क्योंकि इससे मरम्मत के लिए विदेशी निर्भरता कम होगी और इंजन की रिपेयरिंग में लगने वाला समय भी बचेगा। यह सुविधा का निर्माण वायु सेना करेगी, लेकिन तकनीकी सहयोग जीई एयरोस्पेस देगी।

कंपनी ने कहा कि डिपो का संचालन वायु सेना के हाथों में होगा, जिसमें जीई एयरोस्पेस प्रशिक्षित कर्मचारी, उन्हें प्रशिक्षण, जरूरी स्पेयर पार्ट्स और विशेष उपकरण की सप्लाई देगी। तेजस मार्क-1ए एयरक्राफ्ट के लिए एफ404-आईएन20 इंजन का नियमित तौर पर सालभर निर्माण करना लड़ाई की तैयारी के लिए जरूरी है, इसलिए आपूर्ति चेन में देरी से फ्लीट की उपलब्धता पर असर पड़ सकता है। भारत में ही रिपेयर और ओवरहॉल की सुविधा सेट अप करने से लॉजिस्टिक दिक्कतों को कम करने में मदद मिलेगी। जीई एयरोस्पेस में डिफेंस और सिस्टम्स के लिए सेल्स और बिजनेस डेवलपमेंट की उपाध्यक्ष रीटा फ्लेहर्टी ने एक बयान में कहा कि भारत के सशस्त्र बलों को सहयोग करने और तेजस फ्लीट की स्थानीय स्थिरता को बढ़ाने के लिहाज से यह साझेदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आने वाले डिपो फैसिलिटी के जरिए हम भारतीय वायु सेना के लिए इंजन की उपलब्धता को सहयोग करेंगे, जिससे यह पक्का होगा कि उन्हें अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए अग्रणी तकनीक आसानी से मिल सके। उन्होंने कहा कि तुरंत ऑपरेशनल फायदों के अलावा यह विकास रणनीतिक रूप से भी जरूरी है, क्योंकि यह कौशल विकास, आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण और तकनीकी ज्ञान हस्तांतरण के जरिए आत्मनिर्भरता के तहत स्वदेशी स्थिरता के लिए भारत के प्रयास को मजबूत करता है। जीई एयरोस्पेस ने कहा कि यह सहयोग जीई एयरोस्पेस और भारतीय वायु सेना के बीच चार दशक पुरानी साझेदारी का अगला कदम है। कंपनी अभी भारतीय सेना के कई प्लेटफॉर्म को सहयोग करती है, जिसमें नौसेना के पी-8आई एयरक्राफ्ट, एमएच-60आर हेलीकॉप्टर और अपाचे हेलीकॉप्टर के इंजन के साथ-साथ फ्रंटलाइन वॉरशिप को पावर देने वाले मरीन गैस टर्बाइन शामिल हैं।

## इंटीरियो बाय गोदरेज का अनुभव केंद्र शुरू



**लखनऊ।** गोदरेज इंटरप्राइजेज ग्रुप के फर्नीचर ब्रांड इंटीरियो बाय गोदरेज ने लखनऊ में नया अनुभव केंद्र शुरू किया है।

करीब 3,300 वर्ग फुट में बने इस केंद्र का उद्देश्य उत्तर प्रदेश और उत्तर भारत में संस्थागत फर्नीचर कारोबार को बढ़ाना है। कंपनी को प्रदेश से फिलहाल लगभग 75 करोड़ रुपये का राजस्व मिलता है। कंपनी ने इस क्षेत्र में 15 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य रखा है और वर्ष 2028 तक 21 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करने की योजना बनाई है। यह केंद्र कॉर्पोरेट, शैक्षणिक और सरकारी संस्थानों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। कंपनी के बी2बी कारोबार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रमुख समीर जोशी ने कहा कि लखनऊ संस्थागत और कॉर्पोरेट ढांचे के लिहाज से तेजी से उभरता हुआ बाजार है। उन्होंने बताया कि आधुनिक, आरामदायक और मॉड्यूलर फर्नीचर की मांग लगातार बढ़ रही है, विशेषकर मिश्रित कार्य प्रणाली के बढ़ते चलन के कारण। उन्होंने बताया कि कंपनी का लक्ष्य वित्त वर्ष 2028 तक उत्तर भारत के संस्थागत फर्नीचर बाजार में 21 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करना है। इसके साथ ही इस क्षेत्र में लगभग 15 प्रतिशत वृद्धि दर्ज करने की योजना है। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने साझा कार्यस्थलों और छोटे कार्यालयों के लिए नया संग्रह तथा विद्यालयों के लिए विशेष शृंखला भी प्रस्तुत की है, जो आधुनिक और लचीले कार्य एवं अध्ययन वातावरण के अनुरूप तैयार की गई हैं। कंपनी का कहना है कि वह स्थानीय उद्योगों और सरकारी संस्थानों के साथ मिलकर बड़े प्रकल्पों पर कार्य कर रही है, जिससे कार्यस्थलों की गुणवत्ता और उत्पादकता में सुधार हो सके।

## तमिलनाडु में भ्रष्टाचार व्यवस्था का हिस्सा बन चुका है : मोदी

**नयी दिल्ली/चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को तमिलनाडु की द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार व्यवस्था का हिस्सा बन चुका है। श्री मोदी ने 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' के तहत तमिलनाडु के पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनसे संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि आज तमिलनाडु में जनता बदलाव चाहती है और भाजपा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को उम्मीद के रूप में देख रही है। उन्होंने द्रमुक सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार के लगभग हर विभाग में अनियमितताएं हैं और कई मंत्रियों पर मामले भी चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ''कमीशन, कलेक्शन और करप्शन'' द्रमुक सरकार की पहचान बनती जा रही हैं। श्री मोदी ने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ड्रग्स और अवैध शराब का नेटवर्क बढ़ रहा है, जिसका असर सीधे परिवारों पर पड़ रहा है। साथ ही आरोप लगाया कि इन गैर-कानूनी गतिविधियों को सरकार का संरक्षण मिल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ तमिलनाडु के गरीबों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सही सर्वे न होने के कारण कई पात्र परिवारों को इसका लाभ नहीं मिल सका। उन्होंने किसानों के मुद्दे पर कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और फसल बीमा योजना के तहत हजारों करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में भेजे गए हैं, जिससे बिचौलियों की भूमिका खत्म हुई।

# पेज एक का शेष

## विधायिका में महिलाओं ...

से इस पूरी प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी बनाए रखने और अपने सांसदों से मिलकर अपने विचार और अपेक्षाएं साझा करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर संविधान सभा तक महिलाओं के योगदान का उल्लेख करते हुए स्वतंत्र भारत की नींव रखने में नारी शक्ति की असीम भूमिका पर प्रकाश डाला। महिलाओं ने राष्ट्र के लिए हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है और देश में राष्ट्रपति से लेकर वित्त मंत्री तक, महिलाएं इतने महत्वपूर्ण पदों पर आसीन हैं। उन्होंने कहा, ''राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री तक, जहां भी महिलाएं रही हैं, उन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। श्री मोदी ने पंचायती राज संस्थाओं को महिला नेतृत्व का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए कहा, ''राजनीति और सामाजिक जीवन में लाखों महिलाओं की यह सक्रिय भागीदारी विश्व के अग्रणी नेताओं और राजनीतिक विशेषज्ञों को भी आश्चर्यचकित करती है और भारत के गौरव को बढ़ाती है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि स्थानीय निकायों और संस्थानों में वर्षों से कार्यरत लाखों महिलाओं के पास व्यापक अनुभव है और वे बड़ी भूमिकाओं के लिए तैयार और उत्सुक हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का कार्यान्वयन इन सभी महिलाओं के जीवन में एक बड़ा अवसर साबित होगा। प्रधानमंत्री ने कहा, ''पंचायत से संसद तक की यात्रा सुगम होने वाली है। विकसित भारत की यात्रा में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए, प्रधानमंत्री ने संतोष व्यक्त किया कि उनकी सरकार ने 2014 से महिलाओं के जीवन चक्र के हर चरण के लिए योजनाएं बनाई हैं। महिला सशक्तिकरण के लिए उनकी आर्थिक भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हर निर्णय और योजना में महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी गई है जिसके परिणामस्वरूप महिलाएं आर्थिक तौर पर ज्यादा मजबूत हुई हैं। प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप क्रांति में महिलाओं के नेतृत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पंजीकृत स्टार्टअप में से 45 प्रतिशत से अधिक में कम से कम एक महिला निदेशक के रूप में कार्यरत है। उन्होंने कहा, ''वर्षों पहले शुरू किए गए स्किल इंडिया मिशन के परिणाम अब हजारों ड्रोन दीदियों के माध्यम से दिखाई दे रहे हैं, जो प्रौद्योगिकी के माध्यम से आधुनिक खेती सिखाकर कृषि में क्रांति ला रही हैं। श्री मोदी ने कहा कि महिला-केंद्रित विकास विजन ने पुरानी सोच को चुनौती दी है और महिलाएं आज उन सेक्टरों में भी ऊंचाइयों को छू रही हैं जिन्हें कभी पुरुषों का गढ़ माना जाता था। भारतीय बेटियां लड़ाकू पायलट बन रही हैं और आसमान को छू रही हैं। श्री मोदी ने कहा, ''विश्व के किसी भी देश की तुलना में भारत में महिला पायलटों का प्रतिशत सबसे अधिक है। श्री मोदी ने देश की हर मां, बहन और बेटी को आश्वस्त किया कि राष्ट्र उनकी आकांक्षाओं को समझता है और उनके सपनों को साकार करने के लिए हर आवश्यक कदम उठा रहा है। देश की नारी शक्ति ने कड़ी मेहनत, साहस और आत्मविश्वास के बल पर नई ऊंचाइयों को छुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''हमें सामूहिक रूप से इस शक्ति को नई ऊर्जा प्रदान करनी चाहिए और उनके लिए अवसरों का विस्तार करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने एक विशेष अपील के माध्यम से महिलाओं से आग्रह किया कि वे नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम की चर्चा को व्यक्तिगत मुलाकातों और सोशल मीडिया के माध्यम से देश के हर गांव तक पहुंचाएं। देश को इस महत्वपूर्ण निर्णय के बारे में हर महिला को जागरूक करना होगा ताकि वे इसकी शक्ति को समझ सकें, अपनी भूमिका को जान सकें और आने वाले समय में राज्यों से लेकर देश की संसद तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का स्पष्ट रूप से सपना देख सकें। उन्होंने निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी को उज्जवल भविष्य की गारंटी बताते हुए कहा, ''आइए हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि नारी शक्ति को उनके अधिकार प्राप्त हों और वे निर्णय लेने की प्रक्रिया में पूर्ण भागीदार बनें - यही हमारे उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी गारंटी है।''

## श्रमिकों के लिए उचित...

सरकार उद्यमियों को सुरक्षा देगी और प्रत्येक श्रमिक को संरक्षण प्रदान करेगी। उन्हें उचित मानदेय भी सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने गत वर्ष ही एक आउटसोर्सिंग कॉरपोरेशन का गठन किया था और इसी महीने उसकी सिफारिशें लागू होने जा रही हैं। आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों को न्यूनतम मानदेय की गारंटी दी जाएगी, जो सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की जाएगी। दूसरी ओर मुख्यमंत्री के निर्देश पर गौतमबुद्ध नगर में उत्पन्न औद्योगिक असामंजस्य की स्थिति के मद्देनजर गठित उच्चस्तरीय समिति सोमवार को ही नोएडा पहुंच गई है। समिति घटना से जुड़े सभी पक्षों के साथ प्रभावी संवाद कर औद्योगिक सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाने का काम करेगी। इस समिति के अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार होंगे। समिति में अपर मुख्य सचिव सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग आलोक कुमार और प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन विभाग डा. एमके शन्मुगा सुंदरम को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इसके अतिरिक्त सदस्य सचिव के रूप में कानपुर से श्रम आयुक्त को सम्मिलित किया गया है। समिति में श्रमिक संगठनों के पांच प्रतिनिधि एवं उद्यमी संघों के तीन प्रतिनिधि भी सदस्य के रूप में शामिल हैं। दोषियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाईः राजीव कृष्णउधर, मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के डीजीपी राजीव कृष्ण व एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश लखनऊ से लगातार नोएडा के हालात पर नजर बनाए रहे। दोनों अधिकारियों ने डीजीपी मुख्यालय में बने कंट्रोलरूम से नोएडा में हो रहे घटनाक्रम पर पल-पल नज़र बनाए रखी। घटनाक्रम की समीक्षा के बाद डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि नोएडा में श्रमिकों को भड़काने वाले तत्वों की जांच होगी। उन्हें चिन्हित किया जाएगा। मामले में शामिल हुए बाहरी तत्वों की पहचान के निर्देश दिए गए हैं। कुछ लोगों की पहचान कर ली गई है। उन्होंने कहा कि ऐसे अराजकतत्वों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## मजदूरों का प्रदर्शन हिंसक...

निशाना बनाना शुरू कर दिया। नोएडा सेक्टर 62 स्थित मदरसन ग्रुप की फैक्ट्री के बाहर प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने जमकर हंगामा किया। गाड़ियों के शीशे तोड़े गए, कई वाहनों में आग लगा दी गई और पुलिस पर पथराव भी किया गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का कहना है कि इस बार उनकी वेतन बढ़ोतरी मात्र ढाई सौ से तीन सौ रुपये किया गया, जो महंगाई के मुकाबले बेहद कम है। उनकी मांग है कि न्यूनतम वेतन अठारहऽबीस हजार रुपये प्रति माह तय किया जाए। मजदूरों का आरोप है कि वर्तमान में नोएडा की फैक्ट्रियों में औसत वेतन 10-15 हजार रुपये के बीच है, जो जीवन यापन के लिए पर्याप्त नहीं है। वहीं, एनसीआर क्षेत्र में निर्माण कार्य से जुड़े मजदूरों को लगभग 700 रुपये प्रतिदिन मिलते हैं, जो महीने में करीब 21 हजार रुपये के बराबर होता है। जानकारी के मुताबिक, हजारों की संख्या में कर्मचारी पिछले कई दिनों से शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन आज स्थिति अचानक बेकाबू हो गई। कई औद्योगिक क्षेत्रों में कंपनियों के बाहर तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं। घटनाओं के बाद पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और हालात पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नोएडा जैसे बड़े औद्योगिक केंद्र में इस तरह के हिंसक प्रदर्शन से औद्योगिक शांति पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन अब मजदूरों और कंपनी प्रबंधन के बीच बातचीत के जरिए समाधान निकालने की कोशिश कर रहा है।

## खुदरा महंगाई मार्च ...

की गरी (46 प्रतिशत), टमाटर (36 प्रतिशत) और फूल गोभी (34 प्रतिशत) शामिल हैं। जिन पांच वस्तुओं के दाम सबसे अधिक गिरे वे हैं - प्याज (28 प्रतिशत), आलू (19 प्रतिशत), लहसुन (10 प्रतिशत), तुअर दाल (10 प्रतिशत) और मटर (आठ प्रतिशत)। सोने-चांदी के दाम में भारी बढ़ोतरी के कारण निजी प्रसाधन, सामाजिक सुरक्षा और अन्य वस्तु एवं सेवा वर्ग में मुद्रास्फीति 18.65 फीसदी दर्ज की गयी। माल परिवहन 7.55 प्रतिशत, पान एवं तंबाकू उत्पाद 5.22 प्रतिशत और माध्यमिक शिक्षा 4.07 प्रतिशत महंगी हुई।

## भारत सरकार...

सहयोग किया, जिससे हालात को संभालने में मदद मिली। उनके मुताबिक, भारत और ईरान के रिश्ते मजबूत और भरोसे पर आधारित हैं, जो संकट के समय और भी स्पष्ट हो जाते हैं। इस दौरान ईरानी राजदूत ने यह भी साफ किया कि होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले भारतीय टैंकरों से ईरान कोई टोल वसूल नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस मुश्किल समय में ईरान और भारत के रिश्ते अच्छे बने हुए हैं और दोनों देशों के बीच सहयोग जारी है। राजदूत के मुताबिक, ईरान और भारत के बीच साझा हित और साझा भविष्य है, इसलिए दोनों देश एक-दूसरे के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने अमेरिकी के तरफ से होर्मुज में नाकाबंदी के एलान पर भी कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ईरान के लिए कूटनीति (डिप्लोमेसी) भी एक तरह का संघर्ष ही है। यह उनके देश के रक्षकों की लड़ाई का ही हिस्सा है। उन्होंने अमेरिका पर निशाना साधते हुए कहा कि ईरान ने अमेरिका के पुराने वादाखिलाफी और गलत इरादों को न तो भूला है और न ही भूलेगा। उनका कहना था कि ईरान को अमेरिका के साथ अपने पिछले अनुभवों से बहुत कुछ सीखने को मिला है। डॉ. फथाली ने आगे कहा कि हाल ही में हुए 12 दिन के युद्ध के दौरान ईरान बातचीत (नेगोशिएशन) की प्रक्रिया में था, लेकिन इसी बीच इस्राइल और अमेरिका ने और बड़े पैमाने पर हमले शुरू कर दिए। इसके साथ ही फथाली ने आगे कहा कि युद्ध शुरू होने से पहले होर्मुज पूरी तरह खुला था और वहां सामान्य स्थिति थी। उन्होंने आरोप लगाया कि ईरान पर 12 दिनों तक हमला किया गया, जिसके बाद युद्धविराम (सीजफायर) की बात की गई। राजदूत के मुताबिक, एक तरफ बातचीत (नेगोशिएशन) की बात होती रही, वहीं दूसरी तरफ हमले भी जारी रहे। फथाली ने यह भी कहा कि हमलों में स्कूलों और अस्पतालों को निशाना बनाया गया, जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान के अधिकार क्षेत्र (टेरिटोरियल वॉटर) में आता है और यह उनके लिए बेहद अहम है।

## यूपी कैबिनेट विस्तार...

महिलाओं के लिए नई योजनाएं और प्रतिनिधित्व बढ़ाना और पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) नैरेटिव का काउंटर , राष्ट्रवाद, हिंदुत्व और कानून-व्यवस्था पर जोर शामिल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त कार्यशैली भी इस रणनीति का अहम हिस्सा मानी जा रही है।सरकार की ओर से भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस, माफिया पर बुलडोजर कार्रवाई और प्रशासनिक सख्ती को लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। साथ ही जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की शिकायतों पर त्वरित सुनवाई भी सुनिश्चित की जा रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह कैबिनेट विस्तार केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि पूरी तरह चुनावी रणनीति का हिस्सा है। जातीय, क्षेत्रीय और संगठनात्मक संतुलन बनाते हुए भाजपा 2027 के चुनाव में मजबूत बढ़त बनाने की तैयारी में है। महाराष्ट्र के वरिष्ठ नेता विनोद तावड़े का उत्तर प्रदेश दौरा पार्टी की आगामी रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। तावड़े लंबे समय से उत्तर प्रदेश की राजनीति में सक्रिय रहे हैं और उन्होंने प्रदेश पदाधिकारियों के साथ आगामी अभियानों को लेकर विस्तृत चर्चा की है। मंत्रिमंडल विस्तार और कार्यकर्ताओं के समायोजन जैसे बड़े फैसले केंद्रीय नेतृत्व द्वारा ही लिए जाते हैं. इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है ताकि चुनावी तैयारी मजबूत हो सके।

# मुख्यमंत्री धामी ने खुद संभाली झाड़ू स्वच्छता के लिए लोगों को किया प्रेरित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार सुबह बल्लूपुर चौक में नगर निगम की ओर से आयोजित 'स्वेच्छा से स्वच्छता' अभियान में भाग लेकर स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने स्वयं झाड़ू उठाकर सफाई की और आमजन को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 'स्वच्छता केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है,इसके लिए हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी जरूरी है।' उन्होंने कहा कि जब तक लोग स्वेच्छा से अपने घर,गली और शहर की सफाई को अपनी जिम्मेदारी नहीं समझेंगे,तब तक स्थायी बदलाव संभव नहीं होगा। उन्होंने निगम,देहरादून के इस प्रयास




की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के अभियान समाज में सकारात्मक सोच विकसित करते हैं और इन्हें नियमित रूप से जारी रखा जाना चाहिए,ताकि स्वच्छता एक आदत के रूप में जनजीवन का हिस्सा बन सके। निगम की ओर 7 से 13 अप्रैल 2026 तक चलाए गए इस विशेष अभियान का उद्देश्य शहर को स्वच्छ,सुंदर और स्वस्थ बनाना है। अभियान के तहत विभिन्न वार्डों में व्यापक स्तर पर सफाई,कूड़ा निस्तारण और जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की गईं,जिससे नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी का भाव मजबूत हो। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी,खजान दास,राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट,मेयर सौरभ थपलियाल,विधायक सविता कपूर,संगठन महामंत्री अजेय कुमार सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

# पंजाब विधानसभा में पास हुआ बेअदबी पर देश का सबसे सख्त कानून

## 25 लाख जुर्माने से लेकर उम्रकैद तक की होगी सजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा के सत्र में बेअदबी की घटनाओं को रोकने के लिए अहम विधेयक सदन में पास कर दिया गया। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस बिल को विधानसभा में पेश किया। जिसके बाद इसे लेकर बहस भी शुरू हुई। सीएम ने शुरुआत में ही विपक्ष से अपील की कि वह वॉक आउट न करे और इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा में भाग ले। बिल पेश होने के बाद सदन में इस पर विचार-विमर्श शुरू हुआ। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सदन में बेअदबी विधेयक पर हुई बहस का जवाब देते हुए कहा कि अब तक 80 से 90 प्रतिशत मामलों में आरोपियों को मानसिक रूप से बीमार बताकर मामला कमजोर कर दिया जाता रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नए विधेयक में इस पहलू को ध्यान में रखते हुए प्रावधान किया गया है और ऐसे मामलों में आरोपी की मानसिक स्थिति की जांच करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस कानून में उम्रकैद का मतलब सिर्फ कुछ साल की सजा नहीं, बल्कि दोषी के जीवन के अंतिम समय तक जेल में रहना होगा। उन्होंने कहा कि इस विधेयक में कस्टोडियन की भी स्पष्ट परिभाषा दी जाएगी, ताकि जिम्मेदारी तय हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि यह एक राज्य का विधेयक है, इसलिए इसे राष्ट्रपति के पास भेजने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही उन्होंने जोर दिया कि राज्यपाल से इस बिल को मंजूरी दिलवाना सरकार और विपक्ष दोनों की संयुक्त जिम्मेदारी है, और इसके लिए सभी दल एक साथ प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री ने सदन में यह भरोसा भी दिया कि यह बिल बार-बार विधानसभा में लाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि उनकी पार्टी इस बिल का समर्थन करती है, लेकिन उनकी मांग है कि इस मामले की जांच के लिए बनी कमेटी की रिपोर्ट पहले सदन में पेश की जाए।

# बॉक्सर हत्याकांड में फरार अपराधी चंडीगढ़ से गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। बॉक्सर की सनसनीखेज हत्या के मामले में फरार चल रहे घोषित अपराधी को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान गांव खरखौदा, जिला सोनीपत (हरियाणा) निवासी विकास दहिया उर्फ सोनू उर्फ ठेकेदार (42) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपित लंबे समय से फरार था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने सोमवार को बताया कि आरोपित का मुख्य मकसद पुरानी रंजिश के चलते अपने प्रतिद्वंद्वी बॉक्सर विकास डागर उर्फ भिंडा की हत्या करना था। आरोपित ने अपने साथियों के साथ मिलकर साजिश रची और वारदात के दिन खुद मुख्य हमलावर बनकर कई राउंड फायरिंग की, जिससे बॉक्सर की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस उपायुक्त के अनुसार यह घटना 30 जुलाई 2025 को बाबा हरिदास नगर इलाके में हुई थी, जहां बॉक्सर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में एफआईआर संख्या 243/2025 धारा 103(1)/3(5)/209 बीएनएस व 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत बाबा हरिदास नगर थाने में मामला दर्ज किया गया था। वारदात के बाद आरोपित फरार हो गया था और 18 अक्टूबर 2025 को अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई थी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर इंस्पेक्टर विनोद यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी सर्विलांस और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपित की लोकेशन चंडीगढ़ में ट्रेस की और योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# उपराज्यपाल तरणजीत सिंह संधू सर गंगा राम अस्पताल के स्थापना दिवस समारोह में हुए शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल तरणजीत सिंह संधू सोमवार को सर गंगा राम अस्पताल के 71वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र के भविष्य और भूमिका पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। सर गंगा राम अस्पताल के 71वें स्थापना दिवस पर उपराज्यपाल ने कहा कि सर गंगा राम एक महान इंजीनियर और दूरदर्शी परोपकारी व्यक्ति थे जिनकी विरासत सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक बनी हुई है। 'गुरु का बाग मोर्चा' आंदोलन के साहसी समर्थन से लेकर देखभाल के स्थायी संस्थानों के निर्माण तक उनका जीवन ''सेवा'' का एक प्रमाण था। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवा एक अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र बनकर उभरेगा, खासकर तब जब दुनिया के कई विकसित



देश तेजी से वृद्ध हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसके विपरीत भारत एक युवा देश है, जहां औसत आयु लगभग 28 वर्ष है और 50 प्रतिशत से अधिक आबादी इससे कम उम्र की है। उपराज्यपाल तरणजीत सिंह संधू ने कहा कि सर गंगाराम का पंजाब के साथ बहुत संबंध है और मेरे परिवार के साथ बहुत सहयोग है। मेरे बेटे का जन्म भी इसी अस्पताल में हुआ था। आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवा बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही है। भारत सबसे युवा देशों में से एक है इसलिए यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि उसके स्वास्थ्य कर्मचारी कुशल हों। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कथन 'वैश्विक भलाई के लिए युवा' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह देखकर खुशी होती है कि यह संस्थान प्रधानमंत्री के अनुरूप, सुलभ और समावेशी स्वास्थ्य सेवा के प्रति गहरी प्रतिबद्धता के साथ नैदानिक उत्कृष्टता को संतुलित करके उनके मूल्यों को कायम रख रहा है। यदि भारत स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करता है और स्वास्थ्य कर्मियों के कौशल में सुधार करता है, तो यह वैश्विक स्तर पर बड़ा बदलाव ला सकता है। संधू ने कहा कि केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि विशेष रूप से स्वास्थ्य क्षेत्र में कौशल-आधारित प्रशिक्षण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे दुनिया में उम्रदराज आबादी बढ़ेगी, सहायक स्वास्थ्य सेवाओं की मांग भी तेजी से बढ़ेगी। उन्होंने सर गंगा राम अस्पताल की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान स्वास्थ्य सेवाओं को आगे बढ़ाने और कौशल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# पंजाब विधानसभा ने आशा भोसले और मथुरा नौका हादसे में जान गंवाने वाले तीर्थयात्रियों को श्रद्धांजलि दी

चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा ने सोमवार को पार्श्व गायिका आशा भोसले, मथुरा में नाव पलटने की घटना में जान गंवाने वाले तीर्थयात्रियों और राज्य के पूर्व वित्त मंत्री लाल सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। पंजाब विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान सदन ने भोसले को याद किया, जिनका रविवार को मुंबई के एक अस्पताल में 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। भोसले के अलावा सदन ने कांग्रेस नेता लाल सिंह को भी श्रद्धांजलि दी, जिनका 28 मार्च को निधन हो गया था। सदन ने 10 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के मथुरा में यमुना नदी में एक नाव के पलटने से जान गंवाने वाले 13 तीर्थयात्रियों को भी श्रद्धांजलि दी। इनमें ज्यादातर लोग पंजाब से थे। श्रद्धांजलि के दौरान दिवंगत लोगों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा गया।

# डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन और कार्यों पर विचार गोष्ठी

हरिद्वार। एसएमजेएन महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर 'डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के जीवन और कार्य' विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बत्रा ने कहा कि डॉ अम्बेडकर ने न केवल भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि आधुनिक भारत के सामाजिक एवं वैचारिक ढांचे की भी मजबूत नींव रखी। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात कर वे अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

# नारी शक्ति केवल समाज की आधारशिला ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सबसे सशक्त प्रेरणा भी: संजय सरावगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित किया। प्रधानमंत्री के उद्‌बोधन को सुनने का बाद बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि पीएम मोदी ने अपने संबोधन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के साकार रूप का वर्णन किया है। उन्होंने इस अधिनियम के जरिए सरकार की नारी शक्ति के प्रतिनिधित्व देने की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नारी शक्ति केवल समाज की आधारशिला ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सबसे सशक्त प्रेरणा भी है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसी संकल्प का साकार




रूप है, जो महिलाओं को समान अधिकार और राजनीतिक भागीदारी में सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक के माध्यम से महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व में अधिक अवसर प्रदान करना, वास्तव में लोकतंत्र को और अधिक समावेशी, सशक्त और प्रगतिशील बनाने का कार्य करेगा। यह पहल न केवल महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाएगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए नए आयाम स्थापित करेगी। संजय सरावगी ने कहा कि राज्यसभा और लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पेश किया। कांग्रेस इसे 30 वर्षों तक पारित नहीं कर पाई। यह प्रधानमंत्री की दृढ़ इच्छाशक्ति है कि महिलाओं को भी कानून बनाने में समान भागीदारी मिलनी चाहिए। इसलिए, 16 से 18 तारीख तक लोकसभा और राज्यसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि सर्वसम्मति से यह संशोधन विधेयक पास हो। इस सम्मेलन में प्रदानमंत्री के विचारों को सुनने के लिए बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में विशेष इंतजाम किए गए थे।

# अशोक विहार में युवक की हत्या का खुलासा दो नाबालिग दबोचे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तर पश्चिमी जिले के अशोक विहार के पिकनिक हट पार्क में 6 अप्रैल को हुई हत्या के मामले को क्राइम ब्रांच ने सुलझाते हुए दो नाबालिग आरोपियों को पकड़ा है। जिनकी पहचान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की गई। दोनों आरोपित वारदात के बाद से फरार चल रहे थे और मुकरबा चौक फ्लाईओवर के पास से दबोचे गए। पुलिस तीसरे नाबालिग आरोपित की तलाश में जुटी है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज ने सोमवार को बताया कि छह अप्रैल की शाम अशोक विहार स्थित पिकनिक हट पार्क में एक युवक की बेरहमी से चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस उपायुक्त के अनुसार क्राइम ब्रांच की नॉर्दर्न रेंज-1 टीम को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई। टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें कुछ संदिग्ध युवक नजर आए। फुटेज के आधार पर उनकी पहचान की गई और उनकी तलाश शुरू की गई। पुलिस उपायुक्त के अनुसार 12 अप्रैल को पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि हत्या में शामिल दो आरोपित मुकरबा चौक फ्लाईओवर के पास किसी साथी से पैसे लेने आने वाले हैं। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर अजय शर्मा के नेतृत्व में टीम ने जाल बिछाया। दोपहर करीब 2 बजे दोनों संदिग्ध वहां पहुंचे, जिन्हें मुखबिर की निशानदेही पर तुरंत पकड़ लिया गया।

# महिलाओं को सशक्त नेतृत्व की दिशा देगा नारी शक्ति वंदन अधिनियम: रेखा आर्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश के लोकतांत्रिक इतिहास में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। यह कानून महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में सशक्त और प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करेगा।

मंत्री रेखा आर्या सोमवार को धर्मनगरी में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर पहुंचीं मंत्री रेखा आर्य ने एक होटल मे प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वर्चुअल संबोधन भी सुना। मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि महिलाओं को राजनीतिक आरक्षण देने का विषय पिछले चार दशकों से चर्चा में रहा है। वर्ष 2010 में यह विधेयक




राज्यसभा से पारित हुआ था, लेकिन लोकसभा में लंबित रह गया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 16 से 18 अप्रैल तक प्रस्तावित विशेष संसद सत्र को इस अधिनियम के संदर्भ में ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण बताया। रेखा आर्य ने कहा कि इस अधिनियम के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। इससे महिलाएं न केवल नीति निर्माण में भागीदारी करेंगी, बल्कि निर्णय लेने में भी अग्रणी भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि इससे नीतियां अधिक संवेदनशील और समावेशी बनेंगी तथा महिलाओं से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अब नारी केवल अपेक्षा करने वाली नहीं, बल्कि निर्णय लेने वाली और समाज को दिशा देने वाली सशक्त शक्ति के रूप में उभर रही है। उन्होंने कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है, इस विचार के साथ समाज में नारी सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता लगातार बढ़ रही है।

आज की महिला शिक्षा, विज्ञान, राजनीति और खेल सहित हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रही है और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। कार्यक्रम में राज्यमंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रीता चमोली, जिलाध्यक्ष भाजपा आशुतोष शर्मा, जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा एवं नीतीश वालिया सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिहार में सियासी हलचल तेज, अगले 48 घंटे अहम, राज्यपाल ने डीएम को बुलाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार की राजनीति में इन दिनों हलचल अपने चरम पर है और आने वाले 48 घंटे बेहद निर्णायक माने जा रहे हैं। नई सरकार के गठन और शपथ ग्रहण समारोह को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेजी से चल रही हैं। इसी कड़ी में बिहार के राज्यपाल ने पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम को सोमवार सुबह लोकभवन तलब किया, जिससे यह संकेत मिल रहे हैं कि शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बिहार में 14 अप्रैल को प्रस्तावित कैबिनेट की अहम बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जा सकते हैं। इस बैठक को नई सरकार के गठन की दिशा में एक निर्णायक कदम माना जा रहा है। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री आवास 1 अण्णे मार्ग पर भी राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।



जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के कई वरिष्ठ नेता और मंत्री वहां पहुंचे, जिनमें कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह और मंत्री विजय चौधरी शामिल हैं। मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि पूरी प्रक्रिया पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार सुचारू रूप से चल रही है और किसी प्रकार की कोई बाधा नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री स्वयं पूरी प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं। उधर, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी अपनी रणनीति को अंतिम रूप देने में जुटी है। भाजपा विधायक दल के नेता के चयन के लिए 14 अप्रैल को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान पटना पहुंचेंगे। पार्टी ने उन्हें इस प्रक्रिया के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इस बीच राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा भी जोर पकड़ रही है कि नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री भी शामिल हो सकते हैं। हालांकि, इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063